मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 26.2 | 18.9 |
| जमशेदपुर | 24.1 | 14.6 |
| डालटनगंज | 27.8 | 16.1 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



मणिकर्णिका घाट

www.lagatar.in | शुक्रवार 22 मार्च 2024 ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 12, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 334 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


### कांग्रेस पार्टी ने बैंक खातों को 'फ्रीज' करने के मुद्दे पर साधा निशाना

# देश में लोकतंत्र 'फ्रीज' कर दिया गया है : राहुल

भाषा। नयी दिल्ली

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने पार्टी के बैंक खातों को 'फ्रीज' (लेनदेन पर रोक) किए जाने के मुद्दे पर गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा. उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री द्वारा कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है. सोनिया गांधी ने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव में समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस को उसके बैंक खातों के इस्तेमाल की अनुमति दी जानी चाहिए. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि कांग्रेस को बराबर धरातल पर चुनाव लड़ने से रोकने के लिए सत्तापक्ष की तरफ से यह 'खतरनाक खेल' खेला जा रहा है.

- कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाने के सुनियोजित प्रयास में पीएम : सोनिया गांधी
- सत्तापक्ष की तरफ से यह 'खतरनाक खेल' खेला जा रहा : खरगे



पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि देश में लोकतंत्र नहीं बचा है और कांग्रेस पार्टी के खातों को नहीं बल्कि लोकतंत्र को 'फ्रीज' कर दिया गया है. कांग्रेस के तीन शीर्ष नेताओं ने उस समय एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया है, जब गत 13 मार्च को दिल्ली उच्च न्यायालय ने आयकर अपीलीय अधिकरण के उस आदेश को बरकरार रखा था, जिसमें 100 करोड़ रुपये से अधिक के बकाया कर की वसूली के लिए कांग्रेस पार्टी को आयकर विभाग की ओर से जारी नोटिस पर रोक लगाने से इनकार कर दिया गया था. हालांकि, उच्च न्यायालय ने पार्टी को तब नये स्थगन आवेदन के साथ आईटीएटी का रुख करने की स्वतंत्रता दी, जब उसके ध्यान में लाया गया कि बैंक ड्राफ्ट के नकदीकरण के बाद आयकर विभाग द्वारा 65.94 करोड़ रुपये की राशि पहले ही वसूल की जा चुकी है. सोनिया गांधी ने कहा, प्रधानमंत्री द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है. जनता से एकत्रित धन को रोका जा रहा है और हमारे खातों से जबरन पैसा छीना जा रहा है. इन सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी हम चुनाव अभियान की प्रभावशीलता को बनाए रखने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं.

## निश्चित हार को देख हताश कांग्रेस बहाने बना रही: भाजपा

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने बैंक खातों को ''फ्रीज'' करने के कांग्रेस के आरोपों को गुरुवार को खारिज कर दिया और दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में आसन्न हार को देखते हुए वह पूरी तरह से हताशा में बहाने बना रही है. भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर इस मुद्दे पर झूठ बोलने का आरोप लगाया व सोनिया गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि दोनों ने अपनी टिप्पणियों से वैश्विक स्तर पर भारतीय लोकतंत्र को शर्मसार किया है. प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस ने समय पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया, जिसके कारण उसके खाते फ्रीज किए गए. भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस के आरोपों पर कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में 'ऐतिहासिक हार' की आशंका को देखते हुए उसका शीर्ष नेतृत्व भारतीय लोकतंत्र पर भड़ास निकाल रहा है.



## दिल्ली के सीएम केजरीवाल को ईडी ने किया गिरफ्तार



**नयी दिल्ली।** \प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में गुरुवार की रात दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा केजरीवाल को एजेंसी की किसी दंडात्मक कार्रवाई से राहत देने से इनकार करने के कुछ ही घंटों बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया. उन्हें शुक्रवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) विशेष अदालत में पेश किया जाएगा. पद पर रहने के दौरान किसी मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी का यह पहला मामला है. अधिकारियों ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश के शीघ्र बाद ईडी की एक टीम उनके आवास पर पहुंची और तलाशी ली. इसके बाद, केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया. इससे पहले दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राहत देने से इनकार करने के कुछ घंटों बाद ईडी की एक टीम गुरुवार शाम यहां उनके आवास पर तलाशी लेने पहुंची थी. - शेष पेज 7 पर

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 61,900 |
| चांदी (किलो) | 77,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### पूर्व सीएम हेमंत की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी गई है.



अब वे 4 अप्रैल तक होटवार जेल में ही रहेंगे. ईडी कोर्ट में न्यायिक हिरासत की अवधि पूरी होने पर गुरुवार को उनकी पेशी हुई. बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पीएमएलए की विशेष अदालत में उन्हें पेश किया गया था.

#### छह माह में बैंकों के एनपीए में कमी आई

**नयी दिल्ली।** भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों (पीएसबी) की गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में पिछले छह माह में कमी आई है. फिक्की-आईबीए बैंकर के गुरुवार को जारी सर्वेक्षण में कहा गया है कि इस अवधि में निजी क्षेत्र के 67 प्रतिशत बैंकों का खराब ऋण घटा है. सर्वेक्षण में शामिल 77 प्रतिशत बैंकों के एनपीए में पिछले छह माह में गिरावट आई है. निजी क्षेत्र के बैंकों की तुलना में सरकारी बैंकों की संपत्ति की गुणवत्ता में अधिक सुधार हुआ है. उद्योग मंडल फिक्की-आईबीए बैंकर्स सर्वेक्षण का 18वां दौर जुलाई से दिसंबर, 2023 की अवधि में किया गया था.

#### जयपुर में बिहार के पांच लोग जिंदा जले

**पटना/जयपुर।** जयपुर के विश्वकर्मा थाना क्षेत्र के जैसल्या गांव में घर में आग लगने से एक ही परिवार के पांच लोग जिंदा जल गये. मरने वालों में बिहार के रहने वाले माता-पिता और उनके तीन बच्चे शामिल हैं. घटना के संबंध में बताया जाता है कि बुधवार को घर में रखे सिलेंडर में आग लगने के बाद विस्फोट हो गया. इस विस्फोट ने पूरे घर को अपनी आगोश में ले लिया. इस अगलगी में घर में एक ही परिवार के पांच लोग जिंदा जल गये. सभी बिहार के थे, लेकिन जयपुर में रहते थे.

- पेज 11 भी देखें

#### नए सिरे से बांटे गए वामपंथी उग्रवाद क्षेत्र

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 10 राज्यों में वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से प्रभावित जिलों को नए सिरे से वर्गीकृत किया है, क्योंकि पिछले नौ वर्ष में इनकी संख्या लगभग आधी रह गई है. अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों ने संबंधित पुलिस महानिदेशकों के साथ साझा की गई सूची के बारे में बताया कि 10 राज्यों में कुल 38 जिलों को एक अप्रैल, 2024 से वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जबकि 2015 में यह संख्या 75 थी.

### बड़ी कार्रवाई : दारोगा मीरा सिंह के घर पर ईडी की छापेमारी

# 15 लाख रुपये नकद व 8 मोबाइल बरामद

सौरभ सिंह। रांची

जमीन घोटाला मामले में की जांच के क्रम में तुपुदाना थाना प्रभारी मीरा सिंह और उनके करीबी जमीन कारोबारी सह कांग्रेस के प्रदेश सचिव लाल मोहित नाथ शाहदेव के तुपुदाना स्थित आवास पर ईडी ने गुरुवार सुबह एकसाथ छापेमारी की. छापेमारी के दौरान ईडी की टीम ने दारोगा मीरा सिंह के आवास से 15 लाख रुपये नगद और 8 मोबाइल फोन बरामद किये हैं. हालांकि आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं हो पायी है. देर शाम तक ईडी की टीम दोनों के घरों की तलाशी लेती रही. तलाशी के दौरान ईडी की टीम को जमीन-जायदाद से संबंधित दस्तावेज सहित कई आपत्तिजनक दस्तावेज मिले हैं. साथ ही बैंक खातों के बारे में पता चला है, जिसकी जांच की जा रही है.

**डीजीपी के आदेश पर भारी पड़ी थीं थाना प्रभारी मीरा :** बता दें कि मीरा सिंह 2012 बैच की दारोगा हैं. उनके बारे में बताया जाता है कि वह सत्ता शीर्ष की काफी करीबी रही हैं. पुलिस विभाग में भी उनका काफी दबदबा है. उनकी पकड़ का अंदाजा इसी बात लगाया जा सकता है कि छह माह पहले डीजीपी ने उनका तबादला रांची से हजारीबाग के पीटीसी, पदमा कर दिया था. लेकिन थाना प्रभारी मीरा सिंह डीजीपी के आदेश पर भी भारी पड़ गयी थीं. तबादले होने के एक सप्ताह के दौरान ही डीजीपी को अपने आदेश को विलोपित करना पड़ा था.

#### दारोगा के करीबी जमीन कारोबारी सह कांग्रेस नेता के यहां भी छापा





- जमीन घोटाला मामले की जांच के क्रम में छापे में मिले जमीन के कई दस्तावेज

**15 हजार रुपये घूस लेते एसीबी ने किया था गिरफ्तार**

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने 25 फरवरी 2021 को मीरा सिंह को 15 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया था. जानकारी के अनुसार, मीरा सिंह ने दुष्कर्म के आरोपी को बचाने के लिए 50 हजार रुपये रिश्वत मांगी थी. पहली किश्त में 15 हजार की मांग की थी. पहली किश्त की राशि रिश्वत लेते वक्त ही एसीबी की टीम ने उन्हें रंगेहाथों धर दबोचा था.

### पहला मुकाबला आज रात 8 बजे चेन्नई और बेंगलुरु के बीच

# आईपीएल-17 आज से

**क्रिकेट का सबसे बड़ा रोमांच...**

भाषा। चेन्नई

अगर आप क्रिकेट के फैन हैं तो मनोरंजन के महाडोज के लिए तैयार हो जाइए... आईपीएल सीजन-17 शुक्रवार से शुरू हो रहा है. शुक्रवार रात 8 बजे पहला मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा. संभवतः 66 दिन चलने वाले क्रिकेटोत्सव में 10 टीमें कुल 74 मैच खेलेंगी. 26 मई को फाइनल संभव है.

#### इस बार क्या है खास

**नए नियमः दो बाउंसर फेंक सकेंगे...** इस बार तेज गेंदबाज एक ओवर में दो बाउंसर फेंक सकेंगे. स्मार्ट रिप्ले सिस्टम भी लागू होगा.

**समयः दिन में 3:30 व रात में 7:30...** ओपनिंग मैच रात 8 बजे से शुरू होगा, क्योंकि उससे पहले ओपनिंग सेरेमनी भी होनी है. ज्यादातर मुकाबले शाम 7:30 बजे से ही होंगे.

## एमएस धौनी ने कमान छोड़ी, ऋतुराज गायकवाड बने चेन्नई के नए कप्तान



**10 टीमें, 66 दिन, 74 मैच**

**फॉर्मेट :** हर टीम के 14 लीग मैच... टॉप-4 टीमें प्लेऑफ में पहुंचेंगी. नंबर-1 और 2 में क्वालीफायर. 3 और 4 में एलिमिनेटर. जीतने वाली टीमों के बीच फाइनल मुकाबला.

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल-2024) की शुरुआत से एक दिन पहले कप्तान बदलने की घोषणा की है. टीम को 5 बार चैंपियन बना चुके महेंद्र सिंह धौनी ने कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है. उनकी जगह 27 साल के युवा बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड टीम की कमान संभालेंगे. वे फ्रेंचाइजी के चौथे कप्तान बने हैं. इससे पहले, एमएस धौनी, सुरेश रैना और रवींद्र जडेजा टीम की कमान संभाल चुके हैं.

## 'विकसित भारत' संदेश को साझा करना फौरन बंद करें'

एजेंसी। नयी दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने केंद्र सरकार को गुरुवार को निर्देश दिया कि वह 'विकसित भारत संपर्क' के तहत व्हाट्सएप संदेश भेजना तुरंत बंद करे. दरअसल, बीते दिन बड़ी संख्या में लोगों को 'विकसित भारत संपर्क' के तहत व्हाट्सएप संदेश भेजे गए थे. इसका मकसद सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाना है. मामले की शिकायत मिलने के बाद चुनाव आयोग ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को इस संबंध में निर्देश जारी किए. चुनाव आयोग ने कहा कि यह कदम चुनाव में समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है.यह आयोग की ओर से उठाए जा रहे जरूरी कदमों का हिस्सा है. आयोग ने मंत्रालय से इस मामले पर अनुपालन रिपोर्ट भी मांगी है. इससे पहले मंत्रालय ने आयोग को सूचित किया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पत्र के साथ जारी संदेश 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले भेजे गए थे. कुछ संदेश शायद नेटवर्क संबंधी कारणों की वजह से कुछ लोगों तक देरी से पहुंचे.

### चुनावी बॉण्ड का पूरा ब्यौरा उपलब्ध कराया : एसबीआई

**नयी दिल्ली।** एसबीआई ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि उसने चुनावी बॉण्ड के संबंध में अपने पास मौजूद सारी जानकारी निर्वाचन आयोग को उपलब्ध करा दी है. शीर्ष अदालत में दाखिल एक अनुपालन हलफनामे में एसबीआई के अध्यक्ष ने कहा कि साइबर सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए राजनीतिक दलों के बैंक खाते की पूरी संख्या और केवाईसी के विवरण सार्वजनिक नहीं किए गए. बैंक के अध्यक्ष दिनेश कुमार खारा द्वारा दाखिल हलफनामे में कहा गया. इसी तरह, सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए दानदाताओं के केवाईसी विवरण भी सार्वजनिक नहीं किए गए.


## फैक्ट चेक यूनिट की अधिसूचना पर लगी रोक

एजेंसी। नयी दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट से एक बड़ी खबर आयी है. कोर्ट ने सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) संशोधन नियम 2023 (आईटी संशोधन नियम 2023) के तहत केंद्र सरकार द्वारा जारी फैक्ट चेक यूनिट (एफसीयू) की 20 मार्च की अधिसूचना के संचालन पर रोक लगा दी है. कोर्ट ने माना है कि यह अभिव्यक्ति की आजादी पर खतरा है. कोर्ट ने अधिसूचना पर तब तक के लिए रोक लगा दी है, जब तक बॉम्बे हाई कोर्ट सूचना प्रौद्योगिकी नियम संशोधन 2023 की चुनौतियों का फैसला नहीं कर लेता.

### सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला : केंद्र सरकार ने 20 मार्च को जारी की थी अधिसूचना

केंद्र सरकार ने जिस एफसीयू की अधिसूचना जारी की थी, वह प्रेस सूचना ब्यूरो के तहत एक सांविधिक संस्था थी. सोशल मीडिया पर केंद्र सरकार और उसकी एजेंसियों को लेकर डाली गयी जो जानकारी एफसीयू को झूठी लगेगी, उसे चिह्नित करने का अधिकार होगा. एफसीयू अगर फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और एक्स जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर किसी जानकारी को अगर झूठी जानकारी करार देती है ,तो वह उस जानकारी को हटाने के लिए कानूनी रूप से बाध्य होंगे. नये नियमों के तहत सिर्फ सोशल मीडिया कंपनियां ही नहीं, बल्कि इंटरनेट और टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडरों को भी उस जानकारी को ब्लॉक करना होगा.



**एफसीयू और उससे जुड़े नियमों को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है :** एफसीयू को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है. विपक्षी पार्टियों, प्रेस संगठनों सहित कई संगठन इसका विरोध कर चुके हैं. 2023 में एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया, स्टैंड-अप कॉमिक कुणाल कामरा द्वारा बॉम्बे हाई कोर्ट में इस यूनिट के लिए आईटी नियमों में किये गये संशोधनों को चुनौती दी थी. इस केस में जस्टिस गौतम पटेल और न्यायमूर्ति नीला गोखले का विभाजित फैसला सामने आया था.

जान लें कि केंद्र सरकार ने 20 मार्च को एफसीयू के गठन की अधिसूचना जारी की है. बॉम्बे हाई कोर्ट की बात करें तो एक जज द्वारा नियमों में संशोधनों पर रोक लगा दी गयी थी, जबकि एक जज ने उसे सही करार दिया था.

**प्रसंगवश**

## यह चुनाव नरेंद्र मोदी पर रायशुमारी है

आम चुनाव की दुदुंभि बज गयी है. सेनाएं सजने लगी हैं. शस्त्रागार से हथियार निकलने लगे हैं. कुछ चमकाये, कुछ लहराये जा रहे हैं. वसंत के अल्हड़ उल्लास के बीच शृंगार और हास्य-व्यंग्य की जगह रौद्र तथा वीर रस की गर्जनाएं फूटने लगी हैं. जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ेगा, ये स्वर कर्कश होते जायेंगे और किंचित वीभत्स की सीमाएं भी लांघ जायेंगे. इस बार चुनाव के केंद्र बिंदु मोदी हैं. उन्हें ही हराना, जिताना है. यह चुनाव नरेंद्र मोदी पर रायशुमारी है. पाले खिंच गये हैं. तटस्थता की कोई गुंजाइश नहीं है. दोनों तरफ अतिवाद है. फाग और चुनावी राग एक जैसे होते हैं. कोई किसी का बुरा नहीं मानता. मसलन लोकलाज, लिहाज सिरे से गायब हैं. एक से एक गलीच, झूठे आरोप लफ्फाजी की चाशनी में डुबोकर परोसे जा रहे हैं. पूरा माहौल नशीला बनाया जा रहा है. इस नशे के फव्वारों को हर चौक-चौराहे, गांव-मोहल्ले में स्थापित किया जायेगा. कोशिश होगी कि मतदाता विवेकशून्य हो जायें और झांसे में आ जायें. इसलिए नये-नये तिलिस्म गढ़े जा रहे हैं. सपने बेचे जा रहे हैं. वादे किये जा रहे हैं. हर चुनाव में यही होता है.



बैजनाथ मिश्र

वरिष्ठ पत्रकार और झारखंड के पूर्व सूचना आयुक्त

#### गारंटियां दोनों तरफ से दी जा रही हैं

**इस बार सवाल बड़ा है.** कहा जा रहा है, मोदी जीते तो फिर चुनाव नहीं होंगे. न लोकतंत्र बचेगा न संविधान. दूसरी ओर से कहा जा रहा है, मोदी नहीं जीते तो खानदानी और भ्रष्टाचारी देश बेच देंगे. गारंटियां दोनों तरफ से दी जा रही हैं. जिन्होंने गन्ने के खेत से एक गन्ना चूसने को नहीं दिया वे कोल्हुवाड़े बाल्टी भर रस पिलाने की गारंटी दे रहे हैं.

**चुनावी बांड अस्त्र बैक फायर कर सकता है :** इसी बीच चुनावी बांड को अमोघ अस्त्र के रूप में इस्तेमाल करने का मौका मिल गया है. एक तरफ से कहा जा रहा है, मोदी चंदा चोर है. चुनावी बांड बहुत बड़ा घोटाला है. उधर से पूछा जा रहा है आपलोग इस घोटाले में अपनी हैसियत के हिसाब से शरीक हैं या नहीं. गनीमत है कि चुनावी बांड से चंदा देनेवालों में अडानी-अंबानी नहीं हैं. अन्यथा गाढ़े आरोपों से भरी पिचकारियां फूहड़ जोगीरे के साथ मोदीवादियों पर बरस रही होतीं. कोई यह नहीं कह पा रहा है कि मैंने साधुओं से चंदा लिया और तुमने शैतानों से. इसलिए यह अस्त्र बैक फायर कर सकता है.

**दोधारी तलवार की तरह है सीएए का मुद्दा :** एक मुद्दा सीएए का भी है. लेकिन यह दोधारी तलवार की तरह है. बवाल खड़ा करने के लिए तो ठीक है, लेकिन इसे चुनावी मुद्दा बनाने से फायदा कम, नुकसान ज्यादा होगा. अलबत्ता सीएए हर पार्टी में लागू है. जो भी अपनी पार्टी में प्रताड़ित महसूस कर रहा हो, वह दूसरी पार्टी की नागरिकता यानी सदस्यता ले सकता है. जुगाड़ ठीक बैठा तो किसी सदन में भी जा सकता है.

**निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति का मुद्दा पका नहीं :** इसी बीच निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के मुद्दे को भी आंच दी गई. लेकिन वह पका ही नहीं. 1952 से लेकर आज तक निर्वाचन आयुक्त प्रधानमंत्री की कृपा से ही बनते रहे हैं. पहली बार एक कमेटी बनी है, जिसमें नेता प्रतिपक्ष भी हैं. - शेष पेज 7 पर

## सरकार चुनाव ही खत्म करा दे : सुप्रियो भट्टाचार्य

विशेष संवाददाता। रांची

कांग्रेस का बैंक खाता फ्रीज किए जाने को लेकर झामुमो ने भी केंद्र सरकार और भाजपा पर हमला बोला है. झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि इलेक्टोरल बांड और पीएम केयर फंड को लेकर भी केंद्र सरकार और भाजपा पर हमला बोला है. कहा कि अब सारी चीजें पब्लिक डोमेन में आ चुकी हैं. इसके बाद सरकार बौखला गयी है. पूरा देश इलेक्टोरल बांड का सच जान चुकी है. देश का मुख्य विपक्षी दल डोमोक्रेसी का अंग है. चुनाव की तिथि का एलान हो चुका है. राजनीतिक दल अपना उम्मीदवार उतारना शुरू कर दिए हैं. ऐसे वक्त में आप क्या दिखाना चाहते हैं. तमाशा ही दिखाना चाहते हैं तो घोषणा कर दीजिए कि चुनाव नहीं होगा. सारे दलों का निबंधन रद्द किया जाता है और यह सरकार आजीवन रहेगी. अब राष्ट्रपति संज्ञान लें व उन्हें केंद्र सरकार को अविलंब बर्खास्त करते हुए चुनाव आयोग को निर्देशित करना चाहिए.



## झामुमो विधायक मथुरा ने कही दिल की बात : यहां तो देकर भी ले लेता है

# वर्तमान राजनीति में परिस्थितियां बहुत तेजी से बदल रही हैं : मथुरा महतो

प्रमुख संवाददाता। रांची

झामुमो विधायक मथुरा महतो ने वर्तमान राजनीतिक हालात पर अपने दिल की बात कही है. बुधवार को गिरिडीह में उत्सव उपवन रिर्सोट हुई झामुमो की बैठक में मथुरा महतो ने खुले मन से कहा कि यहां तो देकर(टिकट) भी ले लेता है. वर्तमान राजनीतिक हालात में परिस्थितयां तेजी से बदल रही हैं. जब तक घोषणा नहीं होगी, तब तक हम उहापोह में हैं. रोज नई-नई चीजें सामने आ रही हैं. राजनीति में कल हमारे तरफ की एक विधायक चली गई. इसके तुरंत बाद हमारे गठबंधन के लोग एक नया विधायक को जोड़ लिए. एक लिए तो हम भी एक ले आए. मुझे डॉ सरफराज अहमद और सुदिव्य सोनू पिछले 20 दिनों से बोल रहे हैं तैयारी कीजिए, हम बोले कौन चीज के तैयारी करें, यहां तो दे कर भी ले लेता है.




### मथुरा ने कहा-गिरिडीह से चुनाव लड़ने को हम तैयार हैं

मथुरा महतो ने यह भी कहा कि हम गिरिडीह से चुनाव लड़ने को तैयार हैं. कहा कि वे मामूली कार्यकर्ता थे फिर विधायक बने, अब उन्हें सांसद का चुनाव लड़ने को कहा जा रहा है. जेल से भी हेमंत सोरेन ने उन्हें खबर किया कि चुनाव के लिए तैयार रहे, मैंने कहा कि तैयार हैं. पार्टी जो निर्णय ले, हम संघर्ष की पार्टी से हैं संघर्ष तो करेंगे. इस बैठक में मंत्री सह डुमरी विधायक बेबी देवी, राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, टुंडी विधायक मथुरा महतो, गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार के साथ झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह भी मौजूद थे.

**2004 में टेकलाल महतो ने हासिल की थी जीत**

गिरिडीह लोकसभा सीट पर झामुमो प्रबल दावेदार रहा है. राज्य गठन के बाद वर्ष 2004 में हुए चुनाव में झामुमो के टेकलाल महतो जीते थे. 2009 के चुनाव में उन्हें भाजपा के रविंद्र पांडेय ने हराया. टेकलाल के निधन के बाद झामुमो ने भाजपा के खिलाफ दो बार जगरनाथ को टिकट दिया, हालांकि दोनों बार उन्हें पराजित होना पड़ा. इस बार भी इंडिया गठबंधन के सीट शेयरिंग में गिरिडीह सीट झामुमो की झोली में जाने की बात कही जा रही है. यह भी कहा जा रहा है कि यहां से झामुमो के टुंडी विधायक मथुरा महतो उम्मीदवार हो सकते हैं.

# भाजपा लोकतांत्रिक व्यवस्था को तहस-नहस करने की साजिश कर रही है : कांग्रेस

विशेष संवाददाता। रांची

देश के भीतर कांग्रेस को चुनाव से दूर करने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को तहस-नहस करने की साजिश भाजपा द्वारा की जा रही है. इस कड़ी में कांग्रेस के बैंक खाते को पिछली एक माह से प्रधानमंत्री मोदी के इशारे पर फ्रीज किया गया है. यह बातें प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि भाजपा देश में अपने चरित्र के अनुसार विपक्ष को समाप्त करने की कोशिश में सारी संवैधानिक मर्यादाओं को लांघ चुकी है. प्रधानमंत्री मोदी इस दिशा में अनवरत प्रयासरत है कि चुनाव के दौरान विपक्षी नेताओं और दलों को झूठे मुकदमों में फंसाकर उलझाये रखा जाए.

**देश की 40 प्रतिशत संपत्ति अमीर घरानों के पास :** शांति ने कहा कि देश की 40 % संपत्ति और 22 % आय देश के 1 % अमीर घरानों के पास है. मोदी ऐसे लोगों को अपना पूरा संरक्षण प्रदान करते हैं.




### संवैधानिक संस्थाओं का किया जा रहा है दुरुपयोग

सारी संवैधानिक संस्थाओं ईडी,सीबीआई,आयकर विभाग आदि का जमकर दुरुपयोग किया जा रहा है. जिस तरह से सिर्फ 14 लाख रुपये के मामले में जिस पर दस हजार का फाइन हो सकता है, उसके लिए 200 करोड़ जमा करने के आदेश और बैंक अकाउंट फ्रीज किया जाना पूरी तरह से साजिश का हिस्सा है. उन्होंने कहा कि 1994-95 के मामले को जिस तरह से सामने लाया जा रहा है. उसे लगता है कि भाजपा कांग्रेस को परेशान करने के लिए अंग्रेजी हुकूमत के समय के मुकदमों को भी खंगलवा सकती है.

**कांग्रेस का खाता फ्रीज कर क्या संदेश देना चाहती है भाजपा**

उन्होंने कहा कि भाजपा ने इलेक्ट्रॉल बांड से अपने खजाने को भर लिया है और दूसरी और कांग्रेस के खाते फ्रीज करवाकर भाजपा क्या संदेश देना चाहती है.यह पूरी तरह से समझ से परे है. भाजपा इस देश में लोकतांत्रिक पद्धति की हत्या करने की कोशिश कर रही है लेकिन कांग्रेस आंखें बंद कर यह नहीं देख सकती हम इसके खिलाफ हर स्तर पर संघर्ष करेंगे.

## पिछले आठ साल में योजनाओं पर 36 हजार करोड़ खर्च बढ़ा

# राज्य सरकार के स्थापना खर्च में 20,347 करोड़ का इजाफा

प्रमुख संवाददाता। रांची

राज्य सरकार के स्थापना खर्च में साल दर साल वृद्धि हो रही है. पिछले आठ साल में स्थापना खर्च में 20,237.5 करोड़ का इजाफा हुआ है. वित्तीय वर्ष 2016-17 में राज्य सरकार का स्थापना खर्च 25,097.5 करोड़ रुपये था, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में बढ़कर 45,445 करोड़ रुपये हो गया है. इस हिसाब से 8.62 फीसदी का इजाफा हुआ है.

**योजनाओं पर 36,707 करोड़ रुपये खर्च में हुआ इजाफा :** राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के खर्च में पिछले आठ साल में 36,707.8 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है. वित्तीय वर्ष 2016-17 में योजनाओं पर 34,265.2 करोड़ रुपये की राशि खर्च की गई थी, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में बढ़कर 70,973 करोड़ रुपये हो गई है. वहीं कुल खर्च में भी 39,586.9 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है. वित्तीय वर्ष 2016-17 में राज्य सरकार का कुल खर्च 45,089.1 करोड़ रुपये था, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में बढ़कर 84676 करोड़ रुपये हो गया है.

**39,586**

*कुल खर्च में करोड़ रुपये का इजाफा*



### वेतन और पेंशन के खर्च में भी हुई वृद्धि

राज्यकर्मियों के वेतन और पेंशन के खर्च में भी वृद्धि हुई है. 2016-17 में वेतन पर 8,889 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में बढ़कर 16,643 करोड़ रुपये हो गया है. इस हिसाब से पिछले आठ साल में वेतन पर 7,754 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है. वहीं पेंशन के खर्च में 4,609.1 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है. वित्तीय वर्ष 2016-17 में पेंशन में 4,138.4 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में बढ़कर 8,747.5 करोड़ रुपये हो गया है.

**स्थापना खर्च में कितने की वृद्धि**

| वित्तीय वर्ष | खर्च( करोड़ में) |
|---|---|
| 2016-17 | 25097.5 |
| 2017-18 | 31060.4 |
| 2018-19 | 29822.5 |
| 2019-20 | 33160.1 |
| 2020-21 | 33735.0 |
| 2021-22 | 34915.1 |
| 2022-23 | 41211.8 |
| 2023-24 | 45445.0 |

**योजनाओं में खर्च में कितनी वृद्धि**

| वित्तीय वर्ष | खर्च(करोड़ में) |
|---|---|
| 2016-17 | 34265.2 |
| 2017-18 | 36646.2 |
| 2018-19 | 36065.6 |
| 2019-20 | 37572.1 |
| 2020-21 | 40118.8 |
| 2021-22 | 42949.8 |
| 2022-23 | 50426.0 |
| 2023-24 | 70973.0 |

**साल दर साल वेतन में कितनी वृद्धि**

| वित्तीय वर्ष | खर्च( करोड़ में) |
|---|---|
| 2016-17 | 8889.0 |
| 2017-18 | 10789.7 |
| 2018-19 | 12091.4 |
| 2019-20 | 12782.3 |
| 2020-21 | 12836.6 |
| 2021-22 | 13121.7 |
| 2022-23 | 13760.0 |
| 2023-24 | 16643.0 |

**पेंशन में साल दर साल कितने की वृद्धि**

| वित्तीय वर्ष | खर्च(करोड़ में) |
|---|---|
| 2016-17 | 4138.4 |
| 2017-18 | 5913.2 |
| 2018-19 | 5991.5 |
| 2019-20 | 6004.6 |
| 2020-21 | 6796.5 |
| 2021-22 | 7614.3 |
| 2022-23 | 7803.2 |
| 2023-24 | 8747.5 |

**साल दर साल ब्याज पर कितना भुगतान**

| वित्तीय वर्ष | खर्च(करोड़ में) |
|---|---|
| 2016-17 | 4172.3 |
| 2017-18 | 4661.7 |
| 2018-19 | 4852.0 |
| 2019-20 | 5307.7 |
| 2020-21 | 6094.3 |
| 2021-22 | 6286.1 |
| 2022-23 | 6738.3 |
| 2023-24 | 6787.1 |

**साल दर साल कुल खर्च में कितने की वृद्धि**

| वित्तीय वर्ष | खर्च( करोड़ में) |
|---|---|
| 2016-17 | 45089.1 |
| 2017-18 | 50952.8 |
| 2018-19 | 50630.7 |
| 2019-20 | 56456.6 |
| 2020-21 | 59263.6 |
| 2021-22 | 62777.9 |
| 2022-23 | 66681.6 |
| 2023-24 | 84676.0 |

## जेपीएससी के प्रश्न पत्र में कई गड़बड़ियां

# सीएम से मिलने पहुंचे अभ्यर्थी

संवाददाता। रांची

झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के कई अभ्यर्थी मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मिलने उनके आवास पहुंचे. अभ्यर्थी छात्र नेता मनोज यादव और इमाम सफी के नेतृत्व में मिलने पहुंचे. हालांकि सीएम से मुलाकात नहीं हो पाई. सभी अभ्यर्थी सीएम आवास के बाहर 2 घंटे तक खड़े रहे. इस बीच प्रशासन ने अभ्यर्थियों को धारा 144 और आचार संहिता लगने की बात कहीं. उन्हें वहां से जाने को कहा और भीड़ नहीं लगाने को कहा. इस संबंध में इमाम सफी ने बताया कि विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पीजी डिपार्टमेंट के परीक्षा केंद्र में दूसरे पाली में होने वाली परीक्षा में भारी गड़बड़ी हुई.

**बी सीरीज के प्रश्न पत्र में रिपीट थे प्रश्न :** इमाम शफी ने बताया कि प्रश्न पत्र के बी सीरीज के कुल 22 प्रश्न को प्रश्न पत्र में रिपीट किया गया था. प्रश्न संख्या 1 से 8 तक के प्रश्न को दोबारा प्रश्न संख्या 50 से 57 में रिपीट किया गया था. उसी तरह प्रश्न संख्या 16 से 21 के प्रश्न को प्रश्न संख्या 65 से 70 में और प्रश्न संख्या 42 से 49 के प्रश्न को प्रश्न संख्या 92 से 100 के बीच दोबारा रिपीट किया गया था. यानी प्रश्न पत्र सेट बी में एक ही प्रश्न को बार-बार दोहरा दिया गया था. प्रश्न संख्या 8 के बाद 9 नहीं फिर से 8 नंबर ही दिया गया था और 9 नंबर गायब था. प्रश्न पत्र में इस सभी खामियों को बताते हुए इमाम ने परीक्षा को रद्द करने की मांग की.

यहां बता दें कि बीते 17 मार्च को जेपीएससी की पीटी की परीक्षा ली गई थी. परीक्षा वे दिन से ही पीटी की परीक्षा विवादों में है. कुछ विवाद तो शांत हुआ है. लेकिन अब नयी गड़बड़ी सामने में आ गई है.



### एक्सपर्ट की जांच के बाद निर्णय लिया जाएगा : सचिव

झारखंड लोक सेवा आयोग के सचिव अक्षय कुमार सिंह ने कहा कि सारे का एसओपी तैयार है. बहुत जल्द आंसर की जारी किया जाएगा. आंसर की जारी करने के बाद अभ्यर्थियों से ऑबजेक्शन मांगा जाएगा. यदि कोई छात्र ऑबजेक्शन करता है तो एक्सपर्ट जांच करेंगे. उसके बाद निर्णय लिया जाएगा.

## होली में बिजली आपूर्ति दुरुस्त रखने का निर्देश

**रांची।** झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम ने होली में बिजली आपूर्ति दुरुस्त रखने का निर्देश दिया है. इसके लिए राज्य के सभी सप्लाई ऑफिसों को निर्देश भी जारी कर दिया गया है. जारी आदेश में कहा गया है कि होली में किसी तरह बिजली की कमी नहीं होनी चाहिए. टेक्निकल फॉल्ट को भी दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है. साथ ही बिजली उपकरणों की जांच, ट्रांसफॉर्मर जांच, फीडर चेकिंग करने का भी आदेश दिया गया है. ट्रांसमिशन लाइन की पेट्रोलिंग के साथ तार से सटी पेड़ों की टहनियों को भी काटने को कहा है.

## ब्रीफ खबरें

### नोटिस पर हाईकोर्ट ने लगायी रोक

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने रांची पुलिस द्वारा ईडी अधिकारियों को 41ए के तहत दिये गये नोटिस पर रोक लगा दी है. तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा दर्ज केस में ईडी अधिकारियों को 41ए का नोटिस भेजा गया था. रांची पुलिस ने ईडी अधिकारियों के साथ-साथ मीडिया समूहों को भी नोटिस भेजकर जानकारी मांगी थी. ईडी अधिकारियों ने रांची पुलिस के नोटिस के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिस पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में सुनवाई हुई. ईडी की ओर से लोक अभियोजक अमित कुमार दास ने बहस की. वहीं राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता विनीत वशिष्ठ ने बहस की.

### केंद्र सरकार ने सीता को दी जेड ग्रेड की सुरक्षा

**रांची।** जेएमएम की पूर्व विधायक सीता सोरेन को केंद्र सरकार ने जेड श्रेणी की सुरक्षा दी है. जेड श्रेणी में 22 कर्मियों की सुरक्षा होती है, जिसमें 4-6 एनएसजी कमांडो और पुलिस कर्मी शामिल होते हैं. स्पेशल ब्रांच ने जारी की थी विशिष्ठ लोगों की सुरक्षा कैटगरी झारखंड पुलिस की विशेष शाखा में राज्य सुरक्षा वर्गीकरण समिति की बैठक हुई थी. इस बैठक के दौरान झारखंड के विशिष्ट, अति विशिष्ट व्यक्तियों के आसन्न खतरे की समीक्षा की गई. समीक्षा के बाद जेड प्लस, जेड, वाई प्लस, वाई और एक्स कैटेगरी में सुरक्षा में सभी लोगों को रखा गया है.

# सीएम उत्कृष्ट विद्यालयों में एडमिशन के लिए इंट्रेंस एग्जाम आज, 36230 स्टूडेंट्स होंगे शामिल

संवाददाता। रांची

झारखंड के जिलास्तरीय 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में एडमिशन के शुक्रवार से इंट्रेंस एग्जाम होगा. प्रवेश परीक्षा में राज्य के 36,230 विद्यार्थी शामिल होंगे. उत्कृष्ट विद्यालयों के 8984 रिक्त सीटों में एडमिशन के लिए 36 हजार से अधिक आवेदन आये थे. परीक्षा में शामिल होने वाले स्टूडेंट्स को एडमिट कार्ड उपलब्ध करा दिया गया है. परीक्षार्थियों को परीक्षा से आधे घंटे पहले सुबह 9.30 तक परीक्षा केंद्र में स्थान ग्रहण करना होगा. सुबह 10 बजे से परीक्षा शुरू होगी. परीक्षा केंद्रों में प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षकों को भी राज्य शिक्षा परियोजना से आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है.

**परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक निर्देश :** जारी एडमिट कार्ड में परीक्षार्थियों अपना पासपोर्ट साइज फोटो लगाना होगा. परीक्षा केंद्र में व्हाइटनर, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, इलेक्ट्रिक घड़ी, पेजर ले जाना वर्जित होगा. केवल प्रवेश पत्र, काला/नीला पिन पॉइंट पेन और कार्डबोर्ड के अतिरिक्त कुछ नहीं ले जा सकेंगे. सत्यापन के लिए परीक्षार्थियों को अपने साथ आधार कार्ड या कोई अन्य फोटो पहचान पत्र साथ ले जाना अनिवार्य है.

**30 मार्च को प्रकाशन :** 30 मार्च को प्रवेश से संबंधित पहली मेधा सूची का प्रकाशन किया जाएगा. एक अप्रैल से सात अप्रैल तक विद्यार्थियों का नामांकन लिया जायेगा. आठ अप्रैल से उत्कृष्ट विद्यालयों में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो जायेगी. मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों की बालवाटिका और कक्षा 1 में नामांकन के लिए किसी तरह की कोई प्रवेश परीक्षा नहीं ली जाएगी.


## कोयला में चारकोल मिक्स कर भेजा जा रहा पावर प्लांट

# कुजू रेलवे साइडिंग में बड़े पैमाने पर हो रहा मिक्सिंग का खेल

सौरभ सिंह। रांची

रामगढ़ जिले की कुजू साइडिंग में बड़े पैमाने पर मिक्सिंग का खेल चल रहा है. कोयला कारोबारियों द्वारा कोयला में चारकोल मिलाकर पावर प्लांट में भेजा जा रहा है. यह चारकोल बड़े पैमाने पर रामगढ़ के कुजू और घाटो स्थित इस्पात प्लांट से लाकर साइडिंग में गिराया जाता है. फिर कोयला का वजन बढ़ाने के लिए कोयला में चारकोल को मिलाकर पावर प्लांट भेज दिया जाता है. वहीं दूसरी तरफ साइडिंग का कोयला को स्थानीय प्लांट में खपाया जाता है.

**जानिए कैसे होती है कोयले की हेराफेरी :** साइडिंग से कोयला कारोबारी बिना वैध चालान के कोयला की ट्रांसपोर्टिंग कर रहे हैं. जांच में खुलासा हुआ है कि कोयला कारोबारी साइडिंग के कर्मी की मदद से बिना कोयला साइडिंग पर कोयला गिराकर पेपर रिसीव करा लेते हैं. फिर कोयला को कुजू ओपी क्षेत्र स्थित स्पंज प्लांट में भेजा जा रहा है और वहां अवैध कोयले का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है. जितना कोयला साइडिंग में बिना गिराए प्लांट में भेजा जा जाता, उतना ही वजन से चारकोल को कोयला में मिला दिया जाता है. जिससे वजह बराबर हो जाता है.



**कारोबार रोकने की जिम्मेदारी इनकी**

*संबंधित इलाके के थाना प्रभारी, संबंधित जिले के एसपी और संबंधित क्षेत्र के डीएसपी.*

*प्रशासन : संबंधित जिला के उपायुक्त, संबंधित अनुमंडल के एसडीओ, संबंधित जिला के माइनिंग अफसर और संबंधित इलाके के डीएफओ.*

**बिना वैध चालान के कोयले की ढुलाई करते हुए छह हाइवा को पकड़ा गया था :** अवैध कोयला कारोबारी प्रवीण साव, पप्पू साव, विनोद पहाड़ी और झारखंड इस्पात के मालिक बिना वैध चालान के कुजू रेलवे साइडिंग से कोयला का ट्रांसपोर्टिंग कर रहे हैं. इसे लेकर सोमवार (18 मार्च) को रामगढ़ जिला खान निरीक्षक राहुल कुमार द्वारा रामगढ़ थाना में मामला दर्ज कराया गया है. बता दें कि रामगढ़ पुलिस ने कुजू रेलवे साइडिंग से बिना वैध चालान पर कोयला का ढुलाई करते हुए छह हाइवा को पकड़ा था. इनमें जेएच 24 एल 2412, जेएच 01डीपी 6866, जेएच 02 ए यू 4910, जेएच 24 जे 2280, जेएच 24एच 2112 और जेएच 24जे 6029 नंबर के हाइवा शामिल हैं, जिनमें चार हाइवा पर बीस टन, एक हाइवा पर 25 टन और एक हाइवा पर 35 टन कोयला लोड था.

CLASSIFIED

















# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

**9:10 बजे** लगभग देर रात को केजरीवाल को ईडी ने गिरफ्तार किया

**11:10 बजे** रात में ईडी की टीम केजरीवाल को अपने कार्यालय लेकर गयी

www.lagatar.in | शुक्रवार 22 मार्च 2024 ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 12, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 334 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


**सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने दी प्रतिक्रिया**

## केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बने रहेंगे

# जेल से सरकार चलाएंगे

भाषा। नयी दिल्ली

गुरुवार की देर रात को सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद ईडी की टीम उन्हें प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय ले गयी. उनका मेडिकल चेकअप भी किया गया. गिरफ्तारी के बाद दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने गुरुवार को कहा कि अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री पद पर बने रहेंगे और आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी के बाद जरूरत पड़ने पर जेल से सरकार चलाएंगे. आतिशी ने यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की इस कार्रवाई के खिलाफ हाईकोर्ट का रुख किया है. आतिशी ने यहां संवाददाताओं से कहा, मोदी को सबसे अधिक डर अरविंद केजरीवाल से लगता है. यह गिरफ्तारी एक साजिश है. आप नेता ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, हमने दिल्ली के मुख्यमंत्री की ईडी द्वारा की गई गिरफ्तारी को रद्द कराने के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है. हमने उच्चतम न्यायालय से शुक्रवार रात ही सुनवाई करने का अनुरोध किया.



### गिरफ्तारी के बाद आप कार्यकर्ताओं ने कड़ा विरोध जताया

दिल्ली के सीएम केजरीवाल को ईडी ने गुरुवार को दो घंटे से ज्यादा समय की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया. कार्यकर्ताओं ने इसका कड़ा विरोध जताया. गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं का गुस्सा सातवें आसमान पर है. भारी संख्या में देर रात तक आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर जमा हुए हैं. कार्यकर्ता केंद्र और बीजेपी के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे. वहीं, दिल्ली में सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद पुलिस अलर्ट मोड में आ गई है. दिल्ली पुलिस ने ड्रोन से निगरानी शुरू कर दी है. कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में भी लिया गया.








### अबकी बार सत्ता के बाहर : खरगे

केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पोस्ट किया, रोज जीत का झूठा दंभ भरने वाली अहंकारी भाजपा, विपक्ष को हर तरह से चुनाव के पहले गैर कानूनी तरीके से कमजोर करने की कोशिश कर रही है. वक्त है बदलाव का ! अबकी बार सत्ता के बाहर !!"



### डरा हुआ है तानाशाह : राहुल गांधी

अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, डरा हुआ तानाशाह, एक मरा हुआ लोकतंत्र बनाना चाहता है. मीडिया समेत सभी संस्थाओं पर कब्जा, पार्टियों को तोड़ना, कंपनियों से हफ्ता वसूली डर दिखा रही है.



### निरंकुशता की तैयारी : महुआ माजी

ईडी की कार्रवाई पर राज्यसभा सांसद और जेएमएम नेता महुआ माजी ने कहा कि जहां-जहां गैर-भाजपा सरकार है, उन राज्यों में ही ये चीजें हो रही हैं. चुनाव होने वाले हैं. आदर्श आचार संहिता लागू है. पहले झारखंड और फिर दिल्ली में ये लोकतंत्र नहीं बल्कि निरंकुशता की तैयारी है.



### कड़ी निंदा करते हैं : डेरेक ओ ब्रायन

सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा की है. तृणमूल के राष्ट्रीय प्रवक्ता व राज्यसभा में पार्टी के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि हम एक निर्वाचित मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी लोकतंत्र के लिए खतरा है.

## आज से मौसम रहेगा साफ, होली पर बादल का साया



**रांची।** झारखंड में टर्फ का असर कम होने लगा है. बंगाल की खाड़ी से आ रहे टर्फ के कारण पिछले दिनों झारखंड के पश्चिमी, दक्षिणी और मध्य भागों में असर देखने को मिला. इस कारण अधिकतम तापमान सामान्य से करीब 10 डिग्री सेल्सियस तक गिरा. शुक्रवार से मौसम साफ होने की संभावना है, लेकिन इस दौरान बादल छाए रहेंगे. वहीं मौसम विभाग के अनुसार, 23 और 24 मार्च को आसमान साफ रहेगा. होली के समय 25 से 27 मार्च तक आंशिक बादल छाए रह सकते हैं. वहीं राज्य में अगले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है. इसके बाद अगले 3-4 दिनों में 6 से 9 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है.

**गुरुवार को उत्तर-पूर्वी भागों में रहा असर :** गुरुवार को राज्य के उत्तर-पूर्वी भागों में टर्फ का असर रहा. इस दौरान संथाल परगना में कहीं-कहीं पर हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा दर्ज की गई. बुधवार को राज्य में कई स्थानों पर गर्जन और आंधी के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई, जबकि एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा भी दर्ज की गयी. सबसे अधिक वर्षा 82.4 एमएम रांची के कांके में दर्ज की गयी. सबसे अधिक उच्चतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस डालटनगंज में, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में दर्ज किया गया.

### बिल्डर का घर हिनू में है, घटना के बाद मर्माहत है पूरा परिवार

# बिल्डर ने पिस्टल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या की

सौरभ सिंह/ विनीत आभा उपाध्याय। रांची

डोरंडा थाना क्षेत्र के हिनू में गुरुवार सुबह बिल्डर नीरज सहाय ने गुरुवार सुबह खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है. बताया जाता है कि नीरज सहाय ने गुरुवार सुबह करीब आठ बजे खुद को कमरे में बंद कर लिया और अपनी लाइसेंसी पिस्तौल से खुद को गोली मार ली. गोली की आवाज सुनकर परिवार के लोग भागे-भागे उनके कमरे के पास पहुंचे, लेकिन कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था. परिजनों ने मामले की जानकारी डोरंडा थाने को दी. सूचना पाकर पहुंची डोरंडा पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ डाला. पुलिस जैसे ही कमरे में प्रवेश की, अंदर का नजारा देख भौंचक रह गयी. कमरे में नीरज सहाय निढाल पड़े थे और उनकी लाइसेंसी पिस्तौल उनके हाथ में थी.

**परिजनों ने कहा- तनावग्रस्त नहीं लग रहे थे नीरज :** परिजनों ने पुलिस को बताया है कि बुधवार रात तक सब कुछ ठीकठाक था. नीरज कहीं से भी तनावग्रस्त नहीं लग रहे थे. सुबह उन्होंने आत्महत्या क्यों कर ली, यह समझ से परे है.

हालांकि अब जानकारी मिल रही है कि नीरज सहाय को हाल ही में अपने व्यवसाय में भारी नुकसान हुआ था, जिसके कारण वह काफी तनाव में रह रहे थे, लेकिन परिजनों को इस बात का अहसास नहीं होने दे रहे थे कि वे तनाव में हैं. पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है. मौके पर पहुंचे सिटी एसपी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है. नीरज के कमरे से कही कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है. हालांकि पुलिस सभी बिंदुओं पर छानबीन कर रही है.




### कहीं चुनाव से पहले नेताओं के पैसे वापस करने का प्रेशर तो नहीं था

शहर के टॉप बिल्डरों में शुमार नीरज सहाय के आत्महत्या करने से कई लोग अचंभित हैं. उनके करीबी बताते हैं कि नीरज सहाय पिछले कुछ समय से अपने व्यापार में आयी गिरावट और इन्वेस्टर्स का प्रेशर झेल रहे थे. जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा था, एक प्रभावशाली नेता और एक महिला नेत्री के पति सहाय पर पैसा लौटाने के लिए दबाव बना रहे थे. नीरज ने अपने इन्वेस्टर्स से साफ कह दिया था कि फिलहाल वह पैसा वापस कर पाने की स्थिति में नहीं हैं, क्योंकि रकम बहुत बड़ी है. लेकिन चुनाव लड़ने के लिए एड़ी- चोटी का जोर लगा रहे नेता उनकी मजबूरी न तो सुनना चाह रहे थे और न ही समझना. नीरज पर लगातार पैसे वापस करने का प्रेशर दिया जा रहा था. इधर घटना के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है.

### कॉल डिटेल्स भी खंगाल रही पुलिस

डोरंडा पुलिस नीरज के परिजनों और करीबियों से पूछताछ कर इस आत्महत्या की गुत्थी सुलझाने की कोशिश में है. पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है आखिर नीरज ने आत्महत्या क्यों की. पुलिस उनके मोबाइल का कॉल डिटेल्स भी खंगाल रही है. कॉल डिटेल्स के आधार पर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर आत्महत्या करने से पहले बुधवार की रात तक उनकी किन-किन लोगों से बातचीत हुई थी. जिन लोगों से बुधवार को फोन पर नीरज सहाय की बातचीत हुई थी, पुलिस वैसे लोगों से पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश करेगी कि आखिर आत्महत्या के पीछे का कारण क्या है. कारोबार के सिलसिले में जिन लोगों से नीरज के संबंध थे, पुलिस उनसे भी पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशशि करेगी कि कहीं कारोबार में उनकी देनदारी ज्यादा तो नहीं हो गयी थी.

### सबकी रजामंदी से बिकी गोशाला की जमीन, नहीं हुआ है घपला-घोटाला

# गोशाला न्यास समिति : ट्रस्टी ओमप्रकाश छापड़िया ने कहा- गोपालका का दावा बेतुका

राजन बॉबी। रांची

गोशाला के बाढ़ू मौजा की 15.95 एकड़ जमीन बेचे जाने के फैसले को कई ट्रस्टी जायज ठहरा रहे हैं. ट्रस्टियों का कहना है कि वर्ष 2021 में की गयी जमीन की रजिस्ट्री में किसी तरह का घपला-घोटाला नहीं हुआ है. यह सिर्फ गोशाला न्यास को बदनाम करने की सोची-समझी साजिश है. ट्रस्टी ओमप्रकाश छापड़िया ने गोपालका प्रोजेक्ट के प्रोपराइटर किशन गोपालका के दावे को खारिज करते हुए कहा कि उनका दावा एकदम बेतुका है. राजकुमार केडिया और संजीव खीरवाल, किशन गोपालका के पार्टनर थे. दोनों ने किशन गोपालका को काफी पैसा दे रखा था. जब किशन ने जमीन खरीदने से हाथ खड़ा कर दिया, तो उनकी सहमति से जमीन की रजिस्ट्री दोनों पार्टनर के नाम से करा दी गयी. गोपालका ने खुद खड़े होकर पेपर बनवाया था. रजिस्ट्री करवायी थी. उसके पेपर पर हस्ताक्षर भी किया है. यदि किसी तरह की दिक्कत है तो मिल बैठकर बात करें. गोपालका कोई बाहर का लड़का नहीं है. घर का ही बच्चा है. नासमझी में ऐसा गलत काम कर रहा है. इससे उसको कोई लाभ नहीं होगा. यह पूछे जाने पर कि गोपालका ने लीगल नोटिस भेजा है. कोर्ट में मुकदमा दायर कर रहा है, छापड़िया ने कहा कि अच्छा है. अदालत में ही जवाब दिया जाएगा. बचाव के पुख्ता सबूत हैं. एग्रीमेंट करके सालों लटकाये रखा. बार-बार जमीन रजिस्ट्री कराने को कहा गया, तो हाथ खड़ा कर दिया. ममला कोर्ट में राफ-साफ हो जायेगा.

### क्या-क्या बोले छापड़िया

- गोपालका कोई बाहर का लड़का नहीं, घर का ही बच्चा है, नासमझी में गलत काम कर रहा है
- एग्रीमेंट करके सालों लटकाये रखा. बार-बार जमीन रजिस्ट्री कराने को कहा गया, तो हाथ खड़े कर दिया

### लगाया जा रहा आरोप सरासर गलत है : जालान

गोशाला न्यास बोर्ड के चेयरमैन रतन जलान ने कहा कि शहर से सटे बाढ़ू, बुकरू स्थित गोगौशाला की जमीन सर्वसम्मति से निर्णय लेकर बेची गयी है. इसमें किसी तरह का घोटाला और बेईमानी नहीं है. जमीन सीएनटी के दायरे वाली नहीं है. कागजात में भी किसी तरह की हेराफेरी नहीं की गयी है. जो भी आरोप लगाया जा रहा सरासर गलत है. जमीन बेचने का फैसला सारे ट्रस्टियों ने मिल कर लिया है. यह सिर्फ उनका अकेले का फैसला नहीं था. रतन बताते हैं कि उनके चेयरमैन बनने से पहले ही का सारा मामला है. गोशाला की जमीन का सौदा वर्ष 2013 में किया गया था, तब हम साधारण ट्रस्टी थे. उन्होंने बताया कि गोपालका के पीछे हटने के बाद ही राजकुमार केडिया और संजीव खीरवाल के नाम से जमीन की रजिस्ट्री करायी गयी. गोपालका द्वारा बिल्कुल बेबुनियाद आरोप लगाया जा रहा है. समाज में बदनाम करने की साजिश है. गोपालका की पूर्ण सहमति से ही राजकुमार केडिया को वर्ष 2021 में जमीन की रजिस्ट्री की गयी थी. सहमति पत्र पर उनका हस्ताक्षर है. उन्होने बताया कि गोपालका और राजकुमार केडिया पहले पार्टनर थे. बाद में रिश्तेदार भी बने, लेकिन कुछ साल पहले दोनों के बीच पारिवारिक विवाद खड़ा हो गया, इसी कारण खुंदस निकालने के लिए बेमतलब का मसला खड़ा कर रहे हैं.

### जमीन खरीदने से कभी इनकार नहीं किया था : किशन

किशन गोपालका ने रांची गोशाला न्यास समिति के ट्रस्टी और पदाधिकारियों पर गलत बयानबाजी का आरोप लगाते हुए कहा कि हर जगह माननीय यही रट लगाये हुए हैं. 28 फरवरी को हुई आम सभा में भी सार्वजनिक रूप से चेयरमैन रतन जालान ने त्रिपक्षीय एग्रीमेंट कर जमीन बेचे जाने की बात सदस्यों को बतायी थी, लेकिन यह सरासर गलत है. हर जगह यही बात कह कर सब को भरमाया जा रहा है, लेकिन आदालत में बतौलेबाजी नहीं चलेगी. हमारे पास भी लिखित प्रमाण हैं. अदालत में आकर जवाब देना पड़ेगा. इसके लिए माननीय तैयार रहें. किशन ने बताया कि उन्हेंने जमीन खरीदने से कभी इनकार नहीं किया और न ही किसी तरह का त्रिपक्षीय एग्रीमेंट किया था. यदि ऐसा होता तो गोशाला न्यास समिति को पत्र लिख कर तीन मार्च 2019 को गोपालका प्रोजेक्ट के पक्ष में रजिस्ट्री करने का निवेदन क्यों करता? करोना काल था, बाद में फोन से बातचीत होती रही. आश्वासन भी मिलता रहा. लेकिन वर्ष 2021 में खेल हो गया. राजकुमार केडिया और संजीव खीरवाल को गोशाला के सचिव ने जमीन की रजिस्ट्री कर दी. उन्होंने कहा कि हक और न्याय के लिए अंतिम दम तक लड़ते रहेंगे.

**फैसला** नगर निगम ने नियम बनाया, शहर में 50 हजार घर बिना होल्डिंग नंबर के हैं

# बिना होल्डिंग नंबर के मकान मालिकों पर होगी कार्रवाई

संवाददाता। रांची

राजधानी रांची के भवन मालिकों को होल्डिंग नंबर लेना अनिवार्य कर दिया गया है. जिन भवन मालिकों ने अब तक होल्डिंग नंबर नहीं लिया है, उनकी परेशानी बढ़ने वाली है. दरअसल, रांची नगर निगम ने शहर में जमीन और प्रॉपर्टी खरीद कर अपने मन से होल्डिंग नंबर नहीं लेने वाले लोगों पर कार्रवाई करने की तैयारी शुरू कर दी है.

निगम से मिली जानकारी के मुताबिक शहर में रहने वाले ऐसे लोगों को निगम टैक्स के साथ होल्डिंग नंबर जारी करेगा. इसके तहत रांची नगर निगम ने 30 से ज्यादा प्लॉट और भवनों की सूची तैयार की है. इस सूची के अनुसार निगम वैसे भवन मालिकों की जमीन व भवन की मापी करेगा, जिन्होंने अब तक होल्डिंग टैक्स का भुगतान नहीं किया है और उसके अनुरूप टैक्स का निर्धारण करेगा. नगर निगम ऐसा इसलिए कर रहा है, क्योंकि कई लोग होल्डिंग नंबर नहीं लेना चाहते हैं, क्योंकि उन्हें हर महीने रांची नगर निगम को टैक्स देना होगा. निगम ने सर्वे कर होल्डिंग टैक्स वसूलने के लिए काम एजेंसी को दे दिया है.

### होल्डिंग के साथ टैक्स भी निर्धारित करेगा निगम



रांची में रहनेवाले वैसे लोगों, जिन्होंने अपने भवन का होल्डिंग नंबर अब तक नहीं लिया है, नगर निगम जल्द ही उन्हें होल्डिंग नंबर उपलब्ध कराएगा. इसके साथ नगर निगम उनका होल्डिंग टैक्स भी निर्धारित करेगा. टैक्स का निर्धारण भवन के निर्माण के समय से लेकर वर्तमान अवधि तक का होगा. इसके साथ समय पर होल्डिंग नंबर नहीं लेने के कारण आवासीय भवनों से 2000 और व्यावसायिक भवनों से 5000 रुपये जुर्माना लिया जएगा. इसके लिए रांची नगर निगम भवनों का सर्वे करा चुका हैं.

### निगम ने एजेंसी से सर्वे कराया है

नगर निगम ने शहर में बिना होल्डिंग नंबर वाले भवनों का सर्वे का काम एजेंसी से करवाया है. सर्वे में बिना नंबर वाले भवनों की पहचान की गयी है. रांची नगर निगम क्षेत्र में 2.75 लाख से अधिक आवासीय और व्यावसायिक भवन हैं. इनमें से 2.25 लाख भवन मालिकों ने नगर निगम से होल्डिंग नंबर ले लिया है. शेष 50 हजार से अधिक भवनों के मालिकों ने अब तक होल्डिंग नंबर नहीं लिया है.

### क्या होगा फायदा

नगर निगम के नियम के अनुसार घर-मकान या भवन को पहचान के लिए विशेष नंबर आवंटित किया जाता है. होल्डिंग नंबर में जमीन का प्रकार, घर का क्षेत्रफल व घर की तस्वीरे रिकॉर्ड के रूप में दर्ज होती है. संबंधित व्यक्ति को नगर निगम से उसके घर-मकान या भवन का मालिकाना हक भी मिल जाता है.

### निगम को फायदा

रांची नगर निगम को शहर में मकानों की संख्या पता होगी, जिसके आधार पर विकास योजनाएं बनाई जाएंगी. होल्डिंग नंबर आवंटित किए जाने के बाद निगम के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी. रांची नगर में 2.25 लाख भवन मालिकों ने होल्डिंग नंबर ले लिया है, 60 करोड़ सालाना निगम को होल्डिंग टैक्स से राजस्व की प्राप्ति होती है.

# किशोरगंज से ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करते दो गिरफ्तार, पांच फरार

### बिहार के नालंदा जिले के अथमलगोला थाना क्षेत्र के हैं दोनों आरोपी

संवाददाता। रांची

कोतवाली थाना पुलिस ने किशोरगंज के श्री रोडवेज के पास से ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करते दो लोगों को गिरफ्तार किया है, वहीं पांच तस्कर मौके से फरार हो गये. गिरफ्तार आरोपियों में सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के न्यू आनंदनगर रोड नंबर 7 का रहनेवाला मुकेश यादव और राकेश कुमार शामिल है. दोनों मूल रूप से बिहार के नालंदा जिले के अथमलगोला थाना क्षेत्र का रहने वाला है. मुकेश यादव के पास से पुलिस को पांच पीस एल्यूमीनियम फॉयल में रखे ब्राउन शुगर और मोबाइल व राकेश कुमार यादव के पास से सात एल्यूमीनियम फॉयल में रखा 1.80 ग्राम ब्राउन शुगर, मोबाइल सहित अन्य सामान बरामद किया है.



**गिरफ्तार आरोपियों ने फरार साथियों का नाम बताया :** पुलिस की पूछाताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने अपने फरार साथियों का नाम- पता सबकुछ बता दिया है. आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है. फरार आरोपियों में सरगना बबलू यादव उर्फ बबलू राय, कृष्णा यादव उर्फ कृष्णा राय, कन्हैया कुमार यादव उर्फ कन्हैया राय, दुर्लभ और पवन उर्फ पवन सोनी उर्फ पारले शामिल है.

**एसएसपी को मिली गुप्त सूचना पर हुई छापेमारी :** कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग किशोरगंज में श्री रोडवेज के पास ब्राउन शुगर और गांजा की खरीद-बिक्री कर रहे हैं. एसएसपी के नेतृत्व में टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया. टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए किशोरगंज में श्री रोडवेज के पास से दो लोगों को ब्राउन शुगर के साथ रंगेहाथों धर दबोचा.

## रिम्स ओपीडी

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- मेडिसिनः डॉ संजय कुमार सिंह
- ऑर्थोपेडिकः डॉ जीके गुप्ता
- कार्डियोलॉजीः डॉ पीजी सरकार
- टीबी एवं चेस्टः डॉ ब्रजेश मिश्रा
- नेत्रः डॉ सुनील कुमार
- ऑब्स गायनीः डॉ किरण त्रिवेदी
- ईएनटीः डॉ आरके चौधरी
- सीटीवीएसः डॉ विनीत महाजन
- नेफ्रोलॉजीः डॉ प्रज्ञा घोष पंत
- सायकेट्रीः डॉ अजय बाखला
- न्यूरोलॉजीः डॉ सुरेंद्र कुमार-डॉ रूपेश प्रसाद

## सदर अस्पताल

- मेडिसिनः डॉ बीएन पोद्दार, डॉ लक्ष्मीकांता सोय
- ऑब्स एंड गायनीः डॉ रश्मि प्रसाद, डॉ रानी सिंह
- पीडियाट्रिक(शिशु रोग): डॉ दयानंद
- हेमाटोलॉजीःडॉ अभिषेक रंजन
- यूरोलॉजीः डॉ शैलेंद्र शुक्ला

## शहर में आज

1. मौसम विभाग में कार्यक्रम – एयरपोर्ट रोड, 12 बजे
2. मेकॉन लिमिटेड में कार्यक्रम - मेकॉन, 4 बजे
3. संत जेवियर कॉलेज में फोटो प्रर्दशनी – सुबह 10.30 बजे
4. दुबई कार्निवल – मरोहाबादी मैदान – शाम 4 बजे

**सूचनाः** शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### कैसे कहते हैं झामुमो झुकेगा नहीं : मरांडी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हजारीबाग की घटना को लेकर झामुमो पर हमला किया। कहा कि हजारीबाग में अवैध बालू लदे ट्रक से छह बेटियां कुचल दी गईं. फिर ये कैसे कहेंगे कि झामुमो झुकेगा नहीं. अवैध बालू से लदे तुपुदाना में बीते दिनों बस की टक्कर हो गई, एक पत्रकार की पत्नी और बेटी की जान चली गई. गो तस्करों ने आदिवासी परिवार की दरोगा बेटी संध्या टोप्पो को कुचल कर मार दिया. ये कहेंगे झुकेगा नहीं. बाबूलाल ने कहा कि आप झुकिए नहीं, भ्रष्ट होकर पैसों के बल पर सीना ताने खड़े रहिए, लेकिन अपनी मानवीय संवेदनशीलता बनाये रखिए. आज उन बेटियों को कुचल दिया गया, जो पुलिस में बहाल होना चाहती थी. यह अपने आप में कितना दुःखद है.

### जमानत देते वक्त लगायी गयीं शर्तें कठिन न हों: कोर्ट

**रांची ।** झारखंड हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा है कि अदालतों द्वारा आरोपियों को जमानत देते समय लगायी जाने वाली शर्तें कठिन, अनुचित और अत्यधिक नहीं होनी चाहिए. हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी रांची सिविल कोर्ट के न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा दिये उस आदेश को रद्द करने के लिए दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए की, जिसमें आरोपियों को 12 लाख रुपये के भुगतान करने की शर्त पर अग्रिम जमानत दी थी. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान प्रार्थी की अधिवक्ता शिवानी जालुका ने अपनी बहस में कहा कि यह मामला शादी के लिए पैसों के लेनदेन से जुड़ा है. कोर्ट ने कहा कि अग्रिम जमानत देने के मापदंडों पर विचार जरूरी है.



# रांची महिला महाविद्यालय में गूंजा जोगिरा सरा..रार..र..







**रांची। रांची महिला महाविद्यालय में गुरुवार को छात्राओं ने आपस में जमकर होली खेली. इस क्रम में होली गीतों के साथ जोगिरा सर-रर-र की भी गूंज रही. छात्राओं ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगा कर होली की बधाई दी. बताते चलें कि 22 मार्च से रांची विश्वविद्यालय के मुख्यालय और विभिन्न महाविद्यालयों सहित रांची महिला महाविद्यालय में होली का अवकाश प्रारंभ हो जाएगा. गुरुवार को महाविद्यालय में होली से पहले का अंतिम दिवस था. इस रंगारंग कार्यक्रम में छात्राओं ने नाच-गान और हंसी-ठिठोली के साथ मस्ती की.**





फोटो : रमीज

### राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेड़ो के हेडमास्टर के खिलाफ कार्रवाई का आदेश

# रांची के उपायुक्त ने सभी बूथों का किया निरीक्षण

संवाददाता। रांची

रांची डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सभी बूथों का निरीक्षण किया. इस दौरान डीसी ने संबंधित अधिकारियों को चुनाव आयोग द्वारा दिये गये सभी दिशा-निर्देश पालन करने कहा. डीसी ने लोहरदगा के राजकीय कृत मध्य विद्यालय, जरिया बेड़ो-2, बूथ संख्या 225 व 226 और राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय बेड़ो-1 बूथ संख्या 231, 232 व 233 में साफ-सफाई, पेयजल व शौचालय की व्यवस्था, बिजली सहित न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. साथ ही डीसी ने संबंधित अधिकारियों को दिये गये आदेश को ससमय पूरा कराने को कहा. इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी बेड़ो राहुल उरांव और बेड़ो अंचल अधिकारी प्रताप मिंज उपस्थित रहे.





### अनुपस्थित थे प्राथमिक विद्यालय के हेडमास्टर

डीसी जब निरीक्षण के लिए राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय बेड़ो–1 गये तो स्कूल के प्रधानाध्यापक अनुपस्थित थे. जिस पर डीसी ने नाराजगी जतायी और संबंधित अधिकारी को उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया. डीसी ने कहा कि कोई भी सरकारी कर्मचारी वर्किंग डे पर अनुपस्थित पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी. डीसी ने मतदान बूथ पर बीएलओ से दिये गये उत्तरदायित्व के बारे में विस्तृत जानकारी ली. साथ ही बीएलओ से बूथ स्तरीय जागरूकता समूह के बारे में भी पूछा. डीसी ने बीएलओ को कहा कि कोई मतदाता छूटे नहीं, सभी अपना मतदान अवश्य करें, इस पर विशेष ध्यान दें.

### राजभाषा हिंदी के नियमों का शत -प्रतिशत पालन किया जाएः अखिल मिश्रा

**रांची ।** केंद्रीय संचार ब्यूरो और पत्र सूचना कार्यालय में गुरुवार को राजभाषा हिन्दी की संयुक्त कार्यशाला और त्रैमासिक बैठक हुई. अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा, विशेषज्ञ अतिथि संजय कृष्ण, मीडिया एवं संचार अधिकारी राजेश सिन्हा, सीबीसी के कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान और पीआईबी के कार्यालय प्रमुख गौरव कुमार पुष्कर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की. मौके पर अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने कहा कि सभी अधिकारियों और कर्मियों को राजभाषा के नियमों का पालन शत-प्रतिशत करना चाहिए. वरिष्ठ पत्रकार संजय कृष्ण ने सरकार के काम काज में सरल हिन्दी के प्रयोग को लेकर विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि कार्यालयों के बीच पत्र व्यवहार में भी ऐसी हिन्दी का प्रयोग होना चाहिए जो आसानी से समझ में आ जाए. कई बार ऐसे अनुवाद किए जाते हैं, जिनको आसानी से समझना मुश्किल होता है. कृष्ण ने कहा कि शब्दावली को विकसित करने के लिए लगातार अध्ययन करना जरूरी है. साहित्य, पत्र-पत्रिकाओं के अध्ययन से शब्दों की जानकारी में विकास होता है. अच्छी शब्दावली के जरिए कम शब्दों में प्रभावी संचार किया जा सकता है. सरकारी काम काज में स्थानीय शब्दों के प्रयोग से भी आम जनों को लाभ पहुंच सकता है.


### स्वीकार्य स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी

# प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे 210 अधिकारियों को शो-कॉज

संवाददाता। रांची

लोकसभा चुनाव 2024 के सफल संपादन को लेकर रांची जिला में प्रतिनियुक्त पीठासीन एवं मतदान पदाधिकारियों को कांके के राजकीय 2 उच्च विद्यालय में प्रशिक्षण दिया जा रहा है. इस कड़ी में प्रशिक्षण में बिना अनुमति अनुपस्थित रहनेवाले पीठासीन, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान पदाधिकारियों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने शो-कॉज जारी किया है. 18, 19 और 20 मार्च को बिना अनुमति अनुपस्थित रहनेवाले कुल 210 पीठासीन व मतदान पदाधिकारियों को कारण बताओ नोटिस का जवाब देने को कहा गया है. अनुपस्थित रहे उक्त पदाधिकारी द्वारा स्वीकार्य स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की स्थिति में उनके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी.

लोकसभा चुनाव कार्य संपन्न कराने को लेकर केंद्र सरकार, राज्य सरकार के कार्यालय, प्रतिष्ठान, निकाय, शैक्षणिक संस्थान में सेवारत पदाधिकारी, कर्मचारी की नियुक्ति पीठासीन व मतदान पदाधिकारी के दायित्व निर्वहन के लिए की गयी है. निर्गत नियुक्ति पत्र के चार पृष्ठ पर नियुक्त पीठासीन व मतदान पदाधिकारी के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम उपलब्ध कराते हुए निर्देशित किया गया है कि वे प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, लेकिन दिनांक 18, 19 और 20 मार्च 2024 को बिना अनुमति कई पीठासीन पदाधिकारी व मतदानकर्मी अनुपस्थित रहे.



**अनुपस्थित रहे पीठासीन और मतदान पदाधिकारियों की संख्या**

| | |
|---|---|
| **दिनांक 18 मार्च 2024** | |
| पीठासीन पदाधिकारी | 23 |
| प्रथम मतदान पदाधिकारी | 22 |
| द्वितीय मतदान पदाधिकारी | 13 |
| तृतीय मतदान पदाधिकारी | 13 |
| **दिनांक 19 मार्च 2024** | |
| पीठासीन पदाधिकारी | 26 |
| प्रथम मतदान पदाधिकारी | 11 |
| द्वितीय मतदान पदाधिकारी | 12 |
| तृतीय मतदान पदाधिकारी | 17 |
| **दिनांक 20 मार्च 2024** | |
| पीठासीन पदाधिकारी | 30 |
| प्रथम मतदान पदाधिकारी | 15 |
| द्वितीय मतदान पदाधिकारी | 17 |
| तृतीय मतदान पदाधिकारी | 11 |

**उपलब्धि**

### ऊपर और नीचे के जबड़ों के जुड़ जाने के कारण कुछ भी बोल नहीं पा रहा था बच्चा

# राज अस्पताल में टीएमजे एंकिलोसिस ऑपरेशन सफल

संवाददाता। रांची

राज अस्पताल में गुरुवार को मैक्सिलोफेशियल सर्जन डॉ. अभिषेक और उनकी टीम ने टीएमजे एंकिलोसिस ऑपरेशन को सफलतापूर्वक पूरा किया. दरसल, ऑपरेशन हुए बच्चे का बचपन में ही चोट लगने की वजह से ऊपर और नीचे का जबड़ा जुड़ गया था. उसकी उम्र बढ़ने लगी तो उसकी परेशानी बढ़ती गई.

हालत यह हो गई कि बच्चे का मुंह खोलना मुश्किल हो गया. बच्चे की परेशानी को देखते हुए परिजन उसे लेकर कई अस्पताल गए. लेकिन हर जगह उन्हें निराशा होकर वापस आना पड़ा. इस बीच बच्चे के परिजन को किसी ने राज हॉस्पिटल का सुझाव दिया, जिसके बाद परिजन राज हॉस्पिटल पहुंचे. राज में मैक्सिलोफेशियल सर्जन डॉ अभिषेक और उनकी टीम ने मरीज को देखा. जिसमें पाया गया कि मरीज का मुंह एक एमएम से अधिक नहीं खुल पा रहा था. इस वजह से बच्चे को काफी परेशानी हो रही थी. इसके बाद तत्काल एनेस्थिसिया की डॉ फुजैल सरवर व टीम से संपर्क किया गया. तब डॉक्टरों ने उसकी सर्जरी करने की योजना बनाई.

सर्जरी के बाद बच्चा अपना मुंह पूरी तरह से खोल पा रहा है. साथ ही साथ धीरे धीरे बात भी कर रहा है. ऑपरेशन की सफलता पर परिजन का कहना है कि उन्हें तो उम्मीद ही नहीं थी. ऐसा लग रहा था कि जीवन भर उनका बच्चा ऐसे ही रहेगा. लेकिन डॉ अभिषेक ने इसे दूसरा जीवन दान दिया है. डॉ. अभिषेक ने बताया कि बच्चे को जो समस्या थी, उसे टीएमजे एंकोलॉसिस कहते हैं. इसमें मुंह खुलना बंद हो जाता है. हमने टीएमजे गैप आर्थरोप्लास्टी की है. डॉ. अभिषेक ने बताया कि साल की उम्र में बच्चे को चोट लग गई थी. जिसके बाद इसे समस्या हुई थी. 6 घंटे की सर्जरी के बाद हमने सफल आपरेशन किया. साथ ही बताया कि यह झारखंड का संभवतः तीसरा केस होगा. इस बीमारी के इलाज में 1.5 लाख से 2 लाख रुपए तक खर्च आता है. वहीं समस्या गंभीर होने पर यह और बढ़ सकता है.



**खास बातें**

- पांच साल की अवस्था में चोट लगने से उत्पन्न हुई समस्या
- परिजन रहे काफी परेशान, राज अस्पताल में हुआ सफल इलाज

# संवैधानिक मर्यादाओं को लांघ रही भाजपा : कांग्रेस

संवाददाता। रांची

देश के भीतर कांग्रेस को चुनाव से दूर करने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को तहस-नहस करने की साजिश भाजपा द्वारा रची जा रही है. इस कड़ी में कांग्रेस के बैंक खाते को पिछले एक माह से प्रधानमंत्री मोदी के इशारे पर फ्रीज किया गया है. यह प्रतिक्रिया गुरुवार को कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सोनल शांति ने व्यक्त की.उन्होंने कहा कि भाजपा देश में अपने चरित्र के अनुसार, विपक्ष को समाप्त करने की कोशिश में सारी संवैधानिक मर्यादाएं को लांघ चुकी है. प्रधानमंत्री मोदी इस दिशा में अनवरत प्रयासरत हैं कि चुनाव के दौरान विपक्षी नेताओं और दलों को झूठे मुकदमों में फंसाकर उलझाये रखा जाए.

### संवैधानिक संस्थाओं का जमकर दुरुपयोग

सारी संवैधानिक संस्थाएं ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग आदि का जमकर दुरुपयोग किया जा रहा है. जिस तरह से सिर्फ 14 लाख रुपये के मामले में जिस पर दस हजार का फाइन हो सकता है, उसके लिए 200 करोड़ जमा करने के आदेश और बैंक अकाउंट फ्रीज किया जाना पूरी तरह से साजिश का हिस्सा है. उन्होंने कहा कि 1994-95 के मामले को जिस तरह से सामने लाया जा रहा है. उससे लगता है कि भाजपा कांग्रेस को परेशान करने के लिए अंग्रेजी हुकूमत के समय के मुकदमों को भी खंगलवा सकती है.

**शपथ पत्र**

मैं बिनीता साहू, पति- श्री योगेश कुमार साहू, निवासी-201, कृष्णा अपार्टमेंट, रातु रोड, रांची, थाना-(कोतवाली) सुखदेवनगर जिला रांची। शपथ पूर्वक बयान करती हूं कि :-

1. यह कि मैं दिनांक 12.03.2024 को रांची कचहरी में मूल दस्तावेज़ संख्या (1)1664 दिनांक 08.02.1990, (2) मूल दस्तावेज़ संख्या 588, 589, 590 एवं 591 सभी दिनांक 09.11.2012 एवं (3) मूल दस्तावेज़ संख्या 603, 604 दिनांक 10.11.2012 सभी दस्तावेजों को फोटो कॉपी कराने के लिए गई थी तथा फोटो कॉपी कराकर लौटने के क्रम में उक्त सातों मूल दस्तावेज़ रास्ते में कहीं गिर गया, जिसे काफी खोजबीन करने पर भी मुझे नहीं मिला।
2. यह कि यह शपथ पत्र मैं ऊपर वर्णित मूल दस्तावेजों के खोने के संबंध में सम्पादित कर रही हूं, मेरा कथन पूर्णतः सत्य है।

Aff. No. 193/14-03-24

▼ ब्रीफ खबरें

### रांची में बलम पिचकारी का आयोजन कल

रांची। अरगोड़ा स्थित लेक गार्डन में 23 मार्च को होली फेस्टिवल बलम पिचकारी का आयोजन किया जाएगा. यह कार्यक्रम द डिलाइट द्वारा आयोजित किया जाएगा. यहां खाने-पीने के साथ ही ऑर्गेनिक कलर के साथ होली खेली जाएगी. इससे किसी को कोई परेशानी नहीं होगी. साथ ही रेन डांस की भी व्यवस्था की गई है. कई कलाकार भी यहां अपनी प्रस्तुति देंगे. यहां एंट्री के लिए टिकट की व्यवस्था की गई है. सिंगल पर्सन के लिए 499 रुपये, कपल के लिए 899 रुपये, फैमिली के लिए 1399 रुपये का टिकट रखा गया है.

### दो दिवसीय विश्व मौसम विज्ञान दिवस

रांची। जलवायु विज्ञान, पूर्वानुमान और संबंधित गतिविधियों के बारे में जनता को शिक्षित करने के उद्देश्य से रांची के मौसम विज्ञान केंद्र में दो दिवसीय विश्व मौसम विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया. बता दें कि भारत मौसम विज्ञान विभाग विश्व मौसम विज्ञान दिवस के अवसर पर समाज की सुरक्षा और भलाई के लिए मौसम, जलवायु और जल विज्ञान सेवाओं के योगदान को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करता है. इस कड़ी में गुरुवार को रांची महिला कॉलेज का भूगोल विभाग मौसम केंद्र कार्यालय में शैक्षणिक भ्रमण किया. इस दौरान केंद्र प्रमुख अभिषेक आनंद द्वारा पॉवरपॉइंट प्रस्तुत किया गया. विश्व मौसम विज्ञान दिवस हर साल 23 मार्च को पृथ्वी के वायुमंडल की रक्षा में लोगों और उनके व्यवहार की भूमिका के महत्व को उजागर करने के लिए मनाया जाता है.

### जेसीएम की रांची विवि कमेटी का विस्तार

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने पत्र जारी कर झारखंड छात्र मोर्चा की रांची विश्वविद्यालय समिति का विस्तार किया. इसके अनुसार उपाध्यक्ष मदन उरांव, अमन ठाकुर, दीपशिखा कुमारी, अतिकुर रहमान, संगठन सचिव, मो. इरफान अहमद, अंकित कुमार महतो, स्मृति, संयुक्त सचिव बीरबल प्रजापति, कासिफ रज़ा रौशन गाड़ी बनाये गये.

### संत जेवियर कॉलेज में फोटो प्रदर्शनी आज

रांची। संत जेवियर्स कॉलेज के मास कम्यूनिकेशन विभाग में फोटो प्रदर्शनी लगायी जाएगी. प्रदर्शनी का आयोजन 22 मार्च को होगा. वहीं 23 मार्च को फोटोग्राफी पर सेमिनार का आयोजन किया जाएगा. प्रदर्शनी 10:30 और सेमिनार 10 बजे से होगा. इसमें कई प्रतिभागी शामिल होंगे.

# कॉलेजों को समाज के साथ संबंध बनाने की जरूरत : राहुल

संवाददाता। रांची

**कोर्स करिकुलम**

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लेकर हुई कार्यशाला
- कार्यशाला की मेजबानी रांची विश्वविद्यालय ने की

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लेकर आयोजित कार्यशाला में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव राहुल पुरवार ने कहा कि कॉलेजों को समाज के साथ संबंध बनाने की जरूरत है. अभी हम समाज से जुड़े हुए नहीं हैं. कॉलेज और विश्वविद्यालयों के कोर्स करिकुलम उसी के अनुसार हों और स्किल डेवलपमेंट के प्रोग्राम चलें. कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा योजना और प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली व झारखंड के उच्च शिक्षा विभाग ने संयुक्त रूप से किया. कार्यशाला की मेजबानी रांची विश्वविद्यालय ने की. इससे पहले झारखंड के शैक्षणिक प्रशासन और कॉलेज प्रतिभागियों की क्षमता विकास पर तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ सचिव राहुल पुरवार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. कार्यशाला में झारखंड के विभिन्न विश्वविद्यालयों के रजिस्ट्रार प्रतिभागी उपस्थित थे. एनआईईपीए के निदेशक प्रो. कुमार सुरेश नीति विभाग के एनआईईपीए प्रमुख, शैक्षिक नीति विभाग, एनआईईपीए प्रो एके सिंह शामिल रहे.



**शिक्षा पद्धति में आ रहा है काफी बदलाव : कुलपति**

रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि पहले से जो हमारी शिक्षा पद्धति है, उसमें पूरी तरह से बदलाव आ रहा है. हम सभी प्रिंसिपल, एकेडमिक लीडर्स को इसे समझने की जरूरत है. ग्राउंड जीरो तक ले जाने की जरूरत है, क्योंकि प्रिंसिपल ही किसी भी एकेडमिक कार्यक्रम को ग्राउंड लेवल तक ले जाते हैं. कॉलेज के प्रिंसिपल एकेडमिक लीडर्स, प्लानर्स और एग्जीक्यूटर्स होते हैं.

# रांची विश्वविद्यालय के क्वार्टर से अवैध कब्जा हटाया गया

**शुभम संदेश इंपैक्ट**

रांची। रांची विश्वविद्यालय के स्टाफ क्वार्टर कैंपस की जमीन पर लंबे समय से अवैध कब्जा था. शुभम संदेश ने मामले को 24 जुलाई 2023 के अंक में उठाया था. इसके बाद रांची विश्वविद्यालय प्रशासन हरकत में आया और अवैध कब्जे को लेकर नोटिस जारी किया. शुभम संदेश में खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन तेज हुआ और क्वार्टर व कैंपस में अवैध कब्जा जमाए लोगों को नोटिस भेजा.

नोटिस के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटा, तो कार्रवाई हुई. बता दें कि स्टाफ क्वार्टर कैंपस में अवैध कब्जा जमा कर खटाल बना दिया गया था. खटाल को खाली करने के लिए रांची विवि ने नोटिस भी जारी किया था. नोटिस जारी करने के बाद भी खटाल खाली नहीं किया गया था. लेकिन प्रशासन की सख्ती के बाद खटाल खाली हुआ. इस परिसर में कुल 72 क्वार्टर ,जिनमें 22 से 23 नियमित कर्मचारी ही हैं. बाकी में अवैध कब्जा है. वहीं रिटायर कर्मचारी हैं और भाड़े पर लगा है. क्वार्टर पर अवैध कब्जा जमाये लोगों को रांची विश्वविद्यालय ने नोटिस भेजा है. उसे क्वार्टर खाली करने का निर्देश भी दिया है. बताया जाता है कि अवैध कब्जेधारियों से नियमित कर्मचारी परेशान रहते हैं. आये दिन लडाई झगड़ा होता रहता है.

## सुबह पूजन-आरती के बाद हुई अंतिम दिन के उत्सव की शुरुआत

# महाआरती के साथ श्रीश्याम मंडल के महोत्सव का समापन

संवाददाता। रांची

श्रीश्याम मंडल का तीन दिनी श्रीश्याम फाल्गुन सतरंगी मोहत्सव गुरुवार की रात महाआरती के साथ संपन्न हो गया. इससे पूर्व सुबह दैनिक पूजन-आरती के बाद अंतिम दिन के उत्सव की शुरुआत हुई. श्रद्धालुओं ने श्रीश्याम धणी का पुष्प शृंगार किया. मंदिर में विराजमान बजरंगबली और शिव परिवार का भी मनोरम शृंगार कर श्रद्धा के पुष्प चढ़ाए. अखंड ज्योत प्रज्जवलित करने के साथ शुरू हुआ दर्शन-पूजन का सिलसिला जो रात दस बजे तक चला. इस दौरान किसी ने खीर-चूरमा और छप्पन भोग लगाया तो किसी ने इसके साथ सवामनी प्रसाद चढ़ाया. मनोवांछित फल प्रदान करने की कामना से अपने इष्ट को रिझाते रहे. खाटू नरेश दर्शन को पहुंचे. उत्साहित भक्तों की श्रद्धा, भक्ति और उत्साह देखते ही बन रही थी. सुमित पोद्दार ने बताया कि मौसम साफ होने के कारण उम्मीद से जयाद भीड़ उमड़ी. 401 भक्तों ने सवामनी भोग शीश के दानी को अर्पित की. मंदिर का कपाट बंद होने तक खीर और चूरमा का भोग अगंतुकों के बीच लगातार बांटा गया. सुनिम ने उत्सव के सफल आयोजन में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वालों का आभार जताया. वहीं राजेश सारस्वत, बालकिशन परसरामपुरिया, चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, अरुण धनुका, अजय रूंगटा, महेश शर्मा, सुदर्शन चितलंगिया और मनोज सिंघानिया ने उत्सव के सफल आयोजन में मुख्य योगदान दिया.



**श्रीश्याम मित्र मंडल का रंग रंगीलो फागण महोत्सव संपन्न**

रांची। श्रीश्याम मित्र मंडल का रंग रंगीलो फागण महोत्सव शृंगार-पूजन, आरती और प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हो गया. श्रीश्याम मंदिर, हरमू रोड में सुबह दैनिक पूजन-आरती के बाद श्रीश्याम और अन्य देवी-देवताओं का मनोरम पुष्प शृंगार किया गया. नवीन वस्त्र धारण कराये गये. अखंड ज्योत प्रज्जवलित की गयी. रमेश धरणीधरका ने सपरिवार ज्योत जगाया. साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने खाटू नरेश का दर्शन-पूजन कर खीर-चूरमा, छप्पन और सवामनी भोग लगाया. आहुति अर्पित कर सुख-समृद्धि ओर शांति की कामनाएं की. फाल्गुन की बड़ी द्वादशी के मौके पर श्रीश्याम का दर्शन अति फलदायी होता है. इसी भाव देर शाम तक शीश के दानी के दर्शन को श्रद्धालुओं का मंदिर में तांता



लगा रहा. श्रीश्याम का प्रसाद पाने को दिनभर भक्तों की लंबी कतार लगी रही. नेम-निष्ठा से रमेश सिंह ने सपरिवार प्रभु को भोग निवेदित किया. इसके बाद आम श्रद्धालुओं के बीच भोग प्रसाद रूप में बांटा गया. मंडल अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने बताया कि लगभग साढ़े आठ हजार से ज्यादा लोगों के बीच प्रसाद रूप में खीर-चूरमा और मिष्टान्न आदि बांटा गया. प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, गौरव अग्रवाल मोनू, सुरेश सरावगी, अनिल नारनोली,श्याम सुंदर शर्मा, रत्नाकर शर्मा, अनूप दाधीच, अजय मारू, राजीव रंजन मित्तल, सुशील लाखोटिया, रतन शर्मा, राहुल मारू, अमित सरावगी, पंकज गाड़ोदिया, आदित्य लोहिया, रोशन खेमका, दिनेश अग्रवाल, विशाल पोद्दार, संजय सराफ, रौनक पोद्दार, अभिषेक सरावगी, लोकेश जालान, आशुतोष खेतान, प्रकाश सरावगी, निखिल नारनोली, किशन शर्मा, सर्वेश अग्रवाल ने इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दिया.

## श्रीमहावीर मंडल के पदाधिकारियों की पहली बैठक

# रामनवमी का भव्य जुलूस निकलेगा



संवाददाता। रांची

दुर्गा मंदिर ट्रस्ट भवन, महावीर चौक में गुरुवार को श्रीमहावीर मंडल की पहली बैठक हुई. इसमें भव्य रूप में रामनवमी जुलूस निकालने को लेकर विचार-विमर्श किया गया. साथ ही इसके सफल आयोजन को लेकर रणनीति बनायी गयी. बैठक की अध्यक्षता कर रहे अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू ने बताया कि इस बार भी भव्य और ऐतिहासिक रामनवमी जुलूस निकाला जायेगा. इसके लिए प्राथमिकता तय की गयी है.

**26 मार्च को पहला मंगलवारी जुलूस**

निर्णय के अनुसार 26 मार्च को प्रथम मंगलवारी जुलूस नगर के विभिन्न भागों में निकाला जाएगा, जिसे महावीर चौक पहुंचने पर बजरंगी भक्तों और अखाड़ाधारियों का मंडल के सभी पदाधिकारी भव्य स्वागत करेंगे. मौके पर प्रसाद भी बांटा जायेगा. उन्होंने बताया कि एक अप्रैल को मंडल के केंद्रीय कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया जायेगा. नयी कार्यकारिणी गठित की जायेगी. पिंकू ने बताया कि रामनवमी के मौके पर मंडल के पदाधिकारी और सदस्य घर-घर जा कर बजरंगी ध्वज लगाने का लोगों से आग्रह करेंगे. मंत्री दीपक ओझा ने धन्यवाद ज्ञापन किया. उपाध्यक्ष राजा सेन गुप्ता, राज किशोर, सह मंत्री गोपाल सोनी, उदय रविदास, कोषाध्यक्ष प्रमोद सारस्वत, प्रचार मंत्री मुन्ना शर्मा, अंकेक्षक प्रदीप कुमार गुप्ता आदि ने इसमें मुख्य रूप से हिस्सा लिया.

### मुंडा व उरांव समाज में मनाया जाता है फगुआ

रांची। होली जिसे रंगों के त्योहार के नाम से जाना जाता है, वही झारखंड के आदिवासी समाज के मुंडा और उरांव समाज में फगुआ मनाया जाता है. जिसे फागुन महीने के पूर्णिमा की रात में मनाया जाता है. रांची के पाहन जगलाल पाहन से फगुआ मनाए जाने का महत्व पूछा गया तो उन्होंने कहा कि फगुआ का विषेष महत्व है. आदिवासी समाज में फगुआ से पहले किसी भी तरह का कोई शुभ जैसे (शादी, मेहमानी, घर बनाना) कार्य नहीं किया जाता है. फगुआ जलाने से पहले गांव के पुरूष युवा सेमरा खेलने (शिकार करने) जाते हैं. वन में शिकार करने से पहले वन देवता को प्रणाम करके शिकार करते करते हैं. शिकार से लौटने के बाद महिलाएं सबके पैर धोती हैं. महिलाए गीत गोविंद करती हैं, जिसका अर्थ होता है, शिकार से वापस लौट कर आए

# जेसीआई और लिटिल एंजल ने समर कैंप का किया आयोजन



संवाददाता। रांची

जेसीआई यूथ और लिटिल एंजल नर्सरी स्कूल के संयुक्त तत्वावधान मे गुरूवार को तीन दिवसीय समर कैंप का शुभारम्भ किया गया. जेसीआई यूथ की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने समर कैंप में बच्चों ने डांसिंग, ड्रामा, प्रिंटिंग, मूवी आर्ट एंड क्राफ्ट, सिंगिंग तथा गेम्स कार्यक्रमों को सिखाया. इस समर कैंप में लगभग 50 छोटे बच्चे शामिल हैं. यह विशेष कार्यक्रम आगामी 23 मार्च तक चलेगा. बच्चों को प्रतिभावान बनाने में इस समर कैंप का विशेष योगदान होगा. बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा को बाहर निकालने और उनके व्यक्तित्व को निखारने का यह बहुत अच्छा माध्यम है. उनका शारीरिक और मानसिक विकास भी होता है. इसके अलावा पढ़ाई से हटकर बच्चे कई सारी नई चीजों के बारे में जान पाते हैं.

# जीडी गोयनका टोडलर हाऊस में रंगोत्सव 'रंग दे' का आयोजन



संवाददाता। रांची

वसंत विहार, हरमू स्थित जीडी गोयनका टोडलर हाऊस में गुरुवार को रंगोत्सव 'रंग दे' का आयोजन किया गया. इस अवसर पर छात्रों ने 'लेट्स प्ले होली', 'बलम पिचकारी' समेत होली के विभिन्न गीतों पर कदम थिरकाये. इसके साथ ही छात्रों ने सोलो डांस, ग्रुप डांस, स्किट समेत विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया. मौके पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ. इरम नेहाल, उप प्राचार्या सत्या सिन्हा समेत शिक्षक व अन्य स्टाफ मौजूद थे.



# बहावलपुरी पंजाबी समाज 26 को मनाएगा होली

संवाददाता। रांची

**पंजाबी समाज**

- होली के दिन सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक मचेगी धूम
- नवविवाहित जोड़ों को घर जाकर दी जाएगी बधाई

बहावलपुरी पंजाबी समाज 26 मार्च को हर्षोल्लास से होली मनायेगा. किंगर कुटीर कॉम्प्लेक्स, कृष्णा नगर कॉलोनी में गुरुवार को हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया. बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष ललित किंगर कर रहे थे. मौके पर उपस्थित मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि होली के मौके पर दिन के दस से शाम चार बजे तक खूब धूम मचेगा. गुरुद्वारा-मंदिर चौक से ढोल-बाजे के साथ झूम कर होली की टोली निकलेगी. नवजात शिशु और नवविवाहिता जोड़ों के घर जाकर बधाईयां दी जायेंगी. उन्होंने बताया कि इसके बाद 31 मार्च को धूमधाम से होली मिलन समारोह मनाया जायेगा. कॉलोनी स्थित दयालबाग में शाम सात बजे से शुरू होगा. जिसमें समाज के सभी लोग सम्मिलित होकर नाच- गान, भांगड़ा, कॉमेडी और होली के गीतों का लुत्फ उठाएंगे. मौके पर ठंडई के साथ खानपान का स्टाल भी लगाया जायेगा. संरक्षक डॉक्टर सतीश मिढ़ा, सचिव अश्विनी सुखीजा, लक्ष्मण दास मिढ़ा, वेद प्रकाश मिढ़ा मौजूद थे.

# आईएचएम में होली मिलन समारोह





संवाददाता। रांची

इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम) में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इस दौरान छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किया. होली के गाने पर डांस भी किया. 2021-ट्राइबल ब्यूटी क्वीन ऑफ इंडिया की उपविजेता अलिशा गौतम ओरांव रहीं. अलिशा ने कहा कि इंसान को मेकअप की सुंदरता से नहीं खुद की सुंदरता से प्यार करना चाहिए. साथ ही हमें खुद के सपने को खुद से ही पूरा करना चाहिए, ना की अपने बच्चों पर अपने सपने थोपें. प्रिंसिपल डॉ. भूपेश कुमार ने कहा कि इस मिलन समारोह के जरिए सबके साथ मिलना हो जाता है. समारोह के जरिए झारखंड की कला, संस्कृति के साथ दुनिया को झारखंड की विकसित तस्वीर और महिलाओं की सशक्तिकरण को दर्शाने का मौका मिलता है. इस अवसर पर प्रवीन मगू, विक्की सोनी, प्रदीप गुप्ता, राज कुमार और सुमित सुमन समेत छात्र छात्राएं और शिक्षक मौजूद थे.

**असंतोष**

## फिल्म डेवलपमेंट काउंसिल ऑफ झारखंड पर उठने लगे हैं कई सवाल

# झारखंड के लोगों के पास काफी टैलेंट है: मुकंद

संवाददाता। रांची

**बोले फिल्मकार**

- झारखंड ने फिल्म की दुनिया में काफी सुर्खियां बटोरी हैं
- झारखंड के कलाकारों को विकास परिषद में स्थान नहीं

फिल्म डेवलपमेंट काउंसिल ऑफ झारखंड की अधिसूचना जारी होने के बाद सवाल उठने लगे हैं. झारखंड के आदिवासी मूलवासी के फिल्मकारों ने इस पर विरोध जताया. लोगों ने कहा कि फिल्म डेवलपमेंट काउंसिल ऑफ झारखंड (एफआईडीसीओजे) में आदिवासी मूलवासी के लोगों को सदस्य नहीं बनाया गया है.

इससे वे नाराज हैं. इस पर पद्म श्री मुकुंद नायक ने भी विरोध जताया. कहा कि झारखंड के लोगों के पास काफी टैलेंट है. फिल्म की दुनिया में काफी सुर्खियां बटोरी है. राष्ट्रीय और



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर झारखंड में बनी फिल्म को पहचान भी मिला है. इसके बावजूद भी झारखंड के कलाकार को फिल्म विकास परिषद में स्थान नहीं दिया जा रहा है. फिल्मकार बैजु टोप्पो



ने कहा कि क्षेत्रीय भाषा वाली फिल्म को बनाने वाले फिल्मकारों का ध्यान नहीं रखा गया है. यह राज्य की पॉलिसी के अनुरूप है. ट्राईबल सिनेमा ऑफ इंडिया के दीपक बाड़ा



ने कहा कि झारखंड के लोगों के साथ झारखंडी जनमानव के साथ परिस्कृत किया गया है. झारखंड के कलाकारों को भी सदस्य बनाया जाए. तभी झारखंड के कलाकारों को नई पहचान मिल सकती है. रिजनल सिनेमेटोग्राफी के सुरेंद्र कुजूर ने कहा कि झारखंड के लोगों के साथ एक धोखा है. फिल्म जगत में भविष्य संवारने वाले झारखंडी कलाकार ठगा महसूस कर रहे हैं. सरकार और विभाग मिलकर उपाय निकालें नहीं तो विरोध शुरू होगा.

## कवि सम्मेलन में सुरेंद्र शर्मा भी करेंगे शिरकत

# हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन 23 को

संवाददाता। रांची

**कवि सम्मेलन**

- पंडाल में 3000 लोगों के बैठने की रहेगी व्यवस्था
- महिलाओं के लिए बैठने की विशेष व्यवस्था होगी

राजधानी रांची में 23 मार्च को हास्य व्यंग कवियों की महफिल सजेगी. कवि सम्मेलन आयोजन समिति ने मारवाड़ी भवन में इसका आयोजन किया है. प्रेस कॉन्फ्रेंस में समिति के मुख्य संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि होली के अवसर पर हास्य व्यंग कवि सम्मेलन 23 मार्च दिन शनिवार को रात्रि 9 बजे से मारवाड़ी भवन में होगा. इसमें ख्याति प्राप्त अंतरराष्ट्रीय कवि सुरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र दुबे, अनिल अग्रवाल "अग्रवंशी", राजेश अग्रवाल, दीपक सैनी और साक्षी तिवारी शिरकत करेंगे. उन्होंने बताया विगत 8 वर्षों मे रांची में समिति द्वारा ख्याति प्राप्त काका हाथरसी, निर्भय हाथरसी, शैल चतुर्वेदी, सुरेंद्र शर्मा, अशोक चक्रधर, प्रदीप चौबे, प्रभा ठाकुर, माया गोविंद, प्रदीप फौजदार, डॉक्टर सुनील जोगी, मुन्ना बैटरी, शंभू शिखर, गौरव चौहान, अब्दुल गफ्फार, सुदीप भोला, सुमन दुबे, अंकिता सिंह, कविता तिवारी, सुरेश अलबेला, अरुण जैमिनी, विनीत चौहान, राव अजातशत्रु केसर देव मारवाड़ी, गौरी मिश्रा, सहित देश के कई नामी-गिरामी कवि भाग ले चुके हैं.

कवि सम्मेलन में 3000 लोगों का बैठने की व्यवस्था की गई है. महिलाओं के लिए विशेष बैठने की व्यवस्था की गई है. कवि सम्मेलन का प्रवेश निःशुल्क है. कवि सम्मेलन का लुफ्त उठाने के लिए आयोजन स्थल पर कुर्सियां की विशेष व्यवस्था पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर की गई है. दर्शकों के लिए एलईडी भी मैदान में लगाए जाएंगे. पेयजल जलपान एवं ठंडे का विशेष काउंटर की व्यवस्था की गई है.

**ताबड़तोड़ छापेमारी : होली में खपाने की थी तैयारी, विभाग ने कहा- जारी रहेगा छापा**

# महंगे ब्रांड की 15 पेटी नकली विदेशी शराब जब्त

संवाददाता। धनबाद

अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ उत्पाद विभाग की ताबड़तोड़ छापेमारी में विभिन्न महंगे ब्रांडों के 15 पेटी विदेशी शराब जब्त हुई है. गुरुवार को गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की टीम ने धनबाद के तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत रांगाडीह में मंटू गोस्वामी उर्फ मोहित गोस्वामी के आवास पर छापेमारी की. इसमें 15 पेटी विदेशी शराब, कॉर्क और रैपर जब्त किये गये.

जब्त शराब में आइकोनिक व्हाइट, 8पीएम, मैक्डोनल्ड, स्टेरलिंग रिसर्व और नाइट गर्ल ब्रांड की शराब थी. इससे पूर्व उत्पाद विभाग ने 19 मार्च को भी अरुणाचल प्रदेश की 96 पेटी शराब जब्त की थी. जिसकी कीमत चार लाख थी.

**आइकोनिक वाइट, 8 पीएम, मैक्डोनल्ड, स्टेरलिंग रिसर्व और नाइट गर्ल ब्रांड की थी नकली जब्त शराब, कॉर्क और रैपर भी बरामद**





सहायक आयुक्त उत्पाद संजय कुमार मेहता ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि तोपचांची थाना अंतर्गत रांगाडीह में मंटू गोस्वामी उर्फ मोहित गोस्वामी के आवास में विदेशी शराब का भंडारण है. इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम को भेजा गया. टीम ने मंटू गोस्वामी के घर दबिश दी. यहां तहखाना नुमा स्थान पर महंगे ब्रांड की 15 पेटी शराब और साथ ही कॉर्क और रैपर बरामद किये गये.

इस छापेमारी में मोहित गोस्वामी फरार हो गया. ऐसे में यह संदेह व्यक्त किया जा रहा है कि धनबाद में इन ब्रांडों का नकली शराब उपलब्ध है.जिसे होली और चुनाव में खपाने की तैयारी की जा रही थी. उन्होंने कहा कि विभाग होली और चुनाव को देखते हुए इस तरह की छापेमारी निरंतर जारी रखेगी. जिले में नकली शराब खरीद-बिक्री पर प्रशासन की कार्रवाई जारी रहेगी.

# मीरा सिंह की चैट में बालू तस्कर से लेकर आईपीएस के ट्रांसफर तक जानकारी

संवाददाता। रांची

ईडी ने छापेमारी के दौरान मीरा सिंह के आठ मोबाइल से तकरीबन 100 जीबी डेटा रिट्रीव कराया है. मोबाइल के वाट्स एप चैट की जांच के दौरान पाया गया कि मीरा सिंह ने मोहित शाहदेव समेत कई अन्य लोगों से बालू तस्करी को लेकर चैट किया है. कई ट्रकों के नंबर भी मोबाइल फोन से मिले हैं, जिन्हें पासिंग देने यानि पुलिस द्वारा बिना पकड़े पास कराने की बात मैसेज में लिखी गई है.

प्रति ट्रक पर पासिंग पर कितने पैसे मिलेंगे, इसका हिसाब किताब भी चैट में मौजूद है. ईडी को जो साक्ष्य मिले हैं, उससे आने वाले दिनों में रांची में बड़े पैमाने पर बालू तस्करी के सिंडिकेट का खुलासा हो सकता है. इस सिंडिकेट से पुलिस अधिकारियों के लेकर नेताओं तक के लाभान्वित होने की बात सामने आ रही है. वहीं, सूत्रों के मुताबिक, मीरा के चैट में पूर्ववर्ती हेमंत सोरेन सरकार में प्रभावी रहे एक व्यक्ति से चैट भी मिले हैं. चैट में एक आईपीएस की पोस्टिंग कराने का भी जिक्र है. सूत्रों के अनुसार बाद में उस आईपीएस की पोस्टिंग भी संबंधित जिले में कर दी गई थी. ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या आईपीएस की पोस्टिंग एक दरोगा रैंक की पदाधिकारी ने करवायी थी. इसकी जांच भी ईडी कर रही है.



**खास बातें**

- प्रति ट्रक पासिंग पर कितने पैसे मिलेंगे, चैट में मौजूद है
- बालू तस्करी के सिंडिकेट का खुलासा चैट से हो सकता है

## ब्रीफ खबरें

### सर्वसम्मति से पड़हा संचालन समिति का हुआ पुनर्गठन

**इटकी।** 21 पड़हा कुर्गी के तत्वावधान में पड़हा व्यवस्था को मजबूत करने को लेकर 21 गांव के महतो, पहान, कोटवार, पइनभरा सहित समाज के अगुआ की बैठक गुरुवार को कुर्गी मैदान में हुई. मौके पर सर्वसम्मति से पड़हा संचालन समिति का पुनर्गठन किया गया. जिसके अध्यक्ष मतनु उरांव को बनाया गया. जबकि अनिल केरकेट्टा को उपाध्यक्ष, परनु मिंज उप सचिव, विशे उरांव संरक्षक व बंधु पहान को उप संरक्षक बनाया गया है. बैठक में रंथु उरांव, बीरू उरांव, उदय मुंडा, बिरसा उरांव, राजकुमार तिर्की, अनिल तिर्की, बीशू उरांव सहित कुल्ली, पलमा, तगड़ी, भंडारा, सुगदा, सौका, पुरियो सहित 21 गांव के पड़हा शामिल थे.

### घायल युवक से मिले सांसद एवं विधायक

**राहे।** ओपी थाना क्षेत्र के सताकी (भेलवाटीकर) के युवक अरविंद कुमार महतो (31 वर्षीय) की राहे पुलिस के द्वारा पिटाई किये जाने का मामला सामने आया है. घायल युवक का इलाज रिम्स में चल रहा है. इसकी जानकारी मिलने पर रांची सांसद संजय सेठ गुरुवार को रिम्स पहुंचे और घायल युवक से भेंट की. युवक ने सांसद को बताया कि मंगलवार शाम को राहे पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान मधुसूदन महतो को बिना हेलमेट वाहन चलाते हुए पकड़ा था. जिससे आम जनता में पुलिस की छवि और खराब हुई है. मौके पर कांके विधायक समरीलाल भी मौजूद रहे.

### हुवांगहातु में फगुआ गीतों पर जमकर उड़े अबीर गुलाल

**नामकुम।** केंद्रीय छोटानागपुर सरना समिति के अध्यक्ष बिरसा पहान के नेतृत्व में हुवांगहातु पंचायत के हुवांगहातु गांव में सरहुल मिलन सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का संचालन सोहराई पहान व धन्यवाद ज्ञापन शंकर सिंह मुंडा ने किया. छोटानागपुर सरना समिति के संरक्षक राज्यसभा सांसद डाप्रदीप वर्मा का स्वागत किया गया कार्यक्रम में सरना धर्मलंबियों ने संकल्प लिया कि सरना समाज की धर्म संस्कृति को आगे बढ़ाएंगे.

### डीएवी बचरा का वार्षिक परीक्षाफल हुआ घोषित

**पिपरवार।** डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में कक्षा तृतीय से लेकर नवम वर्ग के छात्र छात्राओ का वार्षिक परीक्षा का परिणाम की घोषणा गुरुवार हो किया गया. जिसमे वर्ग तृतीय से लेकर नवम वर्ग के छात्र छात्राओ का परीक्षाफल के परिणाम में छात्राओ ने परचम लहराया. इस वार्षिक परीक्षा में चतुर्थ वर्ग की छात्रा अनविका गर्ग ने ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया वहीं कुमारी गीतांजलि ने 94.26 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान. जबकि उदिता कुमारी नहक ने 92.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं स्थान प्राप्त किया.

### सिल्ली थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली थाना प्रांगण में होली एवं लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर गुरुवार के दिन संध्या 4 बजे से शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया. बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पुलिस उपाधीक्षक रणवीर सिंह ने कहा कि होली पर्व पर शराब पीकर हुड़दंग और उद्दंडता करने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी और उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी. मौके पर बीडीओ रेनू बाला,प्रमुख आरती देवी, पुलिस अवर निरीक्षक रवि कुमार वर्मा, संदीप कुमार, रामदेव कुमार यादव, मुखिया सोमरा माझी, शर्मिला कुमारी, राधिका महतो समेत दर्जनों लोग मौजूद थे.

**संथाल से लेकर धनबाद तक जुड़े हैं लॉटरी माफियाओं के तार**

# सीआईडी के रडार पर है 76 लॉटरी माफिया

रिजवान शम्स। धनबाद

झारखंड में प्रतिबंधित लॉटरी का कारोबार अरबों का है. यहां के 76 लॉटरी माफिया अपराध अनुसंधान विभाग रांची की रडार पर हैं. सीआईडी की टीम ने इन लॉटरी माफियाओं की सूची तैयार की है. इन 76 माफियाओं के मातहत काम करने वाले हॉकरों की संख्या हजारों में है. संथाल समेत पश्चिम बंगाल की सीमा से जुड़े लगभग हर जिले में लॉटरी का अवैध कारोबार फल-फूल चुका है. सीआईडी ने इन लॉटरी माफियाओं की पूरी कुंडली तैयार की है. धनबाद व पाकुड़ में अब तक अस्सी लाख से अधिक की लाटरी जब्त हो चुकी है. लॉटरी के अवैध कारोबार में बिहार के भी आधा दर्जन से शातिर शामिल हैं, जो धनबाद समेत कई अन्य जिलों में अपना अवैध कारोबार पसार कर करोड़ों रुपये का खेल कर रहे हैं. सीआईडी की टीम जल्द ही ऐसे लोगों के दरवाजों तक दस्तक देने वाली है.

बताते चलें कि रांची मुख्यालय की सीआईडी की छह सदस्यीय टीम ने मंगलवार को धनबाद में छापेमारी कर लॉटरी बेचने वाले चार हॉकरों को दबोचा था. इन हॉकरों के बयान पर करीब धनबाद के 9 बड़े कारोबारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई थी. इनमें डेहरी के रहने वाले पांच बड़े शातिरों के नाम शामिल हैं. ये लोग न सिर्फ धनबाद बल्कि संथाल समेत बंगाल और बिहार के कई इलाकों में अवैध लॉटरी का काम करते हैं. सीआईडी की टीम ने पकड़े गए लोगों से पूछताछ की थी. पकड़े गए हॉकरों को सीआईडी की टीम ने मोबाइल में मौजूद तस्वीरों को दिखाकर उनके बारे ये जानने की कोशिश की थी कि उन लोगों को अवैध लॉटरी का टिकट कौन मुहैया कराता है. इनमें से ही नौ लोगों की शिनाख्त हॉकरों ने की थी. इसी के आधार पर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई.

इधर सूत्रों की मानें तो सीआईडी ने लॉटरी के अवैध कारोबार को नेस्ताबूद करने के लिए मैदान में उतरने से पहले ही काफी कसरत की है. हर जिले के लॉटरी माफियाओं के बारे में तफ्शील जानकारी जुटाई है. किस कारोबारी का कौन सा ब्रांड है, और फिलहाल कितने ब्रांड बाजार में खरीदे व बेचे जा रहे हैं, सारी जानकारी लेने के बाद टीम ने छापेमारी की. यहां तक हॉकरों को पकड़ने में भी सीआईडी के गुप्तचरों ने भूमिका निभाई है. सीआईडी के गुप्तचरों ने हॉकरों का हुलिया, कपड़ा और जगह सारी जानकारी दे दी थी. 76 कारोबारियों को कारोबार में सपोर्ट करने वाले नेता से लेकर इनके लाइजनर कौन लोग हैं, इस बात की भी पुख्ता खबर सीआईडी के पास मौजूद है. ऐसे में माना जा रहा है कि जल्द ही इस अवैध कारोबार में बड़ी कार्रवाई हो सकती है.



**76 लॉटरी माफियाओं के मातहत काम करने वाले हॉकरों की संख्या हजार के पार**

- लॉटरी माफियाओं को सपोर्ट करने वाले नेता, उनके लाइजनर की भी सूची सीआईडी के पास

### सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं होली : प्रशांत मिश्रा

**पिपरवार।** पिपरवार थाना परिसर में शांति समिति की बैठक गुरुवार को संपन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने किया. बैठक में थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि यूनियन प्रतिनिधि समाजसेवी बुद्धिजीवी एवं विभिन्न राजनीतिक दल सहित सभी संप्रदाय के प्रबुद्ध नागरिक शामिल थे. बैठक में मुख्य रूप से पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा, एसआई अभिमन्यु कुमार, सुरेंद्र उपाध्याय, सहित पिपरवार क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी अरुण महतो ,झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्षा गुंजन सिंह, पंसस कुमारी अनुप्रिया ,पूर्व मुखिया मीना कुमारी, सांसद प्रतिनिधि अश्विनी दाराद, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता, सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे.

### ग्रामीण एसपी ने खलारी थाना का किया निरीक्षण

**मैकलुस्कीगंज।** रांची के ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने गुरुवार को मैकलुस्कीगंज थाने को औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना प्रभारी और उपस्थित पुलिसकर्मियों आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर थाना क्षेत्र में लंबित वारंट, समन का निष्पादन करने का निर्देश दिया. साथ ही अपराध पर अंकुश लगाने को कहा. इसके अलावा क्षेत्र में नियमित रुप से स्थान बदलकर चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया. उन्होंने होली और रमजान को देखते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करने का भी निर्देश दिया. इस दौरान एसपी ने मैकलुस्कीगंज में शांति समिति की बैठक में भी शामिल हुए.

## न्यूज अपडेट

### शांति समिति की बैठक में उड़े अबीर - गुलाल



**कांके।** कांके प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित सभागार में गुरुवार को होली, सरहुल, रामनवमी, ईद व लोकसभा चुनाव को लेकर शांति समिति की बैठक हुयी.जिसमें क्षेत्र के सभी प्रमुख राजनीतिक दल के कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि व पत्रकार शामिल हुए. बैठक में सीओ जय कुमार राम व बीडीओ विजय कुमार ने पर्व आपसी सौहार्द व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की. .बैठक के उपरांत रंगो का पर्व होली के मौके पर एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी. मौके पर प्रखंड उपप्रमुख अजय बैठा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर, सीआई चितरंजन टुडु, रविंद्र प्रसाद, इम्तियाज अहमद तथा सभी अंचलकर्मी उपस्थित थे.

### आचार संहिता का पालन सख्ती से कराएं: बीडीओ



**इटकी।** प्रखंड सभागार में बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर विशेष बैठक की . बैठक में सभी कोषांग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि आचार संहिता का पालन सख्ती से कराए . एवं सभी पंचायत सचिव को निर्देश दिया गया की एक सप्ताह के अंदर सभी बूथों का निरीक्षण कर प्रखंड कार्यालय को रिपोर्ट करे. ताकि जहां जिस चीज की भी जरूरत हो उसे तत्काल निष्पादन किया जा सके. साथ ही साथ बताया गया कि इस बार सभी बूथों को मॉडल बूथ के रूप में बनाया जाएगा. मौके पर अंचल अधिकारी विजय कुमार, बीएसओ हेमंत एक्का, सभी बीएलओ सुपरवाइजर, सभी स्कूलों के प्रधान अध्यापक, पंचायत सचिव, सभी पंचायत सहायक, रोजगार सेवक सहित ब्लॉक के कर्मी उपस्थित थे.

### स्कूली बच्चों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण



**ओरमांझी।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत राज्य परियोजना ने जलडेगा प्रखंड से चयनित 20 विद्यार्थियों को जिले से बाहर तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कराया गया. इस दौरान बच्चों को राजधानी रांची के राजभवन, रॉक गार्डन, साइंस सिटी, हिरण पार्क खूंटी, मछली घर, बिरसा जैविक उद्यान ओरमांझी, वाइल्ड वादी तुपुदाना का भ्रमण कराया गया. इस दौरान बच्चों ने लजीज भोजन का आनंद उठाया इस भ्रमण से बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला. मौके पर मुख्य रूप से बीपीओ आशा बिलुंग,फुलेंद्र कुमार साहू, पार्वती सिंह, मधुसूदन महतो, प्रभा कांडुलना आशा बिलुंग आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.

### मांडर में भाजपा कार्यकताओं ने जमकर खेली होली



**मांडर।** प्रखण्ड स्थित खुखरा सेल के बूढा महादेव मंदिर प्रांगण में गुरुवार को कार्यकर्ता सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लोहरदगा लोक सभा भाजपा के प्रत्याशी समीर उरांव ,भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो , पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर समीर उरांव ने शहीद के प्रतिमा पर शहीद एतवा उरांव, शहीद रंजीत खलखो के मूर्ति में माल्यार्पण किया. इस दौरान कार्यकर्ताओं के बीच अबीर और गुलाल भी उड़ाए गए मौके पर मंडार मंडल और टाँगर बसली मंडल के दर्जनों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे.

### ट्रक व ट्रैक्टर मे सीधी टक्कर,बड़ा हादसा टला

**बुढ़मू ।** थाना क्षेत्र मे गुरुवार 21 मार्च को सिदरौल चर्च के समीप मुख्य सड़क पर ट्रक व बालू लदा ट्रेक्टर की आमने सामने टक्कर हो गई, हलांकि इस टक्कर से कोई हताहत की सुचना नहीं है परन्तु जिस प्रकार से उक्त टक्कर से बड़ी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था, मिली सुचना के अनुसार ठाकुरगांव की ओर से आ रही एलपी ट्रक और बुढ़मू की ओर से जा रही बालू लदा ट्रैक्टर आमने-सामने टकराने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई, दोनों वाहनों के चालक सुरक्षित है। दुर्घटना में ट्रेक्टर की ट्राली के चक्के निकल कर बाहर आ गए। और ट्रक का आगे के हिस्से के पुर्जे टूटकर छितर वितर हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वहां से भाग निकला और ट्राली छोड़कर ट्रेक्टर चालक इंजन को लेकर वहां से चला गया। उक्त दुर्घटना अहले सुबह हुई, जिसके कारण पथ पर अवगमन कम था, अगर यह घटना दिन के उजाले मे होती तो कई लोग इसके चपेट मे आ सकते थे,सुचना पर पहुंची बुढ़मू पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे मे कर विधिसम्मत कार्रवाई कर रही है.

## भारत आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभरा है:अर्जुन मुंडा



संवाददाता। बुंडू

भारत आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ा है और आर्थिक महाशक्ति के रूप में ग्लोबल स्तर पर उभरा है. उक्त बातें स्थानीय पूर्व सांसद सह कृषि व जनजातीय मामले के केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कही. वे गुरुवार को बुंडू में गणमान्य लोगों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा. उन्होंने आगे कहा कि भारत आज अन्न से लेकर आर्थिक, सामरिक रूप में भी मजबूत होकर उभरा है. पूर्व सरकारों द्वारा देश का सोना गिरवी रखना पड़ता था लेकिन आज परिस्थिति बदली है.आज सोना देश में आयात हो रहा है और यह सब आप लोगों के सहयोग से प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व में संभव हुआ है. उन्होंने इशारों ही इशारों में आगामी चुनाव में नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत करने का आह्वान किया.मौके पर प्रमोद कुमार ने भी संबोधित किया. इस अवसर पर लोगों ने बुंडू को रेललाइन से जोड़ने का मामला उठाया.जिस पर श्री मुंडा ने कहा कि रेलवे का काम आगे बढ़ा है.लेकिन हमारी सरकार घोषणाएं नहीं करती है सीधे काम करती है.आगे लोगों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि केन्द्र सरकार बालू के विकल्प पर खोज कर रही है. मौके पर सनत कुमार चेल, अनूप कुमार चेल, विनय कुमार गुप्ता, आरूण जैन, दिनेश जायसवाल, अरविंद जायसवाल, मोहित नायेक, शिव प्रसाद प्रजापति, बिमल प्रजापति, शिवराज सिंह, लखन महतो, इत्यादि मौजूद थे.

### सद्भाव के साथ सभी लोग होली मनायें : डीएसपी

**इटकी।** थाना परिसर में होली और रमज़ान पर्व को लेकर गुरुवार को शांति समिति की बैठक डीएसपी अखिल निखिल कुजूर की अध्यक्षता में हुई . बैठक में आपसी सद्भाव के साथ पर्व मनाने, शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने व होलिका दहन के दिन 24 मार्च को प्रशासन के साथ समिति के सदस्यों का नगर भ्रमण किये जाने सहित कई अन्य निर्णय लिये गये . जबरन किसी को भी रंग व गुलाल नहीं लगाये जाने के निर्णय को कड़ाई से पालन किये जाने की भी बातें कही गयी. साथ ही केमिकल मुक्त रंगों का इस्तेमाल करने की बात कही गई. बैठक में अंतरराष्ट्रीय धावक बुधवा उरांव और समाज सेवी गणेश साव के निधन पर दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई. मौके पर बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग, सीओ विजय कुमार,उप प्रमुख परवेज़ राजा, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, लाल रामेश्वर नाथ शहदेव, सद्भावना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत केसरी, आजसू जिला सचिव मुर्तजा आलम, हाजी मोइनुद्दीन, हाजी तस्लीम अहमद , राजकुमार तिर्की, संजय महतो , सलीम अंसारी, नंदलाल महतो, देवेंद्र महतो ,जमील अख्तर, नौशाद अख्तर, सहित अन्य शामिल थे.

## होली में अश्लील गाने व डीजे पर प्रतिबंध रहेगा : डीएसपी



संवाददाता। चान्हो

चान्हो थाना प्रांगण में गुरुवार को शांति समिति की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी ने किया, जबकि संचालन थाना प्रभारी अजीम अंसारी ने किया. बैठक में होली शांतिपूर्ण और सौहार्द पूर्वक मनाने की अपील की गयी. बैठक की अध्यक्षता कर रहे डीएसपी ने कहा कि चल रहे रमजान के पाक माह और होली पवित्र त्यौहार को देखते हुए शांति समिति की बैठक बुलायी गयी है. त्यौहार में फुहड़ और अश्लील होली गाने व डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा. थाना प्रभारी ने कहा की चान्हो के लोग काबिले तारीफ है. यहां के लोग एक दुसरे के पर्व त्योहार मे बढ़ चढ़ कर भागीदारी निभाते है. प्रभारी ने कहा त्यौहार के दौरान हुड़दंगी लोग शांति भंग करने के फिराक में रहते हैं. ऐसे असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी. पकड़े जाने पर वैसे लोगों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और उन्होने आचार संहिता का पालन करने को कहा. मौके पर प्रमुख होलिका देवी, अजीत कुमार सिंह, जुल्फान अंसारी, इस्तेयाक अंसारी, महादेव उरांव, सफीक अंसारी, कृष्ण मोहन, मो. मुजीबुल्लाह, मो गफार, अविनाश गुप्ता, मौलाना रफीक सहित दर्जनों लोग मौजूद थे.

**झरिया से धनबाद आवास लौटने के दौरान स्टीलगेट पर गोलियों से कर दिया था छलनी**

# नीरज सिंह हत्याकांड के पूरे हुए सात साल

संवाददाता। धनबाद

21 मार्च 2017 की शाम करीब सात बजे रहे थे. उपमेयर नीरज सिंह अपने फॉरच्यूनर पर सवार चार अन्य लोगों के साथ झरिया से धनबाद रघुकुल आवास लौट रहे थे. सरायढेला ठीक स्टीलगेट के पास बने स्पीडब्रेकर के समीप चार शूटरों का एक गिरोह घात लगाए नीरज सिंह की गाड़ी के आने का इंतजार कर रहा था. जैसे ही नीरज सिंह की गाड़ी स्पीडब्रेकर के पास धीमी हुई, चारों तरफ से घेर कर शूटरों ने ताबड़तोड़ गोलियों की बरसात शुरू कर दी. थोड़ी देर में ही गोलियों के धमाके और धुएं से आसपास का इलाका भर गया. अफरा-तफरी व दहशत में लोग इधर-उधर भागने लगे. बड़े आराम से शूटर फिर नीरज सिंह के वाहन के करीब आए, कार की पहली सीट पर बैठे नीरज सिंह को देखा, फिर पिस्टल निकाली और एक गोली कनपटी पर सटा कर चला दी. इसके बाद बाइक पर बैठे और यहां से निकल गए. वारदात के बाद पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की. विधायक संजीव सिंह के करीबी रहे रंजय सिंह के बड़े भाई संजय सिंह को बिहार से गिरफतार किया गया.



**खास बातें**

- वारदात के बाद से जेल में बंद है पूर्व विधायक संजीव सिंह
- चार शूटरों ने फायरिंग के बाद उतार दिया था मौत के घाट

### हत्याकांड में पंकज सिंह समेत अन्य की हुई पेशी

पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह सहित चार लोगों की हत्या के आरोप में जेल में बंद झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह को स्वास्थ्य खराब रहने के कारण पेश नहीं किया जा सका. वहीं धनजी सिंह,डब्लू मिश्रा,संजय सिंह, पिंटू सिंह, शूटर शिबू उर्फ सागर, सोनू उर्फ कुर्बान,सतीश उर्फ रोहित उर्फ चंदन एवं मास्टरमाइंड पंकज सिंह को जिला एवं सत्र न्यायाधिश अखलेश कुमार की अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया. सुनवाई के दौरान संजीव सिंह की ओर से एक आरटीआई आवेदन के तहत प्राप्त किए गए जवाब को दाखिल किया गया.

**पूर्व में दिए गए मांग पत्र पर प्रबंधन ने दिए सकारात्मक आश्वासन**

# प्रबंधन व ग्रामीणों के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता

संवाददाता। पिपरवार

सीसीएल पिपरवार क्षेत्र स्थित पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय सभागार में बहेरा पंचायत के राजधर, बहेरा,कारो के विस्थापित ग्रामीणों संग सीसीएल पिपरवार प्रबंधन की द्विपक्षीय वार्ता गुरुवार को संपन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता अशोका परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार और संचालन भूमि एंव राजस्व विभाग के मोहनलाल सिंह ने किया. द्विपक्षीय वार्त्ता के दौरान राजधर साइडिंग से विस्थापित हुए ग्रामीणों के द्वारा सीसीएल प्रबंधन को पूर्व में सौंपे गए मांग पत्र पर चर्चा की गई. ग्रामीणों ने कहा कि 4 जून तक प्रबंधन को समय दिया गया है यदि मांगे पूरी नहीं होती है तो 5 जून से हड़ताल किया जाएगा.बैठक में प्रबधंन की ओर से परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार,एसओसी सुमन कुमार,भूमि एंव राजस्व विभाग के मोहनलाल सिंह, नीरज कुमार,राजीव रंजन सहित ग्रामीणो मे बहेरा पंचायत मुखिया रेखा देवी,पंसस बंसती देवी,वार्ड सदस्य फहीम रजा,जाहिद अली, रमेश मुंडा,सोनु गुप्ता,बिरेंद्र उरांव,मोहम्मद इलियास, देवकुमार उरांव,परेश उरांव, नरेश उरांव,नुमन उरांव, फूलमनी देवी,मालती देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे.



# भाजपा के 11 प्रत्याशियों का जनसंपर्क और जनसंवाद हुआ तेज

- शहर-गांव और कस्बे नेताओं से हुए गुलजार
- एक दिन में 25-30 गांवों का दौरा कर रहे हैं मनीष जायसवाल
- नाराज कार्यकर्ताओं को मनाने में जुटे हुए हैं विष्णु दयाल राम

**सत्य शरण मिश्रा। रांची**

लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही शहर, गांव, कस्बे और चौक-चौराहे गुलजार हो गये हैं. हर तरफ नेताजी दिखाई पड़ रहे हैं. जिन नेताओं का टिकट फाइनल हो चुका है वे दिन भर शहर और गांव की गलियों की खाक छान रहे हैं. झारखंड में भाजपा के घोषित 11 प्रत्याशी मोदी का परिवार और अबकी बार 400 पार के नारे के साथ जनता के बीच पहुंच रहे हैं. इनमें कुछ नेता ऐसे भी हैं जो जिन्हें जनता पिछले लोकसभा चुनाव के बाद सीधा इस बार देख रही है. कुछ नेताओं को पहली बार लोकसभा का टिकट मिला है. इनमें समीर उरांव और मनीष जायसवाल जैसे नेता शामिल हैं, जो पूरी ऊर्जा और जोश के साथ एक दिन में 22-30 जगहों पर पहुंचकर जनता से मिल रहे हैं. कुछ सीटिंग सांसद भी चुनाव लड़ रहे हैं, जो अपने लोकसभा क्षेत्र के सामाजिक, राजनीतिक समीकरण के मुताबिक अपने कार्यक्रम निर्धारित कर रहे हैं. वहीं वीडी राम जैसे प्रत्याशी फिलहाल पार्टी के नाराज नेताओं को मनाने में लगे हैं.



भाजपा ने विधायक मनीष जायसवाल को हजारीबाग लोकसभा सीट का प्रत्याशी बनाया है. मनीष अपने नाम की घोषणा होने के बाद दूसरे दिन से ही तैयारी में जुट गये हैं. 4 मार्च से ही उन्होंने हजारीबाग संसदीय सीट का दौरा करना शुरू कर दिया. एक दिन में 25 से 30 कार्यक्रमों में शामिल होते हैं. हजारीबाग संसदीय सीट के सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक राउंड जनसंपर्क, जनसंवाद और नुक्कड़ सभा कर चुके हैं.

**-मनीष जायसवाल**



समीर उरांव पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं. उन्हें भाजपा ने लोहरदगा से प्रत्याशी बनाया है. समीर पिछले 15 दिन से लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में पसीना बहा रहे हैं. हर दिन 15 से 20 कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं. होली मिलन और कार्यकर्ता मिलन जैसे कार्यक्रमों के जरिये कार्यकर्ताओं को एक्टिव कर रहे हैं. धार्मिक संस्थाओं और आश्रमों से भी संपर्क कर रहे हैं.

**-समीर उरांव**



भाजपा ने निशिकांत दुबे को चौथी बार गोड्डा लोकसभा सीट से उतारा है. निशिकांत फिलहाल उन विधानसभा क्षेत्रों में मेहनत कर रहे हैं, जहां कांग्रेस का ज्यादा दबदबा है. पोड़ैयाहाट और महगामा विधानसभा क्षेत्र में उनका सबसे ज्यादा दौरा हो रहा है. पोडैयाहाट, महगामा और पथरगामा बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर वहां अपना जनाधार बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं.

**-निशिकांत दुबे**




गीता कोड़ा को भाजपा ने चाईबासा से प्रत्याशी बनाया है. गीता कोड़ा फिलहाल झामुमो के कब्जे वाले 5 विधानसभा सीटों पर फोकस कर रही हैं. सभी विधानसभा क्षेत्रों का तूफानी दौरा शुरू कर दिया है. मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के विधानसभा सरायकेला और पूर्व मंत्री जोबा मांझी के विधानसभा क्षेत्र मनोहरपुर में वे जनसंपर्क कर चुकी हैं. स्थानीय सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों में भी बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं.

**-गीता कोड़ा**



जमशेदपुर से विद्युत वरण महतो भाजपा के प्रत्याशी हैं. फिलहाल वे जमशेदपुर में बिखरे भाजपा कार्यकर्ताओं को जोड़ने के काम में जुटे हैं. विक्षुब्ध कार्यकर्ताओं के बीच पहुंच रहे हैं. वहीं पोटका, मानगो, पटमदा, सोनारी जैसे इलाकों में आयोजित होली मिलन समारोह के बहाने जनसमर्थन जुटाने की मुहिम चला रहे हैं. धार्मिक कार्यक्रमों में भी जोरशोर से शामिल हो रहे हैं.

**-विद्युतवरण महतो**



वीडी राम पलामू संसदीय सीट से भाजपा के प्रत्याशी हैं. टिकट मिलने के बाद पलामू के भाजपा कार्यकर्ता इनका विरोध कर रहे हैं. विक्षुब्ध नेताओं की नाराजगी दूर करने के लिए वीडी राम हर दिन 8-10 कार्यकर्ता मिलन समारोह और बैठक में शामिल हो रहे हैं. मेदिनीनगर, हरिहगंज, लहलहे, पोलपोल, बंशीधर नगर इलाके में वीडी राम का विरोध ज्यादा है. इसलिए उन्होंने फिलहाल इन इलाकों का दौरा बढ़ा दिया है.

**-वीडी राम**



केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी कोडरमा से भाजपा की प्रत्याशी हैं. कोडरमा विधानसभा क्षेत्र में इनका काफी दबदबा है, लेकिन धनवार, बगोदर और गांडेय विधानसभा क्षेत्र में इनके सामने बड़ी चुनौती है. सबसे पहले उन्होंने धनवार विधानसभा क्षेत्र से पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात का सिलसिला शुरू किया है. चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक कर वोटबैंक बढ़ाने की रणनीति बना चुकी हैं.

**-अन्नपूर्णा देवी**




ताला मरांडी राजमहल संसदीय सीट से भाजपा के प्रत्याशी हैं. वे बोरियो विधानसभा के विधायक भी रह चुके हैं. उन्होंने अपने चुनावी अभियान की शुरूआत बोरियो विधानसभा क्षेत्र से ही शुरू की है. बोरियो विधानसभा क्षेत्र में कई जगहों पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर वोट सुनिश्चित करने की रणनीति बना चुके हैं.

**-ताला मरांडी**



दुमका से सुनील सोरेन भाजपा के प्रत्याशी हैं. जब उन्हें प्रत्याशी बनाया गया तब उन्होंने पूरे जोश के साथ अपना चुनावी अभियान शुरू किया. पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर सभी 6 विधानसभा सीटों में जीत हासिल करने की रणनीति बनाई. बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन किया. रोजगार न्याय मार्च निकालकर दुमका नियोजन कार्यालय का घेराव किया, लेकिन जैसे ही जामा विधायक सीता सोरेन भाजपा में शामिल हुईं सुनील सोरेन की गतिविधियां कम हो गई है.

**-सुनील सोरेन**



भाजपा ने संजय सेठ को रांची लोकसभा का प्रत्याशी बनाया है. संजय सेठ ने सभी वर्ग और समुदाय को साधने की रणनीति तैयार की है. होली मिलन समारोहों में खूब शामिल हो रहे हैं. नामकुम, नगड़ी, काठीटांड़ समेत कई इलाकों का दौरा कर जनसंपर्क कर रहे हैं. हर दिन अपने आवास पर भी सैकड़ों लोगों से मिल रहे हैं.

**-संजय सेठ**



केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को खूंटी से भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है. वे अबतक खूंटी, सरायकेला, खरसावां समेत कई इलाकों का दौरा कर कार्यकर्ताओं के साथ चाय पर चर्चा कर चुनाव की रणनीति बना चुके हैं. दिल्ली और तेलंगाना के दौरे कारण पिछले 2-3 दिन से वे अपने लोकसभा क्षेत्र में बहुत ध्यान नहीं दे पा रहे हैं.

**-अर्जुन मुंडा**

## स्वस्थ रहने के लिए नियमित व्यायाम करें महिलाएं : डॉ. विनोद

**घाटशिला।** घाटशिला कॉलेज में प्राचार्य डॉ आरके चौधरी की अध्यक्षता में महिला स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम गुरुवार को आयोजित की गई. इसमें जमशेदपुर के चर्चित स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ विनोद एस अग्रवाल ने कहा कि महिलाएं स्वस्थ रहने के लिए नियमित व्यायाम करें. लड़कियां फास्ट फूड एवं जंक फूड से परहेज करें.

सोने के समय बेड पर मोबाइल का प्रयोग नहीं करें और ना ही बेड पर मोबाइल रखें. उन्होंने महिलाओं में होने वाली पीसीओस बीमारी के संबंध में पीपीटी के माध्यम से बताते हुए कहा कि जागरूकता से ही इस बीमारी से बचा जा सकता है तथा अपने देश को पीसीओएस बीमारी से मुक्ति दिलाई जा सकती है. इसके लिए एक प्रतिज्ञा भी करवाया. इससे पूर्व प्राचार्य डॉ आर के चौधरी ने डॉ अग्रवाल का स्वागत किया. कार्यक्रम का संचालन डेजी सेवा ने किया. इस मौके पर डॉक्टर पीके गुप्ता, डॉक्टर एसपी सिंह, डॉक्टर संदीप चंद्र, डॉक्टर डीसी राम, प्रोफेसर अर्चना सुरीन, मल्लिका शर्मा, परवल मंजरी पातर, डॉक्टर कंचन सिंहा, प्रतिभा कुमारी, सोनल पटनायक, तरन्नुम परवीन, विकास कुमार महतो, बसंती मार्डी, मानिक मार्डी, समीर कुमार राय के अलावे काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं.

## राशिफल



**आचार्य प्रणव मिश्रा**

**मेष** – पंचम चंद्र संतान से लाभ का योग बनाता है. विद्यार्थी वर्ग शोध कार्य व शैक्षणिक गतिविधियों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं. स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा.

**वृषभ** – किसी से बिना वजह का विवाद होगा. कार्य की सफलता के लिए प्रयास अधिक करने पड़ेंगे. गलतफहमी से विवाद हो सकता है. भावनाओं पर अंकुश आवश्यक है. हितशत्रुओं से सावधान रहें. कारोबार ठीक चलेगा.

**मिथुन** – भाई से संबंध मधुर होगा. आय में वृद्धि होगी. कोई बड़ा कार्य प्रारंभ करने का मन बनेगा. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा. निवेश शुभ फल देगा. समय की अनुकूलता का लाभ लें, जिसका आप भरपूर प्रयास करें.

**कर्क** – आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. आय में वृद्धि होगी. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा. कार्य को लेकर ज्यादा व्यस्तता रहेगी.

**सिंह** – समय बहुत ही उत्तम है. रोजगार में वृद्धि होगी. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. भाग्य का सहारा रहेगा. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. चोट व रोग से बचें. किसी बड़ी समस्या से निजात मिल सकती है. सूर्य को अर्घ्य दें.

**कन्या** – कल कर्ज लेना पड़ सकता है. किसी व्यक्ति के उकसावे में नहीं आएं. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. आय बनी रहेगी.

**तुला** – चोट व रोग से हानि की आशंका है, लापरवाही न करें. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. पुरानी लेनदारी वसूली के प्रयास सफल रहेंगे. कारोबार में वृद्धि होगी. नए कार्य को लेकर जल्दबाजी न करें.

**वृश्चिक** – कोई मानसिक पीड़ा हो सकती है. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. शत्रुओं का पराभव होगा. आर्थिक नीति में बदलाव हो सकता है. कार्यप्रणाली में सुधार होगा. तत्काल लाभ नहीं मिलेगा. सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी.

**धनु** – भाग्य का साथ मिलेगा. पर कोई अनहोनी की आशंका रह सकती है. कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी मामलों की बाधा दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. पूजा-पाठ आदि पर व्यय होगा.

**मकर** – किसी से कहासुनी हो सकती है. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है. वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में लापरवाही न करें. कारोबार ठीक चलेगा. कार्य होगा और आय में निश्चितता रहेगी.

**कुंभ** – कोई चोट मोच लग सकता है. दांपत्य जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा. कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी. आय में वृद्धि होगी. नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा. नये कार्य का लाभ होगा. अन्न दान करें.

**मीन** – मौसमी बीमारियों से बचाव आवश्यक है. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. लंबी यात्रा की योजना बन सकती है. स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. जल्दबाजी में कोई व्यवहार न करें. अन्न का दान करें.

**लोकसभा चुनाव 2024**

**कुल मतदाता 16,82,219**

| महिला | पुरुष |
|---|---|
| 8,91,023 | 8,40,995 |

**ट्रांसजेंडर : 07**

### सबसे कम मतों से जीत का रिकॉर्ड राजमहल लोस में बना था

# अबकी बार किसकी झोली में जाएगी राजमहल की सीट ?

**प्रवीण कुमार। रांची**

भारत के संसदीय चुनावों के इतिहास में सबसे कम मतों से जीतने वाला रिकॉर्ड राजमहल लोकसभा में बना था. भाजपा के सोम मरांडी ने वर्ष 1998 में राजमहल क्षेत्र में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस नेता थॉमस हांसदा को नौ वोट से हराया था. इस संसदीय क्षेत्र को साहिबगंज और पाकुड़ जिले के कुछ इलाकों को मिलाकर गठित किया गया है. इस लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्रों को शामिल किया गया है. राजमहल सीट से कांग्रेस ने आठ, झामुमो ने पांच, भाजपा ने दो बार और बीएलडी और जनता पार्टी ने एक-एक बार जीता है.

- **भाजपा ने ताला मरांडी को बनाया है उम्मीदवार** : 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने ताला मरांडी को उम्मीदवार बनाया हैं. वहीं, झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अबतक अपने अधिकृत उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है, लेकिन झामुमो के निर्वतमान सांसद विजय कुमार हांसदा को फिर से टिकट मिलने की संभावना व्यक्त की जा रही है. वहीं पार्टी के विक्षुब्ध विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने नए संगठन की घोषणा कर चुके है. लोबिन ने इसे ''झारखंड बचाओ मोर्चा'' का नाम दिया है. कहा यह भी जा रहा है लोकसभा चुनाव राजमहल से लोबिन हेम्ब्रम भी लड़ेंगे. इसलिए राजमहल लोकसभा का चुनाव काफी रोचक होने की संभावना है. बता दें कि जनता दल से लोबिन हेम्ब्रम भी खड़े थे जिन्हें 15.4 % वोट प्राप्त हुए
- **1957 में हुआ था पहला चुनाव** : 1957 में पहली बार राजमहल के लिए चुनाव हुआ. इस चुनाव में कांग्रेस की तरफ से पाइका मुर्मू ने जीत दर्ज की. इसमें काग्रेस को 47.01 % मत मिले थे तथा झारखंड पार्टी के रॉबर्ट सैम्युल बेसरा को 45.8 % वोट मिले थे.





- **1962 के लोकसभा चुनाव के नतीजे** : 1962 में हुए दूसरे लोकसभा चुनाव झारखंड पार्टी के ईश्वर मरांडी ने जीत दर्ज की. उन्हें कुल 50 % मत मिले थे, जबकि कांग्रेस को 37.5 % वोट मत मिले.
- **1967 में ईश्वर मरांडी कांग्रेस से जीता चुनाव** : 1967 में कांग्रेस ने ईश्वर मरांडी को अपनी पार्टी में लाया और टिकट दिया. जिसमें ईश्वर मरांडी ने जीत दर्ज की. ईश्वर मरांडी को कुल 26.6 % वोट मिले. जबकि स्वतंत्र पार्टी से चुनाव लड़े रामस्वरूप बेसरा को 22.5 % वोट मिले.
- **1971 के चुनाव में फिर आई कांग्रेस** : 1971 के चुनाव में फिर से ये सीट कांग्रेस के पास ही रही. कांग्रेस को 44.4 % वोट मिले, जबकि बिहार प्रांत हुल झारखंड पार्टी को 28.5 और भारतीय जनसंघ को 15.7 % मत प्राप्त हुए थे.
- **1977 फादर एंथोनी मुर्मू ने जीता चुनाव** : 1977 में हुए लोकसभा चुनाव में भारतीय लोकदल के एंथोनी मुर्मू ने जीत दर्ज की. उन्हें कुल 66.3 % वोट मिले थे तथा कांग्रेस को 25.8 % मत ही प्राप्त हुए थे.
- **1980 में कांग्रेस ने जीत हासिल की** : 1980 के हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने यहां से सेठ हेम्ब्रम को टिकट दिया. कांग्रेस के को कुल 39.4 % मत मिले थे. जबकि जनता पार्टी के पालू हांसदा को 21.8 % वोट मिले थे.
- **1984 में कांग्रेस के सेठ ने फिर दर्ज की जीत** : 1984 के सेठ हेम्ब्रम की ही जीत हुई. उन्हें कुल 48.6 % वोट मिले, जबकि झारखंड मुक्ति मोर्चा के साइमन मरांडी को 23.8 % वोट मिले थे.
- **1989 में कांग्रेस से छिना सीट** : 1989 को हुए लोकसभा चुनाव में राजमहल सीट पर परिवर्तन हुआ. यहां से झारखंड मुक्ति मोर्चा के साइमन मरांडी ने जीत दर्ज की. साइमन मरांडी को कुल 56.6 % मत मिले, जबकि इससे पहले लगातार दो बार सीट पर कब्जा जमाए सेठ हेंब्रम 16.7 % मत ही प्राप्त कर सके.
- **1991 में झामुमो फिर जीता** : 1991 के चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के साइमन मरांडी ने इस सीट पर जीत दर्ज की. साइमन मरांडी को कुल 37.5 % वोट मिले. कांग्रेस के थॉमस हांसदा को 30.6 % वोट ही प्राप्त हो सके, जबकि भाजपा के संतलाल मरांडी को 26.9 % मत प्राप्त हुए.
- **1996 में कांग्रेस ने दर्ज की जीत** : 996 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के थॉमस हांसदा ने जीत दर्ज की, जबकि झारखंड मुक्ति मोर्चा के साइमन मरांडी को 19.8 % वोट मिले. वहीं, भाजपा को 16.3 % वोट प्राप्त हुए. यहां जनता दल से लोबिन हेम्ब्रम भी खड़े थे जिन्हें 15.4 % वोट प्राप्त हुए.
- **1998 में पहली बार भाजपा ने जीता राजमहल** : 1998 की हुई लोकसभा चुनाव में पहली बार भाजपा पार्टी के उम्मीदवार सोम मरांडी ने इस सीट पर मात्र नौ वोट से जीत दर्ज की. भाजपा को कुल 33.4 % वोट मिले, जबकि कांग्रेस को 33.4 % और झामुमो को 25.2 % मत प्राप्त हुए.
- **1999 में कांग्रेस ने जीता लोस चुनाव** : 1999 के चुनाव में फिर से कांग्रेस ने कब्जा जमाया. कांग्रेस के थॉमस हांसदा को कुल 44.4 % वोट मिले, जबकि भाजपा के सोम मरांडी को 33.01 % ही मत प्राप्त हुए. वहीं झामुमो के साइमन मरांडी को 20.1 % मत प्राप्त हुए.
- **झामुमो ने 2004 में जीता चुनाव** : 2004 में हुए चुनाव झारखंड मुक्ति मोर्चा के हेमलाल मुर्मू ने जीत दर्ज की. झामुमो को 32.8 % जबकि कांग्रेस के थॉमस हांसदा को 32.3 % वोट मिले. वहीं, भाजपा के उम्मीदवार सोम मरांडी को 27.8 % मत प्राप्त हुए थे.
- **2009 में भाजपा ने दर्ज की जीत** : 2009 के चुनाव में भाजपा के देवीधन बेसरा ने जीत दर्ज की थी. उन्हें कुल 26.5 % वोट मिले थे. झामुमो के हेमलाल मुर्मू को 24.7 और राष्ट्रीय जनता दल के थॉमस हांसदा को 20.2 % वोट मिले थे.
- **2014 में झामुमो की हुई जीत** : 2014 में राजमहल लोकसभा सीट से विजय कुमार हांसदा चुनाव जीते. झारखंड मुक्ति मोर्चा को इस सीट पर 29.9 फीसदी मत प्राप्त हुए थे. मोदी लहर के बावजूद भाजपा यहां से हार गई.
- **2019 में भी हारी भाजपा** : 2019 के लोकसभा चुनाव झारखंड मुक्ति मोर्चा के विजय कुमार हांसदा को 48.5 % , जबकि भाजपा के हेमलाल मुर्मू को 39 % मत ही प्राप्त हुए थे.

## बूढ़ा पहाड़ के लोग लोकतंत्र के पर्व में होंगे शामिल : आईजी



**संवाददाता। पलामू**

पलामू में जोनल आईजी नरेंद्र कुमार सिंह ने लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की. बैठक में सीआरपीएफ डीआईजी पंकज कुमार, पलामू एसपी रिष्मा रमेशन समेत पुलिस के कई अधिकारी मौजूद रहे. आईजी ने सुरक्षा को लेकर कई बिंदु पर समीक्षा की है. मीडिया से बात करते हुए आईजी ने कहा कि चुनाव आयोग के गाइडलाइन के आधार पर निष्पक्ष चुनाव कराना प्राथमिकता है. इसको लेकर तैयारी की जा रही है. पुलिस जवानों की सुरक्षा और उनकी व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए गए हैं. जोनल आईजी नरेंद्र कुमार सिंह ने यह भी कहा कि इस बार बूढ़ा पहाड़ में रहने वाले ग्रामीण भी लोकतंत्र के पर्व में शामिल होंगे. उसको लेकर भी पुलिस प्रशासन तैयारी कर रही है.

## पेज एक का शेष

### यह चुनाव नरेंद्र मोदी पर...

बावजूद इसके सुप्रीम कोर्ट की कुंडी खटखटाई गयी. दो नये महानुभाव नियुक्ति हो गये हैं. सुप्रीम कोर्ट ने न रोका, न टोका. शायद बाद में देखेगा. तब तक चुनाव निपट गये होंगे.

**ईवीएम पर फिर हाहाकार :** ईवीएम पर फिर हाहाकार है. मोदी जीते तो यह मशीन जिम्मेदार होगी. वह हारे तो माना जायेगा कि मशीन में कोई गड़बड़ी नहीं की गयी. निर्वाचन आयुक्त मोदी के ही हैं. उनसे ईमानदारी की उम्मीद नहीं की जा सकती. पहले के निर्वाचन आयुक्त ईमानदार, निष्पक्ष होते थे क्योंकि उन्हें ईमानदार प्रधानमंत्री नियुक्त करते थे. तभी तो रिटायर होने के बाद आयुक्तों को राज्यपाल और केंद्रीय मंत्री बना दिया जाता था.

**आरोपों की बौछार के बीच मोदी 2047 की योजना पर कर रहे काम**

अब कहा जा रहा है कि मोदी से गया गुजरा प्रधानमंत्री कोई हुआ ही नहीं. देश की सीमाएं असुरक्षित हैं. विदेश नीति भी फेल हो गयी है. पूरी दुनिया हमें हिकारत की नजर से देखती है, महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है. मोदी ने राम मंदिर बनवाकर समाज में वैमनस्य की खाई पैदा कर दी है. इन हालात को बदलने के लिए मोदी को हराना जरूरी है. लेकिन मोदी हैं कि 2047 की योजना पर काम कर रहे हैं. उन्होंने अगली सरकार के 100 दिनों का एजेंडा अभी से सेट कर दिया है. लगभग सभी राज्यों में सभाएं कर चुके हैं. भाजपा का हर बड़ा नेता रोज किसी न किसी राज्य में पहुंच रहा है. यह अभियान अबकी बार चार सौ पार का नारा लगाकर विरोधियों को डरा रहा है. इस बार तो पूरा देश मोदी का परिवार वाला नारा भी खूब चल रहा है. यह मौका भी एक बड़बोले मसखरे और प्रामाणिक अपराधी नेता ने दिया है. पिछली बार मैं भी चैकीदार चला था. यह चैकीदार चोर है का जवाब था. 2014 में चाय पर चर्चा चली, क्योंकि अभिजात्यों को लगता था कि चायवाला क्या खाक प्रधानमंत्री बनेगा. इस बार एक और नारा है-झूठ और लूट को हराना है, मोदी को जिताना है. मुंबई के शिवाजी मैदान से शक्ति को पराजित करने की हुंकार भरी गई है. इसके जवाब में शक्ति को दुर्गा और नारी से जोड़ दिया गया है. अब बचाव मुश्किल हो रहा है. आगे क्या होगा, पता नहीं.

**अलग-अलग चरणों में मदारियों की टोलियां आयेंगी**

नतीजे चार जून को आयेंगे. तब तक अलग-अलग चरणों में मदारियों की टोलियां आयेंगी. भीड़ जुटायेंगी. कुछ नये-पुराने करतब दिखायेंगी. जनता को बहलायेंगी-फुसलायेंगी. एक -दूसरे पर अपने शब्दकोष खाली करेंगी. तालियां बजवायेंगी. किसिम-किसिम की गाड़ियां दौड़ायी जायेंगी. आसमान उड़नखटोलों से भर जायेंगे. वे उतरेंगे तो धूलभरी आंधी लायेंगे. आपकी आंखें चौंधियां जायेंगी. दो-ढाई महीने चुनाव का पर्व मनेगा. इसी बीच पहले होली आएगी फिर रामनवमी, ईद और वैसाखी भी. इनके बीच नेताओं का रूप-रंग देखते ही बनेगा. पता नहीं, मतदाताओं के मन में क्या है ? वे किसकी अपील दलील समझेंगे और किसकी ठुकरायेंगे. लेकिन गर्मी के इन दिनों में आशाओं के सागर में गोते लगानेवाले नेताओं, कार्यकर्ताओं की मौज तो रहेगी ही.

### दिल्ली के सीएम केजरीवाल गिरफ्तार...

टीम ने उन्हें आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में जांच में शामिल होने के लिए समन सौंपा. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. केजरीवाल के खिलाफ ईडी की कार्रवाई पर आम आदमी पार्टी (आप) ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है. उच्च न्यायालय ने केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में दंडात्मक कार्रवाई से राहत प्रदान करने से इनकार कर दिया. इस बीच, केजरीवाल ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया है. ईडी टीम के पहुंचने के तुरंत बाद केजरीवाल के आवास पर पहुंचे आप नेता और दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने संवाददाताओं से कहा, ऐसा लगता है कि ईडी छापेमारी कर रही है. मुझे अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई. अधिकारियों ने बताया कि ईडी टीम ने मुख्यमंत्री आवास के कर्मचारियों को बताया कि उसके पास तलाशी वारंट है.


**मिसाल**

### विरासत में नहीं मिली राजनीति, संघर्षों के दम पर देशभर में अलग पहचान बनाने में कामयाब हुई हैं बरला


# खूंटी के ग्रामीण कर रहे हैं दयामनी बरला की उम्मीदवारी की वकालत

**पॉलिटिकल रिपोर्टर। खूंटी**


झारखंड के अरहारा में मुंडा आदिवासी परिवार में जन्मी दयामनी बरला अपने संघर्षों के दम पर देशभर में अपनी पहचान रखती हैं. कोयलकारो परियोजना, खतियानी नीति, मित्तल स्टील प्लांट, सीएनटी संशोधन के खिलाफ हुए आंदोलन, आदिवासी जमीन की हेराफेरी के खिलाफ हुए आंदोलनों में दयामनी बरला ने सक्रिय भूमिका निभाई है. वे जल-जंगल-जमीन पर आदिवासी समुदाय के हक की जोरदार वकालत करती हैं. इनकी जन्मभूमि और कर्मभूमि खूंटी-गुमला रही है. दयामनी को विरासत में राजनीति नहीं मिली.




मनोहर कुल्लू



जसिन केरकेट्टा



बेनी महतो



प्रमोद लुगुन

अपने संघर्षों के दम पर वे राजनीतिक पहचान बनाने में जुटी हैं. यही वजह है कि खूंटी की जनता उन्हें लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारी पेश करते देखना चाहती है. यह जानते हुए भी कि दयामनी बरला और उनके पति एक छोटी सी चाय की दुकान चलाकर परिवार की गाड़ी खींचते हैं और लोगों की समस्याओं का निदान करते हैं. इसमें खुद के पैसे भी लगाते हैं. फिलहाल दयामनी कांग्रेस की नेता हैं.

**दयामनी की उम्मीदवारी पर क्या कहती है खूंटी की जनता :** झारखंड पार्टी (एनोस गुट) के मनोहर कुल्लू का कहना है कि अगर महागठबंधन की तरफ से दयामनी बारला को खूंटी से कांग्रेस प्रत्याशी बनाया जाएगा, तो झारखंड पार्टी कांग्रेस को समर्थन दे सकती है. राज्य में निःस्वार्थ भाव से किए गये काम के कारण ही लोग दयामनी को पंसद करते हैं.

कोलेबिरा के झारखंड पार्टी समर्थक जसिन केरकेट्टा का कहना है कि ये लोग या तो दयामनी बरला को वोट करेंगे, नहीं तो झारखंड पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में जाएंगे. गोस्सनर डांग और निशांत रमण ने भी कहा कि दयामनी को राजनीति विरासत में नहीं मिली है, उनके संघर्षों के कारण लोग उन्हें अपना अगुवा मानते हैं.

बुंडू के सामाजिक कार्यकर्ता बेनी महतो ने कहा कि उनके क्षेत्र के कुर्मी वोटर में अर्जुन मुंडा और कालीचरण सिंह मुंडा दोनों को लेकर नाराजगी है. अगर कांग्रेस किसी दमदार और जमीन से जुड़े व्यक्ति को उम्मीदवार बनाएगी, तो कुड़मी समाज का उसे समर्थन मिलेगा. प्रमोद लुगुन कहते हैं कि खूंटी को आदिवासियों को मिले संवैधानिक अधिकार को लागू करानेवाला नेता चाहिए. साथ ही कहा कि मूलवासियों को भी साथ लेकर चला जा सके, ये सिर्फ दयामनी ही कर सकती हैं.

अखिल भारतीय सरना समाज के सेलायचंद्र मुंडा का कहना है कि वे लोग झारखंड खतियानी पार्टी (जयराम महतो) की तरफ से खूंटी लोकसभा में उम्मीदवार देंगे. यदि दयामनी बरला भी चुनाव लड़ेंगी, तो उस स्थिति में संगठन के लोग दयामनी का समर्थना करेंगे.

# बढ़ती आर्थिक असमानता

एक ओर दावा है कि दुनिया की सर्वाधिक तीव्र गति विकास दर के कारण भारत तेजी से विकसित श्रेणी की ओर अगसर है. दूसरी ओर एक ताजा रिपोर्ट ने भारत में तेजी से बढ़ती असमानता को ब्रिटिश काल की असमानता की श्रेणी का बताया है. इस वैश्विक रिपोर्ट को पेरिस स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब द्वारा प्रकाशित किया गया है. भारत में 2000 के दशक की शुरुआत से आर्थिक असमानता लगातार बढ़ रही है. एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022-23 में देश की सबसे अमीर एक प्रतिशत आबादी की आय में हिस्सेदारी बढ़कर 22.6 प्रतिशत हो गई है. वहीं संपत्ति में उनकी हिस्सेदारी बढ़कर 40.1 प्रतिशत हो गई है. 'भारत में आमदनी और संपदा में असमानता, 1922-2023: अरबपति राज का उदय' शीर्षक वाली रिपोर्ट कहती है कि 2014-15 और 2022-23 के बीच शीर्ष स्तर की असमानता में वृद्धि विशेष रूप से धन के केंद्रित होने से पता चलती है. यह रिपोर्ट थॉमस पिकेटी, लुकास चांसल, और नितिन कुमार भारती जैसे विश्व प्रसिद्ध अर्थशास्त्रियों की टीम ने लिखी है. थॉमस पिकेटी उन अर्थशास्त्रियों में प्रमुख हैं, जिन्होंने आधुनिक विकास के दौर में असमानता की असह्य होती खाई पर गहरायी से अध्ययन किया है. रिपोर्ट के अनुसार, "2022-23 तक सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों की आय और संपदा में हिस्सा ऐतिहासिक उच्चस्तर क्रमशः 22.6 प्रतिशत और 40.1 प्रतिशत पर था. भारत की शीर्ष एक प्रतिशत आमदनी हिस्सेदारी दुनिया में सबसे अधिक है. यह दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील और अमेरिका से भी अधिक है." रिपोर्ट में कहा गया कि शुद्ध संपत्ति के नजरिये से भारतीय आयकर प्रणाली प्रतिगामी नजर आती है. रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में आर्थिक आंकड़ों की गुणवत्ता काफी खराब है और हाल ही में इसमें गिरावट देखी गई है. इसमें कहा गया है कि भारत में सबसे अमीर एक प्रतिशत आबादी का आमदनी में हिस्सा ऊंचे स्तर पर है. यह संभवतः सिर्फ पेरू, यमन और कुछ अन्य देशों से ही कम है. इसका मतलब यह है कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र, जो 81 करोड़ गरीब भारतीयों को मुफ्त भोजन उपलब्ध करा रहा है, वहां भी 'अरबपति राज' है. विश्व असमानता डेटाबेस के पेपर में कहा गया है कि भारत घुमावदार लंबे राजमार्गों और एक्सप्रेसवे, चमकदार हवाई अड्डों, मॉल और स्काईलाइनों का दावा कर सकता है, लेकिन जब आर्थिक असमानता की बात आती है, तो यह ब्रिटिश राज के दौरान की तुलना में कहीं अधिक खराब हो गई है. इस रिपोर्ट में कहा गया है, "यह स्पष्ट नहीं है कि इस तरह की असमानता का स्तर बड़े सामाजिक और राजनीतिक उथल-पुथल के बिना कितने समय तक बना रह सकता है." यह पेपर ऐसे समय में आया है, जब सरकारी डेटा दुर्लभ है या जो भी उपलब्ध है वह देश की अर्थव्यवस्था की वास्तविक स्थिति, जैसे बेरोजगारी, गरीबी, आय आदि की बात करते समय सतह पर आ जाता है. स्वतंत्रता के बाद, 1980 के दशक की शुरुआत तक, आर्थिक असमानता में गिरावट आई थी. इसके बाद, यह बढ़ना शुरू हुआ और 2000 के दशक की शुरुआत से आसमान छू रहा है.

> 'भारत में आमदनी और संपदा में असमानता, 1922-2023: अरबपति राज का उदय' शीर्षक वाली रिपोर्ट कहती है कि 2014-15 और 2022-23 के बीच शीर्ष स्तर की असमानता में वृद्धि विशेष रूप से धन के केंद्रित होने से पता चलती है.

## सुभाषित

**क्षणशः कणशश्चैव विद्यामर्थं च साधयेत्।**
**क्षणत्यागे कुतो विद्या कणत्यागे कुतो धनम्॥**

क्षण-क्षण विद्या के लिए और कण-कण धन के लिए प्रयत्न करना चाहिए. समय नष्ट करने पर विद्या और साधनों के नष्ट करने पर धन कैसे प्राप्त हो सकता है. इसीलिए नीतिकार का कथन है कि एक-एक कण और एक-एक क्षण का महत्व समझना चाहिए.

# लोकतंत्र सहयोग पर जिंदा रहता है

**आज-कल चुनावी मौसम में तरह-तरह की गारंटियां दी जा रही है, फिर भी कोई लोकतंत्र की गारंटी नहीं दे रहा है. तरह-तरह से सुख-सुविधा, छूट-छपाट की बात हो रही है, इस-उस की गारंटी की बात हो रही है. बस लोकतांत्रिक मूल्यों की सुरक्षा और संवैधानिक अधिकारों की सतत और निर्बाध उपलब्धता की गारंटी कोई नहीं दे रहा है. महात्मा गांधी ने आजादी के आंदोलन के दौरान क्रिप्स मिशन के प्रस्तावों को फेल होनेवाले बैंक का "पोस्ट-डेटेड चेक" कहा था.**




• देश-काल



प्रफुल्ल कोलख्यान

आज-कल भारत में शक्ति की बहुत चर्चा है. सामने आम चुनाव है. लोकतंत्र में चुनाव शक्ति संयोजन का अवसर होता है. चुनावी राजनीति में इतनी हलचल के पीछे शक्ति का ही तो खेल होता है. सभी राजनीतिक दल बढ़-चढ़कर अपनी-अपनी क्षमताओं का उपयोग शक्ति पाने के लिए ही तो करते हैं! लेकिन शक्ति का खेल केवल चुनाव से सीमित नहीं होता है. जीवन में क्रिया का महत्व होता है. जब तक सांस है, तब क्रिया है. निष्क्रियता भी क्रिया है. निष्क्रियता को क्रिया शून्यता नहीं कहा जा सकता है. निष्क्रियता को अधिक-से-अधिक क्रिया की सुषुप्तावस्था कहा जा सकता है. क्रिया बिना शक्ति के संभव नहीं हो सकती है. तो जितनी तरह की क्रियाएं होती हैं, उतनी ही तरह की शक्तियां भी होती हैं. थोड़ा ठहर कर और थोड़ा समझकर शक्ति के संदर्भों पर बात करना जरूरी होता है. संबंध कोई भी हो उसमें किसी-न-किसी क्रिया का संदर्भ होता ही है. सारे संबंध शक्ति संबंध होते हैं. असल में सभ्यता विमर्श के मूल में शक्ति विमर्श ही होता है! एक बात यहीं टांक रखना जरूरी है. एक मामले में अपनी शक्ति को वह दूसरे मामले में भी लगा देता है, क्योंकि शक्ति ऐसा करने का अवसर बना देती है. जो अभिनय में, खेल आदि में सशक्त होता है, उसे राजनीति में भी शक्ति-सम्मान मिलता है. जो राजनीति में सशक्त होता है, वह कला, साहित्य, विज्ञान, अर्थशास्त्र आदि से संबंधित सभी विषयों पर ज्ञान देने की शक्ति रखता है.
भारत में शक्ति 'हस्तांतरणीय' होती है. सबसे बड़ी शक्ति तो पैसा होता है! इसीलिए तो पैसा के लिए इतनी मारा-मारी होती है. लोग कहते भी हैं, 'बाप बड़ा न भैया, सबसे बड़ा रुप्पैया'. हरि अनंत, हरि कथा अनंता की तरह कहा जा सकता है कि शक्ति का रूप अनंत, शक्ति की कथा अनंत. बहुत हल्के तौर पर, लगभग ठिठोली की तरह कहा जाता है कि स्त्री का सौंदर्य उसकी शक्ति होती है और पुरुष की शक्ति उसका सौंदर्य होता है. विद्वान लोग कहते हैं कि तर्क में अपनी शक्ति होती है. समझदार लोग यह जानते हैं कि शक्ति का अपना तर्क होता है. शक्ति का संबंध संतोष से भी होता है. शक्ति का संबंध न्याय से भी होता है. देवता अपनी शक्तियों के कारण पूजे जाते हैं. नेता अपनी शक्तियों के कारण पूछे जाते हैं. लोकतंत्र में देवता बन गये नेता पूजे भी जाते हैं और पूछे भी जाते हैं. भारत के लोकतंत्र में आज बड़ा जबरदस्त और खौफनाक सवाल यह है कि इसमें कोई नेता देवता बन कैसे जाता है जबकि नागरिक इंसानी जिंदगी के लिए तबाह क्यों रहा करता है.
प्रसंगवश, हालांकि बहुत दिन बाद उन्होंने नकार दिया था, अटल विहारी बाजपेयी ने इंदिरा गांधी को 'दुर्गा' कहा था. वह उतना ही आपत्तिजनक होना चाहिए था, जितना आपत्तिजनक नरेंद्र मोदी को 'विष्णु का अवतार' कहा जाना है. इंदिरा गांधी को 'दुर्गा' कहे जाने पर किसी को कोई आपत्ति नहीं हुई, लेकिन नरेंद्र मोदी को 'विष्णु का अवतार' कहे जाने पर कई लोग आपत्ति करते हैं. इस के कई कारण हैं. एक कारण तो यह है कि इंदिरा गांधी को विपक्ष के नेता ने 'दुर्गा' कहा था. नरेंद्र मोदी को उनके समर्थक 'विष्णु का अवतार' कहते हैं. इंदिरा गांधी ने अपने किसी हावभाव से कभी अपने को 'दुर्गा' न माना, न मनवाने की कोशिश की; नरेंद्र मोदी अपने हावभाव में लगातार अपने को 'विष्णु का अवतार' मनवाने की प्रतीति करवाते रहते हैं, लगता है खुद भी ऐसा ही मानने लगे हैं. भारतीय लोकतंत्र के लिए दोनों प्रसंग अपमानजनक ही हैं.
प्रकृति की शक्ति पर भी बात की जा सकती है, विज्ञान की शक्ति पर भी की जा सकती है. लेकिन यहां व्यक्ति की शक्ति पर बात करना अधिक जरूरी है. अकेला व्यक्ति बहुत कमजोर स्थिति में होता है. इस कमजोरी पर काबू पाने के लिए समूह बना, फिर समाज, फिर राज आदि. 'योद्धा' राजा बना गया और राजतंत्र की व्यवस्था शुरू हुई. 'योद्धा' में दूसरे व्यक्तियों की तुलना में युद्ध और संघर्ष की शारीरिक शक्ति अधिक होती थी, लेकिन पर्याप्त नहीं होती थी. राजा को "पर्याप्त शक्ति" की जरूरत थी.
लोकतांत्रिक नेता जब अपने को 'बुनियादी रूप से समान लोगों के समूह में से ही एक या अलग' होने से कुछ अधिक और इतर मानने लगे तो लोकतंत्र असंतुलन का शिकार हो जाता है. असंतुलन का शिकार लोकतंत्र अपने भीतर तानाशाह को छिपाये रखता है. लोकतंत्र का केवल ढांचा रह जाता है, समय पर चुनाव होते रहते हैं, लेकिन लोकतंत्र कहां! लोकतंत्र के लिए चुनाव जरूरी है, लेकिन समय पर चुनाव का होना लोकतंत्र के होने की गारंटी नहीं है. चुनाव लोकतंत्र की प्रक्रिया है, परिणाम नहीं.
आज-कल चुनावी मौसम में तरह-तरह की गारंटियां दी जा रही है, फिर भी कोई लोकतंत्र की गारंटी नहीं दे रहा है. तरह-तरह से सुख-सुविधा, छूट-छपाट की बात हो रही है, इस-उस की गारंटी की बात हो रही है. बस लोकतांत्रिक मूल्यों की सुरक्षा और संवैधानिक अधिकारों की सतत और निर्बाध उपलब्धता की गारंटी कोई नहीं दे रहा है. महात्मा गांधी ने आजादी के आंदोलन के दौरान क्रिप्स मिशन के प्रस्तावों को फेल होनेवाले बैंक का "पोस्ट-डेटेड चेक" कहा था. दी जा रही सभी गारंटियों को फेल होनेवाले बैंक का "पोस्ट-डेटेड चेक" ही समझना चाहिए. लोकतंत्र में नेता की शक्ति उसकी व्यक्तिगत या वैयक्तिक शक्ति नहीं होती है. वह प्रातिनिधिक शक्ति होती है. अन्य उम्मीदवारों की तुलना में विश्वास योग्यता या ऐसे ही आधारों पर मिले मतदाताओं के मत से उसे संवैधानिक पद पर नियुक्ति की आधिकारिकता (Entitlement) से क्षमता प्राप्त होती है. शपथ ग्रहण एवं अन्य औपचारिकताओं के पूरा होने के बाद संवैधानिक पद पर आसीन होने से संवैधानिक शक्ति मिलती है. यह शक्ति पद से मिलती है. पद और कद में निकट का संबंध होता है. लोकतंत्र में पद से बहुत बड़ा कद का होना कई बार अशुभ को आमंत्रित करता है. कई बार पद से कद का बहुत छोटा होना पद की गरिमा में गिरावट का कारण बन जाता है.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



# बहादुरी का अतिशय दंभ

पुराने समय की बात है, जब ठाकुरों में आन बान शान और उसका दंभ हमेशा सिर चढ़ा रहता था. गांव में एक ठाकुर और एक बनिए का घर आमने सामने था. प्रातः काल दोनों ही अपनी दातुन विधि घर के बाहरी चौकी पर सम्पन्न किया करते थे. प्रायः ठाकुर दातुन के पश्चात भीगी मूंछों पर ताव दिया करते और सामने बैठा बनिया भी मुंह धोने के बाद सहज ही मूंछों पर दोनों हाथ फेरा करता था. ठाकुर को अपने सामने ही एक भीरू बनिए का यूं मूंछों पर ताव देना हमेशा नागवार गुजरता था. मन तो करता था उसी समय बनिए को सबक सिखा दें, लेकिन घर परिवार की उपस्थिति में ठीक न मानकर मन मसोस कर रह जाते. प्रतिदिन की यह क्रिया उनके रोष की ज्वाला को और भी तीव्र किए जाती थी. संयोगवश एक दिन गांव के बाहर मार्ग में दोनों का आमना-सामना हो ही गया. ठाकुर ने बनिए को देखते ही गर्जना की- "क्यों बे बनिए, शूरवीरता बढ़ गई है, जो हमेशा मेरे सामने ही अपनी मूंछों पर ताव देता है?" बनिया भांप गया, आज तो गए काम से. किन्तु फिर भी अपने आप को सम्हालते हुए बोला, "वीरता और बहादुरी किसी की बपौती थोडे ही है." ठाकुर फिर गरजा- "अच्छा! तो निकाल अपनी तलवार, आज बहादुरी और बल का फैसला हो ही जाये." तत्काल बनिया नम्र होते हुए बोला- ?देखिए ठाकुर साहब, अगर लड़ाई होगी तो हममें से किसी एक का वीरगति को प्राप्त होना निश्चित है. मरने के बाद निश्चित ही हमारा परिवार अनाथ हो जाएगा. उन्हें पीछे देखने वाला कौन? अतः क्यों न हम पहले पीछे के झंझट का सफाया कर दें, फिर निश्चिंत होकर बलाबल की परीक्षा करें?" ठाकुर साहब मान गए. घर जाकर, सफाया करके पुनः निर्णय स्थल पर आ गए. थोडी ही देर में बनिया जी भी आ गए. ठाकुर ने कहा- "ले अब आ जा मैदान में." बनिए ने कहा- "ठहरिए ठाकुर साहब! क्या है कि मैं जब सफाया करने घर गया तो सेठानी ने कहा कि यह सब करने की जरूरत नहीं. आप अपनी मूंछ नीचे कर देना और कभी ताव न देने का वादा कर देना, अनावश्यक लडाई का क्या फायदा? इसलिए लीजिए मैं अपनी मूंछ नीचे करता हूं और आपके सामने कभी उन पर ताव नहीं दूंगा." "चल फुट्ट बे डरपोक कहीं का!!" कहते हुए दूसरे ही क्षण ठाकुर साहब, दोनो हाथों से अपना सर पकडते हुए वहीं पस्त होकर बैठ गए. बहादुरी का अतिशय दंभ व्यक्ति को मूढ़ बना देता है.

# बॉण्ड और कॉर्पोरेट व्यवहार के बीच दिलचस्प लिंक

• सियासत

के रवीन्द्रन

चुनावी बॉण्ड खरीदने वालों और सत्ता में बैठे लाभार्थी राजनीतिक दलों के बीच धन के बदले सरकारी सुविधा देने की सबसे बुरी आशंका, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉण्ड योजना पर अपने फैसले में विस्तार से व्यक्त किया था, सच हो गई है. यह पता चला है कि कुछ सबसे बड़ी बॉण्ड खरीद के पहले मोदी सरकार की जांच एजेंसियों की जबरदस्त कार्रवाई हुई थी. यहां तक कि दाताओं और प्राप्तकर्ता राजनीतिक दलों की सूची से निकलने वाली अधूरी जानकारी भी एक जटिल जाल के अस्तित्व का संकेत देती है, जहां शक्ति की गतिशीलता और वित्तीय हित एक दूसरे से मिलते हैं. इन खुलासों ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है और सत्ता का प्रभाव, जबरदस्ती और निहित स्वार्थों के एक काले नेटवर्क को उजागर कर दिया है. उदाहरण के लिए, कई बायोटेक और फार्मास्युटिकल कंपनियों को एक ही समय में बॉण्ड खरीदते हुए पाया गया है, जो स्पष्ट रूप से सरकारी एजेंसियों और नियामक विभागों की कार्रवाई की तपिश की मजबूरियों का संकेत देता है. किसी के पास अभी लोगों और शासन प्रणाली सहित पूरे देश पर की गयी धोखाधड़ी के पूर्ण प्रभाव का अनुमान लगाने का कोई साधन नहीं है. चुनावी बॉण्ड योजना 2017 के मध्य में शुरू की गई थी, यह अवधि महत्वपूर्ण उथल-पुथल से भरी थी. देश ने हाल ही में नोटबंदी और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के कार्यान्वयन के दोहरे तूफान का सामना किया था. भयानक रूप से झकझोरने वाली उन घटनाओं के दूरगामी परिणाम हुए, विशेषकर सूक्ष्म, मध्यम और लघु उद्योगों के लिए. जैसे ही धूल जम गई, बड़े निगमों ने अपनी बाजार हिस्सेदारी मजबूत करने के अवसर का लाभ उठाया, जिससे छोटे खिलाडियों को उबरने के लिए संघर्ष करना पड़ा. परिणामस्वरूप कंपनियों पर दबाव डालने की भारी गुंजाइश रह गई थी, जिसे सरकार ने एक कला के रूप में विकसित कर लिया, जो अप्रिय चुनावी बॉण्ड योजना के रूप में शुरू की गई. शुरुआत में ही यह स्पष्ट था कि यह योजना भ्रष्टाचार के द्वार खोल देगी. चुनाव आयोग और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) समेत हर संभावित एजेंसी ने दुरुपयोग की संभावना के कारण इस योजना का विरोध किया था, लेकिन मोदी सरकार के विचार अलग थे और उसने सभी विरोधों को दरकिनार कर चुनावी बॉण्ड योजना को लागू कर दिया. सबसे बड़ी दानकर्ता फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज नामक केरल की एक अल्पज्ञात लॉटरी कंपनी निकली है, जिस पर सत्तारूढ़ सीपीआई-एम के एक प्रमुख नेता के साथ संदिग्ध संबंधों सहित कई संदिग्ध सौदों का आरोप लगाया गया है. सूची में शामिल अन्य प्रमुख दानदाताओं में स्टील टाइकून लक्ष्मी मित्तल, सुनील भारती मित्तल की भारती एयरटेल और अनिल अग्रवाल की वेदांता शामिल हैं. भारतीय चुनाव आयोग द्वारा अपने वेबसाइट पर अपलोड किये गये आंकड़ों के अनुसार, खरीदारों में स्पाइसजेट, इंडिगो, ग्रासिम इंडस्ट्रीज, मेघा इंजीनियरिंग, पीरामल एंटरप्राइजेज, टोरेंट पावर, भारती एयरटेल, डीएलएफ कमर्शियल डेवलपर्स, अपोलो टायर्स, एडलवाइस, पीवीआर, केवेंटर, सुला वाइन, वेलस्पन, सन फार्मा, वर्धमान टेक्सटाइल्स, जिंदल ग्रुप, फिलिप्स कार्बन ब्लैक लिमिटेड, सीएट टायर्स, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज, आईटीसी, केपी एंटरप्राइजेज, सिप्ला और अल्ट्राटेक सीमेंट भी शामिल हैं. बॉण्ड और कॉर्पोरेट व्यवहार के बीच दिलचस्प लिंक पहले से ही सार्वजनिक डोमेन में है और दाताओं और प्राप्तकर्ता पार्टियों की सूची आकर्षक सुराग प्रदान करती है. कई कंपनियां जो प्रमुख बॉण्ड खरीदार के रूप में सामने आईं, उन्हें अपने कमीशन और चूक के कारण नियामक दबाव की मजबूरियों का सामना करना पड़ा, जिससे लगभग एक पैटर्न बन गया.एक साथ बॉण्ड अधिग्रहण महज वित्तीय लेनदेन से कहीं अधिक का संकेत देते हैं. जाहिर तौर पर, बॉण्ड ने उन्हें आगे की परेशानी से बचने में मदद की. धन के बदले में सरकारी फायदा देने की व्यवस्था बड़ी दिख रही है. ऐसा प्रतीत होता है कि राहत की तलाश में ये कंपनियां अपनी समस्या का अंतिम समाधान लेकर आई हैं: अनुकूल नीतियों, अनुबंधों या अन्य रियायतों के बदले सत्तारूढ़ दल को वित्तीय सहायता की एक अनकही समझ के साथ.सबसे परेशान करने वाली बात यह है कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) इस हिमालयी धोखाधड़ी को अंजाम देने में एक इच्छुक भागीदार बन गया था और भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने तुरंत उसके धोखे के प्रयास को पकड़ लिया. विवरण पूरी तरह नहीं देने और इसलिए चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड हुई जानकरी पूरी नहीं होने पर सर्वोच्च न्यायालय ने एसबीआई की आलोचना करने में कोई कमी नहीं की तथा उसे चुनावी बॉण्ड के सीरियल नंबरों को नहीं देने के लिए नोटिस भी जारी किया है.

> बॉण्ड और कॉर्पोरेट व्यवहार के बीच दिलचस्प लिंक पहले से ही सार्वजनिक डोमेन में है और दाताओं और प्राप्तकर्ता पार्टियों की सूची आकर्षक सुराग प्रदान करती है. कई कंपनियां जो प्रमुख बॉण्ड खरीदार के रूप में सामने आईं, उन्हें अपने कमीशन और चूक के कारण नियामक दबाव की मजबूरियों का सामना करना पड़ा, जिससे लगभग एक पैटर्न बन गया.

# मानव सूचकांक में भारत मध्यम विकास की श्रेणी में

• सामयिकी

ललित मौर्य

संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी नवीनतम मानव विकास सूचकांक (ह्यूमन डेवलपमेंट इंडेक्स) में भारत को 193 देशों की सूची में 134वें पायदान पर रखा गया है. सूचकांक वर्ष 2022 के आंकड़ों पर आधारित है. इस सूचकांक में भारत को कुल 0.644 अंक दिए गए हैं. जो भारत को मध्यम मानव विकास वाले देशों की श्रेणी में रखता है. वहीं दूसरी तरफ स्विटजरलैंड को इस इंडेक्स में 0.967 अंकों के साथ पहले स्थान पर रखा गया है. इससे पहले 2022 में जारी मानव विकास सूचकांक में भारत को 0.633 अंकों के साथ 132वें पायदान पर जगह दी गई थी. मतलब की इस बार भारत दो पायदान नीचे आ गया है. वहीं यदि अंकों के लिहाज से देखें तो भारत के स्कोर में 2021 के मुकाबले 0.011 अंकों का सुधार आया है. 2022 में, भारत का लैंगिक असमानता सूचकांक (जीआईआई) 0.437 रहा, इस इंडेक्स में भारत ने प्रगति दर्ज की है. यदि वैश्विक औसत 0.462 और दक्षिण एशियाई औसत 0.478 से तुलना करें तो भारत का प्रदर्शन बेहतर हुआ है. बता दें कि इस इंडेक्स का कम मान इस बात का सूचक है कि महिलाओं और पुरुषों के बीच असमानता कम है. वहीं यदि 2019 की तुलना में देखें तो भारत ने मानव विकास में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है. जहां 1990 के बाद से देश में जन्म के समय जीवन प्रत्याशा में 9.1 वर्षों का इजाफा हुआ है. इसी तरह स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्षों में 4.6 वर्ष की वृद्धि हुई है. इतना ही नहीं, इस दौरान स्कूली शिक्षा के औसत वर्षों में भी 3.8 वर्ष की वृद्धि दर्ज की गई है. गौरतलब है कि इससे पहले 2019 के लिए जारी मानव विकास सूचकांक (ह्यूमन डेवलपमेंट इंडेक्स) में भारत को 189 देशों की लिस्ट में 131वें स्थान पर रखा गया था. वहीं पिछले वर्ष भारत इस लिस्ट में 130वें पायदान पर था. कहीं न कहीं यह इस बात को भी दर्शाता है कि भारत इस लिस्ट में लगातार नीचे आ रहा है. यह मानव विकास सूचकांक, मानव विकास के तीन प्रमुख आयामों स्वस्थ लंबा जीवन, शिक्षा तक पहुंच और जीवन गुणवत्ता को मापता है. इनकी गणना चार प्रमुख संकेतकों जीवन प्रत्याशा, औसत स्कूली शिक्षा, स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय पर आधारित है. आंकड़ों के अनुसार जहां वैश्विक स्तर पर 2022 में जन्म के समय जीवन प्रत्याशा 67.7 वर्ष दर्ज की गई थी. वहीं 2019 में यह आंकड़ा 70.9 वर्ष, जबकि 2021 में 67.2 वर्ष दर्ज की गई थी. ऐसे में यदि 2019 से तुलना करें तो देश में औसत जीवन प्रत्याशा में 3.2 वर्षों की गिरावट आई है. देखा जाए तो जीवन प्रत्याशा के मामले में जो रुझान वैश्विक स्तर पर सामने आए थे, उन्हें भारत से जुड़े आंकड़ों में भी स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है. इसके लिए कहीं न कहीं कोरोना जिम्मेवार था, जिसने देश में जीवन प्रत्याशा पर गहरा आघात किया है. आंकड़ों के मुताबिक देश में शिक्षा प्राप्ति के औसत वर्षों को देखें तो वो 2022 में 6.57 वर्ष दर्ज की गई थी. बता दें कि 2021 में यह आंकड़ा 6.7 वर्ष दर्ज किया गया था. हालांकि देश में स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्षों में इजाफा दर्ज किया गया है जो 2021 में 11.9 वर्ष से बढ़कर 2022 में 12.6 वर्षों पर पहुंच गया. इसी तरह देश में प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय से जुड़े आंकड़ों को देखें तो वो 6,951 डॉलर दर्ज की गई है. वहीं 2021 में यह 6,590 डॉलर दर्ज की गई थी. मतलब की इसमें पिछले वर्ष की तुलना में इजाफा दर्ज किया गया है. आंकड़ों के मुताबिक यदि 1990 से 2022 के बीच, भारत के मानव विकास सूचकांक के मूल्यों को देखें तो वो 0.434 से बढ़कर 0.644 पर पहुंच गया है. मतलब की इन तीन दशकों में इसमें 48.4 फीसदी का बदलाव आया है. यदि ओईसीडी के सभी 38 देशों की बात करें तो इन सभी ने 2023 में 2019 की तुलना में मानव विकास सूचकांक में बेहतर प्रदर्शन किया है. मानव विकास को सबसे अधिक हानि अफगानिस्तान व यूक्रेन में हुई है. अफगानिस्तान में ह्यूमन डेवलपमेंट इंडेक्स 10 वर्ष पहले के स्तर पर पहुंच गया है, जबकि यूक्रेन में यह 2004 के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर है. वहीं सभी विकासशील क्षेत्र 2019 से पहले के मानव विकास सूचकांक के रुझानों के अनुसार अपनी सम्भावनाओं को पूरा नहीं कर पाए हैं, और भविष्य में भी उनकी विकास प्रक्रिया को झटका लगने का खतरा है. रिपोर्ट की मानें तो इसके लिए कोविड-19, यूक्रेन में जारी युद्ध और जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण से जुड़े कारक जिम्मेवार हैं.

> बता दें कि इस इंडेक्स का कम मान इस बात का सूचक है कि महिलाओं और पुरुषों के बीच असमानता कम है. वहीं यदि 2019 की तुलना में देखें तो भारत ने मानव विकास में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है. जहां 1990 के बाद से देश में जन्म के समय जीवन प्रत्याशा में 9.1 वर्षों का इजाफा हुआ है. इसी तरह स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्षों में 4.6 वर्ष की वृद्धि हुई है.

## मीडिया में अन्यत्र

# आईपीएल और उसके आगे

**वीमेन्स प्रीमियर लीग** (डब्ल्यूपीएल) के सफल आयोजन के तुरंत बाद, इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) होने जा रहा है. इसके 17वें संस्करण का आगाज पिछले चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के बीच मुकाबले के साथ शुक्रवार को चेन्नई में होगा. डब्ल्यूपीएल के दूसरे संस्करण में चैंपियन का ताज आरसीबी के सिर पर सजने से बेंगलुरू की पुरुष इकाई पर अतिरिक्त दबाव होगा, क्योंकि यह एक ऐसी टीम है, जिसने अक्सर बड़ी-बड़ी संभावनाएं जगाई हैं, लेकिन आईपीएल कभी जीता नहीं है. इस बीच, लीग की एक आला टीम सीएसके एम.एस. धोनी के चतुराई भरे नेतृत्व और 42 वसंत देखने के बाद एक खिलाड़ी के रूप में प्रासंगिक रहने की उनकी क्षमता के भरोसे रहेगी. टी-20 में धौनी और 41 के होने के बावजूद टेस्ट खेल रहे इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन, आधुनिक दौर की फिटनेस और स्पोर्ट्स मेडिसिन के क्षेत्र में हुई प्रगति को दिखाते हैं. इन दोनों क्रिकेट खिलाड़ियों की तरह ही, आईपीएल ने भी लगातार आगे बढ़ते रहने का एक रास्ता खोज लिया है, चाहे आम चुनाव हो या फिर कोविड-19 महामारी. आयोजन स्थल को दक्षिण अफ्रीका या संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ले जाने में लीग प्रबंधन ने तत्परता दिखायी थी, और अब एक और आम चुनाव करीब आने के साथ, यह देखा जाना बाकी है कि अधिकारी इससे कैसे निपटेंगे. अप्रैल 7 तक के मैच सूचीबद्ध किये गये हैं, जबकि बाकी की लीग मई में होनी है.अपने क्लब के लक्ष्यों को पूरा करने की कोशिश के अलावा, देशी और विदेशी सितारों की नजर जून के दौरान वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप पर रहेगी. दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान बनाये गये ऋषभ पंत पर भी फोकस रहेगा. वह एक भयंकर सड़क हादसे से उबरे हैं. एक साल से अधिक समय में पंत का ठीक होना इच्छाशक्ति की जीत है और भारतीय टीम में उनकी वापसी इस बात पर निर्भर करेगी कि वह इस टी-20 आयोजन में कैसा प्रदर्शन करते हैं. टीमों के संयोजनों को भी जांचा-परखा जायेगा और इसमें सबसे दिलचस्प होगा मुंबई इंडियंस पर नेतृत्व परिवर्तन का असर देखना, जिसका कप्तान हार्दिक पांड्या को बनाया गया है. यह एक ऐसा कदम है जिसकी आलोचना उनके पूर्ववर्ती रोहित शर्मा की फैन ब्रिगेड ने की. (द हिंदू)




## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### उग्र/उग्रा

**आये** दिन समाचार पत्रों में शीर्षक मिलता है-उग्रवादी गिरफ्तार. उग्रवादी शब्द से अनायास ही मानस पटल एक ऐसे खूंखार आदमी का चेहरा आ जाता है, जिसके हाथ में राइफल हो, नीले रंग की वर्दी पहने हो, सिर पर टोपी या गमछी हो. जो बात-बात में राइफल चला देता हो या किसी को पटक कर उसका गला रेत देता हो. जिसका नाम सुनते ही दहशत हो जाती हो. कुल मिलाकर उग्र शब्द की छवि भयानक ही होती है. कोई व्यक्ति जब गुस्से से तमतमा उठता है और ऐसा लगने लगता है कि वह झपट पड़ेगा तो कहा जाता है कि वह उग्र हो उठा है. सामान्यतः उग्र शब्द तत्सम विशेषण है. हिंदी शब्दसागर के अनुसार उग्र शब्द का विशेषण के रूप में अर्थ है प्रचंड, उत्कट, तेज, तीव्र, कड़ा, प्रबल, रौद्र, कोपशील, उच्च, परिश्रमी. कबीरदास कहते हैं-कोई उग्र कोई क्षुद्र कहावै, कोई जीव कोई नरिपर खावै. संज्ञा पुल्लिंग के रूप में उग्र शब्द का अर्थ उससे भिन्न होता है. मतलब महादेव, रुद्र, वत्सनाग विष, वच्छनाग जहर, क्षत्रिय पिता और शूद्रा माता से उत्पन्न संकर जाति, उग्र संज्ञक पांच नक्षत्र अर्थात पूर्व फाल्गुनी, पूर्वाषाढ़, पूर्वाभाद्रपद, मधा और भरणी, सहजन का पेड़, मुनगा, केरल प्रदेश, एक दानव का नाम, धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम, विष्णु, सूर्य, रौद्र रस, वायु, पवन. उग्र से सैकड़ों शब्द बने हैं. जैसे उग्रक यानी शक्तिशाली, उग्रकर्मा यानी भयंकर काम करनेवाला, उग्रकांड यानी करैला, उग्रगंध यानी लहसुन, हींग, बर्बरी, ममरी, तीव्र गंधवाला, उग्रता यानी तेजी, प्रचंडता, उद्दंडता, उत्कटता, उग्रदर्शन यानी जो देखने में भयंकर या डरावना हो, उग्रवादी भी वैसा ही शब्द है, जिसका जनक उग्र है. इसी से बना शब्द है उग्रा. यह उग्र शब्द का स्त्रीलिंग रूप है. इसका अर्थ है दुर्गा, महाकाली, अजवायन, वच, नकछिकनी, उग्र स्वभाव की स्त्री, धनिया, कर्कशा स्त्री, संगीत शास्त्र के अनुसार निषाद स्वर की दो श्रुतियों में पहली श्रुति. आपने चंदवा के नगर में अवस्थित मां उग्रतारा मंदिर के बारे में सुना होगा. उग्रतारा एक देवी का नाम है.

# मुद्दा ढूंढ रहे हैं आंदोलन के लिए!

• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश

आंदोलन है तो विपक्ष है. बिना आंदोलन के विपक्ष ऐसा ही है, मानो रेगिस्तान में पैदल कोई मुसाफिर घूम रहा हो. क्या इमेज रह जाती है! आंदोलन एक प्रकार से रेगिस्तान में ऊंट की सवारी का काम करता है. इस पर चढ़कर विपक्षीगिरी करने में आनंद आता है. आंदोलन के लिए कोई विषय होना चाहिए. यह आंदोलन की पहली और सबसे जरूरी शर्त है. अतः जब विपक्ष के नेता बैठते हैं, तब उनका पहला काम यही होता है कि भैया ! आंदोलन के लिए कोई विषय ढूंढो! तुरत-फुरत कुछ लोग उठ कर ताजा अखबार ले आते हैं. सब उसके पन्ने पलटते हैं. कोई न कोई नवीनतम मुद्दा आंदोलन करने के लिए मिल जाता है. आंदोलन का मुद्दा मिलते ही विपक्षी नेताओं के चेहरे खुशी से भर उठते हैं. मानो किसी भूखे को भरपेट भोजन की थाली उपलब्ध हो गई हो. आठ-दस दिन के लिए इससे आंदोलन का काम चलता रहता है. एक दिन धरना, तीन दिन प्रदर्शन, उसके बाद अखबारों में चर्चा. लेकिन तदुपरांत फिर वही आंदोलन के विषय की खोज! फिर से विपक्षी नेतागण बैठते हैं. आंदोलन का विषय ढूंढते हैं. कुछ विषय ऐसे हैं, जो कई दशक के बाद भी हमेशा ताजे बने रहते हैं. आंदोलन के मामले में उन्हें केवल कॉपी-पेस्ट करना पड़ता है. अर्थात पुराने अनुभवों का लाभ उठाते हुए जैसा पिछले दशकों में हुआ ,उसी को उसी अंदाज में दोहरा दिया जाता है. बैलगाड़ी अथवा तांगे पर बैठकर शहर की व्यस्त सड़कों से गुजरना पेट्रोल-डीजल के महंगे भावों के खिलाफ आंदोलन का दशकों पुराना चित्र रहा है. बस, फोटो में नेताओं के चेहरे बदल जाते हैं. प्याज का भाव देर-सवेर कभी तो बढ़ेगा! इंतजार करो. जब भी बढ़े, आंदोलन का मुद्दा अपने आप मिल जाएगा. एक बार विपक्षी दलों की मीटिंग में किसी ने कहा कि पांच साल में सोने के भाव डेढ़ गुना बढ़ गए हैं, यह मुद्दा कैसा रहेगा? सबने उसे डांटा और कहा कि सोने चांदी और हीरे जवाहरात के मूल्यों पर कभी आंदोलन होते हैं, जो तुम इस विषय को लेकर बैठ गए? प्रश्न को उठाने वाला बेचारा समझ नहीं पा रहा था कि जब सारे विपक्षी नेताओं को सोने चांदी और हीरे जवाहरात एकत्र करने का ही शौक बराबर बना रहता है तो इनके बढ़ते हुए भावों पर दुख प्रकट करना गलत कैसे कहा जा सकता है? कई बार सरकार कोई अच्छा या बुरा कदम उठाती है और उसके खिलाफ आंदोलन शुरू कर दिया जाता है. इसमें क्योंकि सरकार को अपना कदम पीछे उठाने वाली मांग रहती है, अतः आंदोलन लंबा चलता है. सरकार के अच्छे कदम के विरोध में लंबा आंदोलन इस दृष्टि से बढ़िया है कि न सरकार विपक्ष की मांग मानेगी और न विपक्ष अपने आंदोलन को खत्म करेगा. इस तरह आंदोलन भी जीवित रहता है तथा विपक्ष भी जीवित रहता है.






# मसाने में खेलें होली दिगंबर





प्रवीण परिमल

## शेरों की बारात

एक दिन, सतपुड़ा के घने जंगल में
शेर जी भी कूद पड़े
आख़िर शादी के दंगल में !
लिहाज़ा, शादी का ख़ूबसूरत- सा कार्ड छपवाया गया
और पास- पड़ोस के सभी शेरों को
बा-इज़्ज़त बुलवाया गया !
सज- धजकर, जाने को थी जब बारात खड़ी
तभी आ गई समस्या एक बड़ी !
किसी ने दूल्हे के पिता को जाकर बताया
कि शेरों की बारात में शामिल होने,
एक गीदड़ भी है आया !
सुनकर, समधीजी गुर्राने लगे
गुस्से से थर्राने लगे
और गुस्से में ही,
उसे पकड़कर लाने का हुक्म सुनाया।
गीदड़ जब उनके सम्मुख आया
तो उन्होंने जोर से दहाड़ा
रौब का पढ़ा कुछ इस तरह पहाड़ा --
क्यों रे, नामुराद !
क्या तेरी मति गई थी मारी ?
जो यहां आकर तूने
मिट्टी में मिला दी इज़्ज़त हमारी !
अरे, युगों- युगों से
हम शेरों की अलग जाति है,
अलग धर्म है,
अलग नाम है !
चल, जल्दी बता
शेरों की बारात में,
भला गीदड़ का क्या काम है !
सुनकर, पहले तो गीदड़ बहुत घबराया;
फिर हिम्मत जुटाकर फरमाया
जहांपनाह !, गुनाह माफ़ हो !
मैं कोशिश करता हूं,
कि आपका मन साफ़ हो
फिर गीदड़ ने अपना तर्क बताया !
समधी बने शेर को,
कुछ इस तरह समझाया
हुज़ूर !
हम- दोनों के बीच जुड़ा रिश्तों का तार है !
लिहाज़ा, इस बारात पर मेरा भी अधिकार है.
चलिए, अब गुस्सा थूक भी दीजिए
और ये हक़ीक़त भी आज जान लीजिए
कि फोकट में हासिल ये फेरों का फेर है
अरे, बंदा भी शादी से पहले का शेर है !
बंदा भी शादी से पहले का शेर है !
बंदा भी शादी से पहले का शेर है !



अभिषेक अब्र

## गुलाल-अबीर खेलेंगे

आई होली आई होली,
संग लाई रंगों की झोली
हम मस्तों की निकली टोली,
'होली है'-की गूंजी बोली;
तुम भी बन जाओ हमजोली,
आई होली आई होली.
भेदभाव सब मिटाओ चलकर,
रंग लगाओ अभी पकड़कर;
भागो नहीं तुम यार डरकर,
रंग डालो तुम हमें भी बढ़कर;
प्रेम की सब ने भंग है घोली,
आई होली आई होली.
लाल,हरा,नीला और पीला,
रंगों से हुआ कपड़ा गीला;
सब रंगों दिया है मिला,
मुखड़ा अपना खूब है खिला;
मत देना कोई हमको गाली,
आई होली आई होली.
गीला रंग अब खेल चलें घर,
भूल न जाना शाम को तुम पर;
गुलाल-अबीर खेलेंगे जब हम,
मस्ती नहीं होगी अपनी कम;
बन्धु-सखा सब गले मिलेंगे,
बड़े-बुजुर्ग के पांव छुएंगे,
सावधानी से खेलें होली,



रेणु झा रेणुका

## कौने नाता रंग दिए डाल

हे बटोही ! छोड़ो छोड़ो अचरा हमार, हे बटोही !
ना तुम देवर ना ननदोई,
कौने नाता रंग दिए डाल
हे बटोही ! छोड़ो छोड़ो अचरा हमार.
सासू जो देखेंगी,
बड़ी निंदा होगी, सासू जो देखेंगी बड़ी निंदा होगी
पिया देंगे मुझको घर से निकाल ! हे बटोही...
आज के दिन हे गोरी
कोई कुछ ना बोले
रंग,गुलाल की बह रही बयार,
होली में हक है हमार
होने दो गोरे बदन को लाल
हे गोरी, होने दो गोरे बदन को लाल !
हे बटोही छोड़ो छोड़ो
अचरा हमार,
होली में हक है हमार.



अशोक प्रियदर्शी

होली प्रेम और भाईचारे, चैती फसलों के आगम का त्योहार तो है ही, लोक-जीवन में देखें तो हमारे भीतर जो पशु-वृत्ति उबाल मारती है उसके निष्कासन का भी त्योहार है. खुलकर खेलिए और वर्ष भर भले मानुस की तरह रहिए.

किशोर वय से युवावस्था के बीच की उम्र में मैं काशी में अध्ययनरत था. वहां के अनुभव आपको सुनाता हूं. हम विशेसरगंज के सामने वाली गली में स्थित भारती मठ में रहते थे. 'मठ' कहने से भ्रमित न हों. यह पुराने ढंग की तिमंजिला इमारत थी. सबसे नीचे, प्रवेश -द्वार के तुरंत बाद रिक्शा -ठेलेवाले मजदूर किस्म के लोग रहते थे. आंगन में एक नल था, वही इनका स्नानागार था. पुरुष अपने काम पर निकल जाते थे, औरतें उस नलके के नीचे मुक्त भाव से स्नान करती थीं. और दिन तो हम कॉलेज निकल जाते थे पर रविवार को लुक-छिपकर इस दृश्य का नजारा करते थे. दूसरी मंजिल पर दो -तीन कमरों में विद्यार्थी रहते थे. यहीं चौड़ाई वाले एक हॉलनुमा कमरे में हम दो मित्र रहते थे. शेष कोठरियों में स्वामीजी का ताला लटका होता था. तीसरी मंजिल पर आमने-सामने दो ही कमरे थे. हॉलनुमा कमरे में होम्योपैथी पढ़ रहे दो सीनियर विद्यार्थी थे और सामने वाला कमरा स्वामी जी का था उसमें सेविकाओं के अलावा सबों का प्रवेश वर्जित था. दूसरी मंजिल के विद्यार्थी स्वयंपाकी थे. ऊपरी मंजिल के होम्योपैथी वाले छात्रों की कृपा से हमारा खाना दोनों सेविकाओं में से कोई एक बना जाती थी, दोनों याने श्यामा और लौंगी. श्यामा पीनशरीरा, आकर्षक, अविवाहिता थी, लौंगी की ननद. उसकी भौजी लौंगी सामान्य रूप -रंग की, पति के होने के बावजूद मायके में क्यों रहती थी, राम जाने !
लौंगी ही स्वामीजी का गृहकार्य करती थी, सारे गृहकार्य, जैसा लोग बताते थे. स्वामीजी विनोदी थे, हम बिहारी लड़कों से कहते -तुम्हारा कुच बंगाल में है, कूच बिहार सुना है न !

हां, होली के दिन हम मित्रों ने रंग खेला. मेरी कोठरी के बाएं बाजू वाली गली के उस पार वाले घर की एक खिड़की खुली. होली के दिन नयी जवान होती युवती ने हमें बुलाया - ए लइका, अकेले हई, घरे आवऽ होरी खेले, गली की दूसरी ओर की खिड़की से टेलरानी ने टेरा- मास्टर गयल हउअन इयार-दोस्त संगे होरी खेले, आवऽ, होरी खेले, मेरा मन ललका. अनुभवी मित्र ने समझाया - ऐसी गलती कभी मत करना. लड़की तुम्हारे कक्ष में पकड़ी जाए तो बच भी जाओ,
लड़की के घर में तुम पकड़े गए, तो हड्डी -पसली नहीं बचेगी.

खैर, रंग-वंग खेलकर हम थक गये, तो तै पाया कि गली-गली चलकर दशाश्वमेध घाट पहुंचा जाए, वहीं गंगाजी में नहाते हुए रंग छुड़ाएंगे. गली में एक अस्सी -बयासी के वृद्ध, जो अपने घर की चौकठ पर बैठे थे, ने हमें रोका-का भइया, गंगाजी नहाए जात हउअऽ, तनी हमर इनके भी नहववलेअइहऽ ! उन्होंने हमें सीधी छड़ी की बित्ता भर की कटी हुई मोटी मूठ हमें पकड़ाई, जिसमें आंख जैसा गड्ढा भी होता है. खैर, नहा-धोकर हम मठ में लौटे और कुछ खा-पीकर अपराह्न में सड़क का नजारा करने निकले और मैदागिन से चौक की ओर बढ़े. आगे एक खुला ट्रक मंद-मंथर गति से चल रहा था. एक पुरुष, उस हाल में जिसमें वह मां के गर्भ से बाहर आया होगा, उसके बाजू में एक महिला, उतना भर वस्त्र धारण किए हुए जिससे खास अंग आधा-सूधा ढंक जाए, और कोने में बैठे तीन-चार लोग डफली पर फाग गाते हुए - मसाने में होली खेलें दिगंबर मसाने में खेलें होली ! और फाग दुहराता वह दिगंबर पुरुष, साथ की औरत के गाल पर जब-तब अबीर-गुलाल मलता हुआ.

आखिर भूतनाथ देवाधिदेव महादेव की नगरी है काशी !तीन लोक से न्यारी ! आप चकित हो रहे होंगे, पुरुष तो पुरुष, यह औरत इस लीला की सहभागिनी कैस बनी होगी ? स्मरण करा तब दालमंडी गुलजार थी, हर स्तर की वारांगनाओं से. अब दालमंडी की वार वनिताओं को दूर, शहर से बाहर बसा दिया गया है. अब काशी बहुत कुछ बदल गई है.



मुक्ति शाहदेव

## बहका मेरा मन फागुन में

कभी विगत स्मृतियों की जमी बर्फ,
पिघल कर, आंखों से ढली रात भर
और कभी सतरंगी सपनों के रंग से सज कर ,
सवंर- संवर मन बहका मेरा फागुन में.
घर के पीछे से,
आम के झुरमुट तक,
जाने वाली कच्ची, धूल उड़ाती सड़क पर,
शेष नहीं अब तुम्हारे पग चिह्न,
पर सूखे पत्तों पर,
पगध्वनि तुम्हारी,
मुखर हो गई, फागुन में.
सावन-भादो की फुहार और
पूस-माघ की ठिठुरती रातों में,
जाने कितने पल गुजारे मैंने,
तुम्हारी याद में,
पर जैसे पूरा एक युग बीत गया हो,
तुम्हारे बिन फागुन में.
दिन भर फागुनी बयार
और धूप की तपिश ने,
झुलसाया तन मेरा
पर सारी रात,
चांदनी का मन जलाना,
गजब ढा गया फागुन में.



साहित्यकार संगीता टाक कुजारा व सारिका भूषण.



पिछले दिनों साहित्य 24 की ओर से आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में बिम्मी प्रसाद, मीरा सिंह, सोनल थेपड़ा, सुरिन्दर कौर नीलम, खुशबू बरनवाल सीपी, अंशिता सिन्हा, रेणु झा, माधवी उपाध्याय, डॉ राजश्री जयंती, डॉ रजनी शर्मा चंदा, रंगोली सिन्हा, सुनीता अग्रवाल आदि.



डॉ संगीता नाथ

## जोगीरा

नयी अवध में धूम है, छायी नयी उमंग.
होरी खेलेंगे सभी, राम लला के संग.
जोगीरा सा रा रा रा.

अद्भुत होली की छटा, बिखरी है इस बार.
राम लला का है सजा, केशरिया दरबार.
जोगीरा सा रा रा रा.

गोकुल में सब हैं मगन,राधा नंद गोपाल.
गोप- गोपियाँ संग करें,मिल जुल सभी धमाल.
जोगीरा सा रा रा रा.

बहुत सुहानी रुत हुई,घुली हवा में भंग.
ढोल मंजीरे बज रहे,थिरक रहे हैं अंग.
जोगीरा सारा रा रा.

झुलसाती बैरन हवा, लगे जिया में आग.
नहीं सुहाये बिन पिया,चैती हो या फाग.
जोगीरा सा रा रा रा.

होली आयी संग ले, खुशियां अबके साल.
बीती काली रात वो,बीते दुर्गम काल.
जोगीरा सा रा रा रा.
नीली पीली बैंगनी, प्रीत के रंग हजार
आज मनाएं साथ में, रंगों का त्योहार.

जोगीरा सा रा रा रा.

नगरी सारी रंग गई,एक रंग में आज।
सराबोर सब प्रेम में,नफरत का क्या काज.
जोगीरा सा रा रा रा.

रंग बिरंगे सब दिखे,नीले पीले लाल.
कहीं उड़े मन बावरा,उड़ता कहीं गुलाल.
जोगीरा सा रा रा रा.

राह ताकते अनवरत,प्यासे दोनो नैन.
कंत बिना पल भर नहीं,मिले जिया को चैन.
जोगीरा सा रा रा रा.

पी बिन लगते सब यहां,तीखे रंग कटार.
घायल तन मन को करे, रंगों की बौछार.
जोगीरा सा रा रा रा.

पुरवा आयी झूमती,सिहराती है गात.
विरहण की कैसे कटे,काली नागिन रात.
जोगीरा सा रा रा रा

छोटी छोटी बात पर,करते नहीं क्लेश.
मिल जुल प्रीत बढ़ाइये, होली का संदेश.
जोगीरा सा रा रा रा.





कवयित्री रश्मि शर्मा व अन्य.



मीरा श्रीवास्तव

## बिना रंग इस फागुन में

मन में आस उमंग तरंग के
अंकुर फुटे इस फागुन में
बाग बगीचों का क्या कहना
आग लगाई लाल पलाश ने
दहका जंगल भी इस फागुन में
गदराया यौवन देख मंजरियों का
दोहरी हुईं लाज शरम से
डालियां इस फागुन में
कुहु कुहु की टेर लगाती
परदेशी पिय को पाती भेज
कुछ जिदियाई सी है कोयल
न जाने क्यों इस फागुन में
फगुनाहट अलमस्ती में डूबे
गाँव गांव और शहर-शहर
सरसों की ओढ़े पीली चुनरी
ज्यों पीर पिराती पोर पोर से
गदराई जमीन ने ली अंगड़ाई
बिना रंग ही गया रंग मन
न जाने क्यों इस फागुन में
बौराये आमों संग बावरा मन
लगा लगाने गलियों के फेरे
जलतरंग सा मन थर्राया
पगलाई कोयल की सुनकर कूक
रुनझुन रुनझुन पायल की
बजने लगी अनदेखे पांवों में
भीग गया मन भीग गया तन
बिना रंग इस फागुन में !



सदानंद सिंह यादव

## रूत फागुन की

फागुन की बहकी बयार
इस रूत का है क्या कहना
चहुंओर है छायी बहार
धरा ने पहना पीत गहना
फागुन की ...
पतझड़ का था जो मौसम
खिल आई कोंपल कलियां
है धरा ने किया सिंगार
इस रूत का है क्या कहना
फागुन की ...
वन उपवन सब हर्षाए
बहुरंगी छटा लुभाए
शर मदन का हुआ उर पार
इस रूत का है क्या कहना
फागुन की...
होली की मस्ती जब छाये
फर्क देव मनुज का मिटाये
कहीं होली कृष्ण राधे की
कहीं शिव गौरा का प्यार
इस रूत का है क्या कहना
फागुन की...
कहीं सजनी साजन की होली
अंतस है किसी ने भिंगो ली
है विरह मिलन का सिंगार
इस रूत का है क्या कहना
फागुन की ...



डॉ रजनी शर्मा 'चंदा'

## फागुन की बयार

फागुन की बही रे बयरिया
रंग न कोरी कोरी मोरी चुनरिया
ओ मोरे सांवरिया
चूनर मोरी कोरी रहे.

की जो तूने मोहे से बरजोरी
भींजी गर जो चुनरी कोरी
भूल जाउंगी तोहरी डगरिया
ओ मोरे सांवरिया.

कान्हा हाथ कनक पिचकारी
राधा को ढूंढे मदन मुरारी
नयना कारे हुए हैं कटरिया
ओ मोरे सांवरिया.

ब्रज गलियन में इत उत भागूं
अधमुंदी पलकों से झांकू
ढूंढ रंग दे न मोहे गुजरिया
ओ मोरे सांवरिया

थक कर चूर भए नंद लाला
यशोदा मैया के मदन गोपाला
बजाई बंशी की धुन रे बजरिया
ओ रे सांवरिया.

ठुमकत आई राधा रानी
प्रेम मगन भई कृष्ण दिवानी
रंग दो अपने ही रंग में बावरिया
ओ मोरे सांवरिया.

लाल हरा श्यामा ने रंग डारी
भिंगा दियो मोहे अवध बिहारी
मल गुलाल कियो रे सिंदुरिया
ओ मोरे सांवरिया
चूनर मोरी धानी रहे .

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## आईपीएल 2024: आईपीएल के 17वें सीजन में 10 टीमों के बीच खिताब के लिए होगी जंग

# क्रिकेट का महाकुंभ आईपीएल आज से शुरू

- इस बार आईपीएल में दिखेगा नया नियम- 'स्टॉप क्लॉक'
- थर्ड अंपायर को सीधे हॉक-आई कैमरा की तस्वीरें दिखेंगी
- जलवा दिखाने के लिए बेकरार हैं नए खिलाड़ी

**भाषा। चेन्नई**

पिछले दस महीने से आईपीएल के नए सीजन के शुरू होने का इंतजार कर रहे फैंस के लिए वो घड़ी बस आ ही गई. दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग या यूं कहे कि क्रिकेट का महाकुंभ आईपीएल फिर से शुरू होने जा रही है. शुक्रवार 22 मार्च को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम यानी चेपॉक स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टक्कर के साथ आईपीएल 2024 सीजन का आगाज होगा. हर बार की तरह इस सीजन में भी कुछ नए खिलाड़ी अपना जलवा दिखाने के लिए बेकरार होंगे, जबकि एक नया चैंपियन मिलने की उम्मीद भी होगी. इन सबके अलावा एक नया नियम भी इस बार आईपीएल में दिखेगा लेकिन आईसीसी के दो नए नियमों को बीसीसीआई टूर्नामेंट में लागू नहीं कर रही है.

**गेंदबाजों को मिलेगा फायदा :** आईपीएल के 17वें सीजन में दस टीमों के बीच खिताब के लिए जंग होने वाली है. वैसे तो हर सीजन ही खास होता है लेकिन सही मायनों में इस बार का सीजन तेज गेंदबाजों के लिए कुछ ज्यादा खास होने वाला है. इस फॉर्मेट में छोटी-छोटी बाउंड्रियों वाले मैदानों में खूब मार खाने वाले गेंदबाजों की ताकत इस सीजन में बढ़ गई है क्योंकि भारतीय बोर्ड ने एक ओवर में दो बाउंसर की इजाजत दी है. टी20 इंटरनेशनल से लेकर दुनिया के बाकी टी20 टूर्नामेंटों में ओवर में सिर्फ एक ही बाउंसर का नियम है. बीसीसीआई ने घरेलू टी20 टूर्नामेंट, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के पिछले सीजन में पहली बार ये नियम लागू किया था और अब इसे आईपीएल में भी उतारा जा रहा है. वैसे इंटरनेशनल क्रिकेट में टेस्ट और वनडे में ये नियम लागू है. भारतीय बोर्ड ने इसे दुनिया की सबसे मशहूर टी20 लीग में उतारने का फैसला किया है और यहां सफलता मिलने की स्थिति में इसे इंटरनेशनल टी20 में उतारने पर भी जोर दिया जा सकता है.

### सीएसके व आरसीबी आमने-सामने मैच का समय : रात आठ बजे से

**तेजी से आएंगे डीआरएस के फैसले :** इन सबके अलावा बीसीसीआई ने स्मार्ट रिप्ले सिस्टम भी इस बार शुरू किया है, जिसके तहत थर्ड अंपायर और हॉक-आई ऑपरेटर एक ही कमरे में बैठे होंगे और थर्ड अंपायर को सीधे हॉक-आई कैमरा की तस्वीरें दिखेंगी. इससे रिप्ले देखने और फैसला लेने में होने वाली देरी में कमी आएगी और तेज रफ्तार से किसी भी रेफरल या करीबी मामलों में फैसला ज्यादा स्पीड से आ पाएगा.

**लाइव स्ट्रीमिंग :** आईपीएल 2024 के 17वें सीजन की टीवी पर स्ट्रीमिंग स्पोर्ट्स नेटवर्क के सभी चैनल पर होगी. वहीं, लाइव स्ट्रीमिंग के लिए जियो सिनेमा एप का इस्तेमाल किया जा सकता है.



### टीमें

**चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके)**
रूतुराज गायकवाड़ (कप्तान), महेंद्र सिंह धोनी, मोईन अली, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, शिवम दुबे, अजय मंडल, मुकेश चौधरी, अजिंक्य रहाणे, शाइक रशीद, मिचेल सेंटनेर, सिमरजीत सिंह, निशांत सिंधू, प्रशांत सोलंकी, महीष तीक्षणा, रचिन रविंद्र, शार्दुल ठाकुर, डेरिल मिचेल, समीर रिजवी, मुस्ताफिजूर रहमान, अवनीश राव अरावेली .

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी)**
फाफ डुप्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशाख, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीसे टॉपली, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरन ग्रीन, अलजारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्युसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान.

### कहां देखे लाइव मैच

आईपीएल 2024 का सीधा प्रसारण आप 'जीवो सिनेमा' पर जाकर देख सकते है. यह आपके लिए बिलकुल फ्री है इसके लिए आपको किसी भी प्रकार का चार्ज नहीं देना होगा. इसे आप मोबाइल या लैपटॉप पर जाकर देख सकते है. टीवी पर लाइव टेलीकास्ट देखने के लिए आप स्टार स्पोर्ट्स पर जाकर देख सकते है.

### ओपनिंग सेरेमनी में बॉलीवुड सितारे बिखेरेंगे जलवा

सेरेमनी को लेकर आईपीएल की ओर से आधिकारिक तौर पर सेलिब्रिटी की लिस्ट जारी कर दी गई है. इस लिस्ट में अभिनेता अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, सिंगर सोनू निगम और एआर रहमान का नाम शामिल है. इसके अलावा सेरेमनी में स्वीडिश डीजे एक्सवेल भी नजर आएंगे.

### आईसीसी के नियम नहीं मानेगी बीसीसीआई

हालांकि भारतीय बोर्ड उन दो नियमों को लागू नहीं करने वाला, जिन्हें आईसीसी ने हाल ही में इंटरनेशनल क्रिकेट में लागू किया था. इसमें से एक नियम तो बिल्कुल नया है- स्टॉप क्लॉक. यानी दो ओवरों के बीच का समय. टी20 क्रिकेट में टाइम वेस्टिंग को रोकने के लिए आईसीसी ने इसे लागू करने का फैसला किया है, जिसके तहत एक ओवर खत्म होने के बाद अगला ओवर शुरू करने के लिए सिर्फ 60 सेकेंड ही मिलेंगे. ऐसा नहीं होने पर फील्डिंग टीम को सजा मिलती है. वहीं, दूसरा नियम नया नहीं है, बल्कि पुराने नियम में बदलाव है. अभी तक ऐसा होता था कि स्टंपिंग की स्थिति में थर्ड अंपायर कैच की संभावना को भी चेक करता था और फिर स्टंपिंग चेक करता था. लेकिन टीमें इसका गलत इस्तेमाल कर रही थीं, जिसके बाद आईसीसी ने स्टंपिंग की स्थिति में कैच चेक करने पर रोक लगा दी थी. बीसीसीआई इससे सहमत नहीं है और उसने आईपीएल में स्टंपिंग के साथ ही कैच चेक करने का नियम बरकरार रखा है. बीसीसीआई का मानना है कि इससे फील्डिंग टीम का नुकसान होने से बचेगा.

**आईपीएल- 2024 : समीक्षा**

## कई कहानियां हैं जो इस आईपीएल को रोचक बनाने के लिए काफी होंगी

महेंद्र सिंह धोनी के संन्यास को लेकर कभी खत्म नहीं होने वाली अटकलें, 16 साल से खिताब नहीं जीत पाने की विराट कोहली की कसक, जिंदगी से दूसरा मौका पाकर मैदान पर उतर रहे ऋषभ पंत और कप्तानी छिनने का रोहित शर्मा का दर्द. ये सारी कहानियां शुक्रवार से शुरू हो रहे क्रिकेट के महासमर आईपीएल को और रोचक बनाने के लिए काफी होंगी. धोनी से जब पूछा जायेगा कि क्या यह उनका आखिरी टूर्नामेंट है तो शायद एक बार फिर वह मुस्कुराकर रह जायेंगे. उनके वारिस माने जाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज पंत भयावह कार दुर्घटना में जीवनदान पाकर मैदान पर लौट रहे हैं और दुनिया को दिखाना चाहेंगे कि उनकी बाजुओं में अभी भी वही दम है. अपने बिंदास मुंबइया अंदाज के पीछे दर्द छिपाने वाले रोहित वानखेड़े स्टेडियम पर उतरेंगे लेकिन इस बार कप्तान नहीं होंगे. दर्शकों के चहेते रोहित अपने बल्ले से सारे मलाल निकालने को आतुर होंगे. 'किंग कोहली' की नजरें खिताब पर होंगी, जिसके लिए वह 16 साल से इंतजार कर रहे हैं. एक ही टीम के लिए शुरू से खेल रहे आईपीएल के इकलौते खिलाड़ी कोहली का जुनून उनकी टीम के लिये टॉनिक का काम करेगा. पूरी दुनिया को क्रिकेट के रंग में रंगने वाले इस सालाना जलसे में कुछ खिलाड़ी वापसी करेंगे तो कुछ नये सितारे उभरेंगे, कुछ फर्श से अर्श तक की कहानियां निकलेंगे तो कई खिलाड़ी जमींदोज भी हो सकते हैं. एक ओवर में इस खेल में तकदीरें बदल जाया करती हैं. हर मैच के बाद खिलाड़ियों को सोशल मीडिया की बेरहमी भी झेलनी होगी.

### महेंद्र सिंह धौनी ने गायकवाड़ को सौंपी सीएसके की कमान

चेन्नई सुपर किंग्स के प्रशंसकों के 'थाला' महेंद्र सिंह ने इंडियन प्रीमियर लीग के पहले मैच की पूर्व संध्या पर टीम की कप्तानी ऋतुराज गायकवाड़ को सौंप दी, जिससे बतौर खिलाड़ी भी इस सत्र में उनके खेलने को लेकर अटकलें लगनी शुरू हो गई है. आईपीएल ने एक्स पर पोस्ट करके इसकी जानकारी दी. चेन्नई सुपर किंग्स को शुक्रवार को पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर से खेलना है. आईपीएल ने ट्रॉफी के साथ सभी कप्तानों की तस्वीर जारी करते हुए लिखा,'पेश है चेन्नई सुपर किंग्स के नये कप्तान ऋतुराज गायकवाड़.' सीएसके ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान में कहा कि एम एस धोनी ने चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी टाटा आईपीएल 2024 की शुरूआत से पहले ऋतुराज गायकवाड़ को दी. ऋतुराज 2019 से चेन्नई टीम का अहम हिस्सा है और आईपीएल में 52 मैच खेल चुका है. ऐसी अटकलें हैं कि धोनी इस सत्र के बाद संभवतः खेल से विदा लेंगे लिहाजा उनकी मौजूदगी में टीम इस बदलाव की जरूरत महसूस कर रही होगी. भारत के लिये छह वनडे और 19 टी20 मैच खेल चुके ऋतुराज 2020 में सीएसके से जुड़े थे और पांच बार की आईपीएल चैम्पियन टीम के लिये 52 मैच खेल चुके हैं. पिछले साल ऋतुराज ने 16 मैचों में 147 . 50 की स्ट्राइक रेट से 590 रन बनाये थे.

## मात्तेओ को हरा एंडी मियामी ओपन के दूसरे दौर में...




- मात्तेओ बेरेतिनी को 4 .6, 6 .3, 6 .4 से हराया
- दूसरे सेट में उन्हें मेडिकल सहायता भी लेनी पड़ी

**भाषा। मियामी गार्डन्स**

एंडी मर्रे ने एक और मैराथन मुकाबला जीतते हुए इटली के मात्तेओ बेरेतिनी को 4.6, 6.3, 6.4 से हराकर मियामी ओपन के दूसरे दौर में जगह बना ली. इस सत्र में एटीपी टूर पर पहला मैच खेल रहे बेरेतिनी अच्छी शुरूआत के बाद लय कायम नहीं रख सके. दूसरे सेट में उन्हें मेडिकल सहायता भी लेनी पड़ी. दूसरा सेट गंवाने के बाद वह कोर्ट से चले गए लेकिन वापस आकर दो घंटे 49 मिनट तक चला मैच खत्म किया. मर्रे ने आस्ट्रेलियाई ओपन 2023 के पहले दौर में साढे चार घंटे तक चला मुकाबला 6.3, 6.3, 4.6, 6.7, 7.6 से जीता था. हिला वर्ग में दो बार की अमेरिकी ओपन चैम्पियन नाओमी ओसाका ने एलिसाबेट्टा कोसियारेट्टो को 6.3, 6.4 से हराया. अब उनका सामना 15वीं रैंकिंग वाली एलिना स्वितोलिना से होगा. पुरूष वर्ग में डेनिस शापोवालोव ने लूसियानो डारडेरी को 6.3, 6.7, 6.4 से हराया. वहीं मार्टिन डैम जूनियर ने चीन के झांग झिजेन को 7.6, 7.6 से मात दी.

## शुभमन की मदद करने में खुशी होगी: विलियमसन

**भाषा। नयी दिल्ली**



**खास बातें**

- मैं निश्चित तौर पर उन्हें आगे बढ़ने के लिए उत्साहित करूंगा
- अभी यह लंबा सत्र है और हम सभी इससे सीख लेंगे

न्यूजीलैंड के अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन ने कहा है कि उन्हें शुक्रवार से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल की किसी भी तरह से मदद करने में बेहद खुशी होगी. विलियमसन ने पीटीआई से कहा कि वह (गिल) बेहतरीन खिलाड़ी है और उसके पास अच्छा क्रिकेटिया दिमाग है. मैं निश्चित तौर पर उसे इस राह पर आगे बढ़ने और अपने फैसले लेने के लिए उत्साहित करूंगा. इसमें कोई संदेह नहीं कि वह भी ऐसा करने की कोशिश करेगा. हार्दिक पंड्या के मुंबई इंडियंस से जुड़ने के बाद 24 वर्षीय गिल को गुजरात टाइटंस का कप्तान नियुक्त किया गया. आईपीएल में कप्तानी करना उनके लिए नया अनुभव होगा लेकिन विलियमसन ने कहा कि गिल को जब भी उनकी मदद की जरूरत पड़ेगी, वह हमेशा इसके लिए तैयार रहेंगे. विलियमसन ने कहा कि मुझे शुभमन की किसी भी तरह से मदद करने में बहुत खुशी होगी और शुभमन भी इस बात को अच्छी तरह से जानते हैं. गुजरात टाइटंस ने 2022 में आईपीएल का खिताब जीता था जबकि इसके एक साल बाद वह उपविजेता रहा था. विलियमसन का मानना है कि गिल टीम को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त योग्यता रखते हैं.

उन्होंने कहा कि जहां तक टीम और मेरी बात है तो मुझे अपने विचार साझा करना पसंद है. अभी यह लंबा सत्र है और हम सभी इससे सीख लेंगे. शुभमन के लिए यह वास्तव में रोमांचक अवसर है और हम सभी को आगे की चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है.

## पाकिस्तान के पूर्व कप्तान का निधन, 86 के थे सईद अहमद

**भाषा । लाहौर**

पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट कप्तान और अपने समय के धुरंधर बल्लेबाज सईद अहमद का यहां 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया. अहमद ने 41 टेस्ट खेलकर पांच शतक और 16 अर्धशतक समेत 2991 रन बनाए थे. उन्होंने आफ स्पिन गेंदबाजी से 22 विकेट भी लिए थे. उन्होंने 1958 में ब्रिजटाउन में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट के जरिये पदार्पण किया था. उन्होंने आखिरी मैच 1972. 73 के दौरे पर आस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न में खेला था. उनके कैरियर का हालांकि उस दौरे पर विवादित अंत हुआ. पाकिस्तान बोर्ड का मानना था कि सिडनी की हरी भरी पिच पर डेनिस लिली का सामना करने से बचने के लिए उन्होंने कमर की चोट का झूठा बहाना बनाया. अहमद को अनुशासन कारणों से दौरे से बुला लिया गया और फिर पाकिस्तान के लिए कभी उनका चयन नहीं हुआ. सईद के सौतेले भाई युनूस अहमद ने भी पाकिस्तान के लिए चार टेस्ट खेले थे.

## एलएसजी के खिलाड़ियों ने किये रामलला के दर्शन, की पूजा-अर्चना

- 24 को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जयपुर में पहला मैच खेलेगी एलएसजी

**भाषा । लखनऊ**

दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज, भारत के रवि बिश्नोई और दीपक हुड्डा समेत लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाड़ियों ने इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सत्र से पहले गुरुवार को अयोध्या में रामलला के दर्शन किए. एलएसजी को आईपीएल में 24 मार्च को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जयपुर में पहला मैच खेलना है. लखनऊ सुपर जायंट्स द्वारा जारी बयान के मुताबिक कोच जस्टिन लैंगर व जोंटी रोड्स के साथ टीम के सहायक कोच एस श्रीराम, खिलाड़ी यश ठाकुर, प्रेरक मांकड़, मयंक यादव, रवि बिश्नोई, दीपक हुड्डा भी अयोध्या गए थे. दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर और दक्षिण अफ्रीका20 लीग में लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम डरबन सुपर जायंट्स के कप्तान केशव महाराज भी साथ थे, जो भगवान राम के अनन्य भक्त हैं.

**अच्छी पहल** सेना की यह पहल न केवल युवा महिला एथलीट को सशक्त बनाएगी

## 'एजीएससी' एथलीटों को सशक्त बनाएगी: अधिकारी

**भाषा। नयी दिल्ली**



**बनेंगी सशक्त**

- उत्कृष्टता हासिल करने का अवसर प्राप्त होगा
- अप्रैल से एजीएससी पूरी तरह सुचारू रूप से चलेंगे

भारतीय सेना की आर्मी गर्ल्स स्पोर्ट्स कंपनी पहल युवा महिला एथलीटों को सशक्त बनाएगी और खेलों में लैंगिक समानता और समावेशिता को बढ़ावा देगी. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. सेना ने देश भर की युवा लड़कियों को निशानेबाजी, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, मुक्केबाजी और भारोत्तोलन में प्रशिक्षित करने के लिए दो आर्मी गर्ल्स स्पोर्ट्स कंपनी (एजीएससी) स्थापित करने का फैसला लिया है.

सेना ने बुधवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया था कि एजीएससी के लिए इंडक्शन रैली के उद्घाटन दिवस पर देश भर से भारी संख्या में लड़कियां शामिल हुईं. अधिकारियों ने कहा कि चयनित लड़कियों को अपनी क्षमता दिखाने और देश का नाम रोशन करने के लिए 'राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर प्रतिस्पर्धा' करने के लिए कठोर प्रशिक्षण लेना होगा. सेना ने पोस्ट में लिखा कि अग्निवीर के लिए नामांकन करने वाली लड़कियां सीधे प्रवेश वाले गैर-कमीशन अधिकारी और जूनियर कमीशन अधिकारी के पद पर भर्ती के लिए पात्र होंगी. इसमें कहा गया कि सेना की यह पहल न केवल युवा महिला एथलीट को सशक्त बनाएगी बल्कि खेलों में लैंगिक समानता और समावेशिता के प्रति सेना की प्रतिबद्धता को भी दर्शाएगी. एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि सेना की पहल एजीएससी से उचित आयु की लड़कियों के बीच खेल को बढ़ावा और उन्हें अपने चुने हुए क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने का अवसर प्राप्त होगा. एक वरिष्ठ अधिकारी ने आठ मार्च को कहा कि अप्रैल 2024 से एजीएससी पूरी तरह सुचारू रूप से चलेंगे. यह विकास अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के साथ हुआ था.

## हंड्रेड के ड्राफ्ट में स्मृति मंधाना व रिचा घोष

- 'मंधाना' ब्रेव के ड्रेसिंग रूम का हिस्सा रह चुकी है
- रिचा भी फीनिक्स के लिये दूसरी बार खेलेंगी

**भाषा। लंदन**



महिला प्रीमियर लीग विजेता कप्तान स्मृति मंधाना और विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष ही वे भारतीय क्रिकेटर हैं जिन्हें 'द हंड्रेड' के ड्राफ्ट में चुना गया है. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को डब्ल्यूपीएल खिताब दिलाने वाली मंधाना को सदर्न ब्रेव वुमेंस ने चुना जबकि रिचा को बर्मिंघम फीनिक्स वुमेंस ने चुना है. मंधाना ने डब्ल्यूपीएल में 10 मैचों में 300 रन बनाये, जबकि रिचा ने दस मैचों में 142 के स्ट्राइक रेट से 257 रन जोड़े. मंधाना ब्रेव के ड्रेसिंग रूम का हिस्सा रह चुकी है और कोच ल्यूक विलियम्स के साथ डब्ल्यूपीएल में आरसीबी के लिये खेलने से पहले यहां खेल चुकी है. रिचा भी फीनिक्स के लिये दूसरी बार खेलेंगी. हरमनप्रीत कौर, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रौड्रिग्स और श्रेयांका पाटिल समेत 17 भारतीय खिलाड़ियों ने ड्राफ्ट के लिये रजिस्टर किया था लेकिन उन्हें किसी ने नहीं चुना. वैसे अभी भी उनके पास मौका है क्योंकि 'वाइटलिटी वाइल्ड कार्ड' के जरिये टीमें एक और विदेशी खिलाड़ी चुन सकती हैं.

